www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, शनिवार, 8 अगस्त 2026 | कृष्ण पक्ष-दशमी, | विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 180 | पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

छत्तीसगढ़ में रेलवे विस्तार को मिली रफ्तार, बजट आवंटन 24 गुना बढ़कर 7,470 करोड़ रुपये

■ 36 परियोजनाओं पर चल रहा काम, 2009-14 में सिर्फ 311 करोड़ था बजट आवंटन

नई दिल्ली/रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में रेलवे के बुनियादी ढांचे और रेल नेटवर्क के विस्तार को पिछले एक दशक में बड़ी गति मिली है। रेल मंत्रालय के अनुसार, राज्य में रेलवे से जुड़ी आधारभूत संरचना और सुरक्षा परियोजनाओं के लिए वार्षिक बजट आवंटन प्री-2014 स्तर की तुलना में 24 गुना बढ़ गया है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए छत्तीसगढ़ को रेलवे परियोजनाओं के लिए 7,470 करोड़ का बजट आवंटित किया गया है, जबकि वर्ष 2009-14 के दौरान औसत वार्षिक आवंटन केवल 311 करोड़ था।

राज्यसभा में पूछे गए एक सवाल के जवाब में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने छत्तीसगढ़ में चल रहे रेल विकास कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि रेलवे विस्तार ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दूरस्थ क्षेत्रों तक रेल

छत्तीसगढ़ के ऐसे क्षेत्रों को रेल नेटवर्क से जोड़ने के लिए भी प्रयास तेज किए गए हैं, जिसमें अंबिकापुर-रामानुजगंज-गढ़वा रोड/बरवाडीह: 262 किमी, सरडेगा-पत्थलगांव-अंबिकापुर: 218 किमी, धरमजयगढ़-पत्थलगांव-लोहरदगा: 292 किमी है। इसके अलावा आदिवासी और खनिज क्षेत्रों को जोड़ने वाले कई महत्वपूर्ण रेल मार्गों का फील्ड सर्वे भी जारी है। इनमें गढ़चिरौली-बीजापुर-बचेली (490 किमी), कोठागुडेम-किरंदुल (180 किमी) और धमतरी-बांसकोट-अमरावती-कोंडागांव (183 किमी) शामिल हैं।

2,398 किलोमीटर की 36 परियोजनाएं सक्रिय

1 अप्रैल 2026 तक छत्तीसगढ़ में कुल 36 रेल परियोजनाएं सक्रिय हैं। इनमें 8 नई रेल लाइन और 28 दोहरीकरण परियोजनाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं की कुल लंबाई 2,398 किलोमीटर है और इनके लिए कुल ?48,202 करोड़ की लागत स्वीकृत की गई है। इनमें से 1,151 किलोमीटर रेल लाइन का काम पूरा कर कमीशन किया जा चुका है।

वन मंजूरी और भूमि अधिग्रहण जैसी चुनौतियां

रेल मंत्रालय के अनुसार, रेल परियोजनाओं को मंजूरी देने और उन्हें जमीन पर उतारने की प्रक्रिया में वन मंजूरी, भूमि अधिग्रहण, उपयोगिताओं के स्थानांतरण और भौगोलिक एवं भूगर्भीय परिस्थितियों जैसे कई महत्वपूर्ण पहलुओं को ध्यान में रखना पड़ता है। मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय रेलवे परिचालन संबंधी बाधाओं को व्यवस्थित तरीके से दूर करने और छत्तीसगढ़ के लोगों को आधुनिक एवं विश्वस्तरीय रेल बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रमुख पूरी हुई योजनाएं

- ■ दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेल लाइन (95 किमी)
- ■ चांपा-झारसुगुड़ा तीसरी लाइन (152 किमी)
- ■ रायपुर-टिटलागढ़ दोहरीकरण (203 किमी)
- ■ खरसिया-कोरिछापार नई रेल लाइन (43 किमी)

प्रमुख निर्माणाधीन योजनाएं

- ■ खरसिया-परमलकसा नई डबल लाइन (278 किमी)
- ■ गेवरा रोड-पेंड्रा रोड नई रेल लाइन (135 किमी)
- ■ रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (140 किमी)
- ■ खरसिया-धरमजयगढ़ नई रेल लाइन (122 किमी)

नई रेल पटरियों के निर्माण में 17 गुना तेजी

छत्तीसगढ़ में नई रेल लाइन के निर्माण और कमीशनिंग की गति में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। वर्ष 2009-14 के दौरान जहां औसतन 6.4 किलोमीटर प्रति वर्ष नई रेल लाइन शुरू की जा रही थी, वहीं वर्ष 2014 से 2026 के बीच यह औसत बढ़कर 109.29 किलोमीटर प्रति वर्ष हो गया।

आज बेबाक

चंदा चोरी मामले को पतवार बनाकर टोटी भैया ने अपनी पंचर सायकल को चुनावी वैतरणी पार कराने का जो हसीन सपना देखा था उस पर पप्पू पगलेट ने पलीता लगा दिया। संसद परिसर में साधु के वेश में चंदा चोर बनकर जो तमाशा किया उससे संत समाज में समाजवादी पार्टी के प्रति नाराजगी से अखिलेश यादव को लेने के देने पड़ने का डर सता रहा है। डेमेज कंट्रोल के लिए उन्होंने पीडीए की नई परिभाषा गढ़ दी है। अब वे पीडीए में पी का मतलब पंडित बता रहे हैं। कल को ए का मतलब अगड़ा बताएं तो ताज्जुब नहीं होगा।

खुलासा: एक्सपर्ट्स पेपर तैयार करते समय सवाल याद कर लेते और पर्चियों में लिखकर बिचौलियों को देते थे

नीट पेपर लीक साजिश महीनों पहले हुई, सीबीआई की चार्जशीट में दावा

नई दिल्ली/ए.। नीट-यूजी 2026 पेपर लीक की साजिश परीक्षा से कई महीने पहले रची गई थी। एनटीए के एक्सपर्ट्स ने पेपर तैयार करने के दौरान ही सवाल याद कर लिए थे। सीबीआई ने दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में दाखिल 94 पेज की चार्जशीट में यह दावा किया है।

चार्जशीट 28 जुलाई को दाखिल की गई थी। इसकी जानकारी शुक्रवार को सामने आई। इसके मुताबिक, एक्सपर्ट्स एनटीए ऑफिस से होटल लौटकर याद किए गए सवाल पर्चियों पर लिखते थे। इसके बाद इन्हें बिचौलियों और कोचिंग नेटवर्क के जरिए छात्रों तक पहुंचाया जाता था।

एनटीए की टॉप अथॉरिटी ने सीबीआई की पूछताछ में कई खुलासे हुए थे। एनटीए में सालों से जो लोग काम कर रहे थे, उन्होंने ही पेपर लीक कर दिए। लीक किस-किस ने किया, कैसे किया ये जांच के बाद पता चल जाएगा। लेकिन ऐसा लग रहा है कि सवाल ■ शेष पृष्ठ 8 पर

- ■ नीट पेपर लीक का कई राज्यों तक फैला था जाल
- ■ एनटीए के 3 एक्सपर्ट्स भी पेपर लीक में शामिल
- ■ चार्जशीट में सीबीआई ने बताई एनटीए के अंदर की साजिश

बिचौलियों व कोचिंग संचालकों के जरिए पीपर लीक

सीबीआई के अनुसार, सवाल वॉट्सएप चैट, टेलीग्राम मैसेज, पीडीएफ और फोटो के जरिए छात्रों को भेजे जाते थे। कुछ प्राइवेट कोचिंग में छात्रों से लीक सवाल हाथ से लिखवाए गए और परीक्षा की तैयारी कराई गई। एजेंसी के मुताबिक, यह तरीका डिजिटल सबूत छोड़ने से बचने के लिए अपनाया गया था। तलाशी के दौरान सीबीआई को ऐसी कई हाथ से लिखी कॉपियां मिली हैं।

साजिश: महीनों पहले नेटवर्क खड़ा किया गया

सीबीआई की चार्जशीट के मुताबिक, नीट पेपर लीक किसी एक व्यक्ति की साजिश नहीं थी, बल्कि एनटीए एक्सपर्ट्स, प्राइवेट कोचिंग संचालकों, बिचौलियों और कुछ छात्रों की मिलीभगत से पूरा नेटवर्क तैयार किया गया था। एजेंसी के अनुसार, परीक्षा से कई महीने पहले ही कोचिंग संचालकों और बिचौलियों ने एनटीए के तीनों एक्सपर्ट्स से संपर्क साध लिया था। इनके बीच लगातार बातचीत, मुलाकातें और पैसों का लेन-देन हुआ, जिसके जरिए पेपर लीक की पूरी साजिश रची गई।

सीबीआई ने 13 आरोपियों के बैंक खाते-लॉकर फ्रीज किए

सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात, सबूत मिटाने, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 के तहत मामला दर्ज किया है। केंद्रीय एजेंसी ने आरोपियों के बैंक खाते, बैंक लॉकर और एक डीमैट अकाउंट भी फ्रीज किए हैं।

आजीवन कारावास की हो सकती है सजा

- ■ सीबीआई ने तीनों एनटीए एक्सपर्ट्स पर लोक सेवक के तौर पर भरोसा तोड़ने, पेपर लीक और भ्रष्टाचार समेत कई गंभीर आरोप लगाए हैं।
- ■ इनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 के तहत मामला दर्ज किया गया है।
- ■ बीएनएस की धारा 316(5) के तहत दोषी साबित होने पर आजीवन कारावास या 10 साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है।
- ■ लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 2024 की धारा 11 के तहत दोष सिद्ध होने पर 7 से 10 साल की जेल और कम से कम 10 करोड़ रुपए जुर्माने का प्रावधान है।

9वीं के छात्र ने की 8 लोगों की हत्या, पहले दादा-दादी को मारा

■ स्कूल में फायरिंग, बाद में कर ली आत्महत्या

बैंकॉक(ए.)। थाईलैंड के एक स्कूल में शुक्रवार को 9वीं के छात्र ने फायरिंग कर दी। इसमें 3 शिक्षक और 3 छात्रों समेत 6 की मौत हो गई, जबकि 15 लोग घायल हैं। छात्र ने खुद को भी गोली मार ली और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, घटना राजधानी बैंकॉक के पास डेबसिरिन नोंथाबुरी स्कूल की है। स्कूल पहुंचने से पहले ही छात्र ने घर में ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आरोपी छात्र वीडियो गेम खेलने का शौकीन था

आरोपी छात्र को लेकर नया खुलासा हुआ है। उप-गृह मंत्री पोलापी सुवानचावी ने बताया कि पुलिस जांच में पता चला है कि छात्र वीडियो गेम खेलने का शौकीन था। हालांकि, अधिकारियों ने अभी तक गेमिंग और हमले के बीच कोई सीधा संबंध नहीं बताया है।

हूती विद्रोहियों के हमले में 58 सैनिकों की मौत, 11 घायल

■ हूती विद्रोहियों का यमन-सऊदी अरब पर हमला, कई जगह लगी आग

सऊदी अरब/ए.। ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने गुरुवार को सऊदी अरब और यमन में एक साथ बड़े हमले किए। पहला हमला यमन सरकार के मिलिट्री ठिकानों पर बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन से हुआ, जिसमें 58 सैनिकों की मौत हुई और दर्जनों घायल हो गए।

यमन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सही समय और सही जगह पर जवाब दिया जाएगा। वहीं दूसरा हमला सऊदी के नजरान में हुआ, जिसमें 11 नागरिक घायल हुए। इनमें 7 सऊदी, एक यमनी, दो मिस्री, एक पाकिस्तानी नागरिक है। वहीं, एक 4 साल का एक बच्चा भी घायल हुआ है। हमलों के बाद नजरान के कई हिस्सों में आग लग गई।

40 साल बाद बोफोर्स केस बंद, सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज

नई दिल्ली/ए.। करीब 40 साल पुराने बोफोर्स घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को आखिरी याचिका भी खारिज कर दी। इसके साथ ही अब यह मामला पूरी तरह खत्म हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब इस केस में आगे सुनवाई की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने 2005 के दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली अपील भी सुनने से मना कर दिया, जिसमें हिंदुजा ब्रदर्स और बोफोर्स कंपनी को बरी कर दिया गया था। इस केस की जांच पर करीब 250 करोड़ रुपए खर्च हुए, लेकिन इतने पैसे खर्च करने के बाद भी सीबीआई मजबूत सबूत नहीं जुटा पाई।

गरमा-गरम

ई-20 कार-स्कूटर खराब कर रहा, पूरी दाल ही काली: राहुल

■ नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कार की टंकी खोली, ई-20 पेट्रोल पर सवाल उठाए

नई दिल्ली/ए.। राहुल गांधी ने शुक्रवार को एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर ई20-पेट्रोल पर सवाल उठाए। राहुल ने करीब 53 सेकेंड का वीडियो जारी किया।

वीडियो में राहुल कार की पेट्रोल टंकी खोलते नजर आए। ढक्कर उठाकर अंदर झांका और कहा कि नॉर्मली हम कहते हैं कि दाल में काला है लेकिन यहां पूरी दाल ही काली है। इस समय देश में करप्शन की लाइन लगी है। उनमें से एक श्च20 ईंधन का मामला है। इसके चलते लोगों की कार और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कुछ लोग ई-20 पर बेवजह विवाद पैदा कर रहे

राहुल के मीडिया पोस्ट से पहले केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शुक्रवार को दिल्ली में कहा कि भारत का बायोफ्यूल ब्लेंडिंग प्रोग्राम बहुत अच्छा काम कर रहा है। नतीजे काफी बेहतर रहे हैं। कुछ लोग ई-20 को लेकर बेवजह विवाद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। उधर केंद्र सरकार ने कहा है कि पेट्रोल में मिलाया जाने वाला एथेनॉल पूरी तरह घरेलू स्रोतों से लिया जा रहा है।

पूर्व सीएम को सुको से राहत नहीं याचिका खारिज करने से इनकार

■ ट्रायल में सभी कानूनी और तथ्यात्मक आपत्तियां उठाने की स्वतंत्रता: कोर्ट

नई दिल्ली/ए.। सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने 2023 छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में अपनी जीत को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका को प्रारंभिक चरण में ही खारिज करने की मांग की थी। हालांकि, कोर्ट ने उन्हें ट्रायल के दौरान हाईकोर्ट के समक्ष अपनी सभी कानूनी और तथ्यात्मक आपत्तियां उठाने की स्वतंत्रता दी है।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहन की खंडपीठ ने यह आदेश भाजपा नेता विजय बघेल द्वारा दायर चुनाव याचिका के संबंध में सुनाया। याचिका में आरोप है कि भूपेश बघेल ने मतदान से 48 घंटे पहले लागू 'साइलेंस पीरियड' के दौरान रोड शो किया, जो जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 126 का उल्लंघन है।

भूपेश बघेल की ओर से सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने दलील दी कि धारा 126 का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम मोदी की बागी सांसदों से मुलाकात

■ घर पर टीएमसी और उद्धव गुट के 45 सांसदों के साथ मीटिंग, कहा- उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं, हम साथ हैं

नई दिल्ली/ए.। संसद के मानसून सत्र में जारी हंगामे के बीच पीएम मोदी ने एनडीए के नए लोकसभा सांसदों के साथ शुक्रवार को ब्रेकफास्ट मीटिंग की। यह बैठक पीएम आवास में हुई। इसमें करीब 45 सांसद शामिल हुए। जिनमें टीएमसी और उद्धव गुट के बागी सांसद भी थे।

ममता की पार्टी टीएमसी का साथ छोड़कर 20 बागी सांसद नेशनल सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया (एनसीपीआई) में शामिल हो गए थे। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पंजाब में दोबारा अकाली-भाजपा गठजोड़ के संकेत

चंडीगढ़/ए.। शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल शुक्रवार सुबह दिल्ली पहुंचे और पार्लियामेंट हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिले। दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद अकाली दल और भाजपा गठबंधन की चर्चा होने लगी है। पंजाब विधानसभा चुनाव में तकरीबन चार-पांच महीने का टाइम बचा है। माना जा रहा है कि दोनों दलों के शीर्ष नेताओं की मुलाकात के बाद अब गठबंधन फाइनल हो सकता है। बता दें कि पंजाब में अकाली दल और भाजपा का गठबंधन वर्ष 1996 में हुआ और तकरीबन 25 साल चला। ये पंजाब की सियासत के सबसे सफल सियासी गठजोड़ों में से एक रहा है।

छत्तीसगढ़िया कोसा की चमक अब वैश्विक बाजार तक : बुनकरों को 10.90 करोड़ रुपये की मदद

सीएम ने लॉन्च किया प्रीमियम हैंडलूम ब्रांड 'कोशल फैब'

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित प्रदेश स्तरीय बुनकर सम्मेलन एवं स्वदेशी प्रदर्शनी में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा संघ के नए प्रीमियम हैंडलूम ब्रांड 'कोशल फैब' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने बुनकरों एवं शिल्पकारों को 10.90 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता और पुरस्कार राशि प्रदान की।

नया प्रीमियम ब्रांड: 'लूम टू लग्जरी' ■ शेष पृष्ठ 8 पर

'लोकल टू ग्लोबल' की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ का कोसा, बस्तर की बुनाई और पारंपरिक हथकरघा उत्पाद देश-दुनिया में अपनी विशिष्ट पहचान बना रहे हैं। राज्य सरकार का मुख्य लक्ष्य हथकरघा उत्पादों को 'लोकल टू ग्लोबल' की नई पहचान दिलाना है। इसके लिए आधुनिक डिजाइन, कौशल उन्नयन, ब्रांडिंग और नए बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नवा रायपुर में प्रदेश की पहली गारमेंट इकाई की स्थापना से हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट) की स्थापना से डिजाइन एवं टेक्सटाइल क्षेत्र में नए अवसर खुलेंगे।

बस्तर की आत्मसमर्पित महिलाओं का ऐतिहासिक रैंप वॉक

कार्यक्रम का सबसे प्रेरक और भावनात्मक क्षण वह रहा, जब बस्तर की आत्मसमर्पित नक्सली महिलाओं ने स्वदेशी फैशन शो में आत्मविश्वास के साथ रैंप वॉक किया। छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कोसा सिल्क एवं हैंडलूम परिधानों में उनकी यह प्रस्तुति मुख्यधारा से जुड़कर आत्मनिर्भर जीवन की ओर बढ़ती महिलाओं के सम्मानजनक पुनर्वास और बदलते बस्तर की सकारात्मक तस्वीर को बयां कर रही थी।

एमबीबीएस-बीडीएस एडमिशन के लिए आवेदन कल से

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के सरकारी और निजी मेडिकल तथा डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस की सीटों पर दाखिले के लिए पहले चरण की ऑनलाइन काउंसिलिंग शुरू होने जा रही है। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय (डीएमई) ने इसके लिए आवेदन कार्यक्रम जारी कर दिया है। ऑनलाइन आवेदन 9 अगस्त सुबह 11 बजे से शुरू होंगे और 16 अगस्त रात 11:59 बजे तक किए जा सकेंगे। वहीं, कॉलेज और कोर्स चुनने (चॉइस फिलिंग) और उसे लॉक करने की प्रक्रिया 9 अगस्त से 17 अगस्त रात 11:59 बजे तक चलेगी।

छत्तीसगढ़ के डीजीपी गौतम पर सुप्रीम कोर्ट की तीखी टिप्पणी

■ कस्टोडियल डेथ मामला में कोर्ट ने कहा- डीजीपी पूरी तरह अयोग्य

नई दिल्ली/ए.। कस्टडी में हुई एक व्यक्ति की मौत के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ पुलिस की कार्यप्रणाली पर कड़ी नाराजगी जताई है। अदालत ने मामले में कार्रवाई में हुई देरी और जांच के तरीके पर सवाल उठाते हुए राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अरुण देव गौतम को 'पूरी तरह अयोग्य' तक करार दिया।

यह टिप्पणी जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने उस याचिका पर सुनवाई के दौरान की, जिसे मृतक श्रवण सूर्यवंशी की पत्नी और दो बेटियों ने दायर किया है। परिवार का आरोप है कि पुलिस हिरासत में प्रताड़ना के कारण उनके पति और पिता की मौत हुई थी।

मामला जनवरी 2024 का है। 18 जनवरी 2024 को बिलासपुर ■ शेष पृष्ठ 8 पर

सजग विद्यार्थी ही सुरक्षित समाज की नींव: देमार स्कूल में धमतरी पुलिस का जागरुकता अभियान

धमतरी/नवप्रदेश । जिले में नशामुक्त समाज और सुरक्षित यातायात के उद्देश्य से धमतरी पुलिस लगातार जनजागरूकता अभियान चला रही है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना पांडेय के निर्देशन में यातायात पुलिस ने ग्राम देमार स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नशामुक्ति, यातायात सुरक्षा, राहवीर (गुड सेमेरिटन) योजना तथा साइबर अपराध से बचाव विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों, सड़क सुरक्षा नियमों, साइबर अपराधों से बचाव के उपायों तथा सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति की समय पर सहायता करने के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे स्वयं जागरूक नागरिक बनें और अपने परिवार व समाज में भी नशामुक्ति, सुरक्षित यातायात तथा साइबर सुरक्षा का संदेश पहुंचाएं।

नशे से दूर रहने की दी सीख

जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आर्थिक नुकसान के बारे में बताया गया। पुलिस ने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

यातायात नियमों का पालन करने की अपील

विद्यार्थियों को हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग का महत्व, तेज गति से वाहन चलाने के खतरे, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने तथा नाबालिगों को वाहन नहीं देने जैसी महत्वपूर्ण यातायात संबंधी जानकारियां दी गईं। पुलिस ने विद्यार्थियों से कहा कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने अभिभावकों व परिचितों को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करें।

राहवीर योजना की दी जानकारी

कार्यक्रम में राहवीर (गुड सेमेरिटन) योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने में आम नागरिक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यार्थियों को दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया गया।

साइबर ठगी से बचने के बताए उपाय

पुलिस ने विद्यार्थियों को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, बैंकिंग धोखाधड़ी, सोशल मीडिया पर अज्ञात लोगों से संपर्क, फर्जी कॉल और अन्य साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में जानकारी दी। साथ ही समझाया कि ओटीपी, पिन, पासवर्ड और बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी भी अनजान व्यक्ति से साझा न करें तथा किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

बड़ी संख्या में शिक्षक और विद्यार्थी रहे मौजूद

कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देमार के प्राचार्य देवनाथ साहू, यातायात प्रभारी उपनिरीक्षक खेमराज साहू, आरक्षक राजीव साहू सहित यातायात स्टाफ, विद्यालय के व्याख्याता द्वारिका राम साहू, बी.आर. साहू, सीमा देवांगन, दीप्ति शुद्ध सोनी, भागवत सिन्हा, जीवन लाल साहू, संतराम देवांगन, हरप्रीत कौर छाबड़ा, ज्योति साहू, कमल कुमार गंधर्व, नीलम गौतम, ग्रंथालय प्रभारी डोमन लाल साहू, पीटीआई प्रखर श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक डी.आर. मंडावी, धनसिंह नेताम, करुणा नायर, कार्यालय प्रभारी एम.आर. साहू, एम.के. साहू, व्यवसायिक शिक्षिका गंगोत्री साहू, दीप शिक्षा तिवारी, भृत्य जुगल किशोर साहू, भुवनेश्वर कुंजाम, डेमन यादव तथा विद्यालय के बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

संक्षिप्त खबरें

तीन वर्ष से लंबित प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 की राशि होगी जारी

धमतरी / नवपप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के हितग्राहियों के लिए बड़ी राहत की खबर है। योजना के प्रथम चरण (पीएम आवास 1.0) के अंतर्गत लगभग तीन वर्षों से लंबित करीब 40 लाख रुपये की राशि तथा वर्तमान में निर्माणाधीन आवासों के लिए 1.00 करोड़ रुपये की किस्त का भुगतान शुक्रवार को जारी किया जाएगा। इससे लंबे समय से भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हितग्राहियों के साथ-साथ निर्माण कार्य कर रहे लाभार्थियों को भी राहत मिलेगी। महापौर रामू रोहरा ने बताया कि नगर निगम द्वारा लगातार शासन और विभागीय अधिकारियों के समक्ष लंबित भुगतान का मामला उठाया जाता रहा। हितग्राहियों को समय पर राशि उपलब्ध कराने के लिए लगातार पत्राचार एवं समन्वय किया गया, जिसके परिणामस्वरूप अब बकाया राशि जारी होने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि यह राशि जारी होने से आवास निर्माण कार्यों में तेजी आएगी और जिन हितग्राहियों का निर्माण कार्य भुगतान के अभाव में प्रभावित हो रहा था, उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

जिला अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर कांग्रेस का सीएमएचओ कार्यालय घेराव

धमतरी / नवप्रदेश। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर के अध्यक्षद्वय योगेश शर्मा एवं गौतम वाधवानी के नेतृत्व में गुरुवार को जिला एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय का घेराव कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। गौतम वाधवानी एवं योगेश शर्मा ने बताया कि विगत कई समय से लगातार मरीजों की शिकायतें मिल रही थीं कि जिला अस्पताल में उपचार के लिए विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। इसी के मद्देनजर कांग्रेस नेताओं द्वारा जिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया, जिसमें कई गंभीर खामियां सामने आईं। ज्ञापन में बताया गया कि जिला अस्पताल में स्वीकृत 22 विशेषज्ञ चिकित्सकों के स्थान पर वर्तमान में केवल 7 विशेषज्ञ चिकित्सक ही पदस्थ हैं। नाक-कान-गला विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ, सर्जन, स्किन विशेषज्ञ, मनोरोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ सहित अनेक विशेषज्ञ चिकित्सकों की कमी के कारण मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है, जिससे उन पर आर्थिक एवं मानसिक दबाव बढ़ रहा है। कांग्रेस ने शीघ्र विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती की मांग की।

इस अवसर पर विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन लालवानी, पूर्व जिला अध्यक्ष शरद लोहाना, पूर्व दुग्ध महासंघ अध्यक्ष विपिन साहू, जिला पंचायत सदस्य कविता बाबर, पूर्व पीसीसी सचिव आनंद पवार, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष सलीम रोकड़िया, वसीम कुरैशी, नरेश जसूजा, योगेश लाल, नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर, अविनाश मारोठे, आशुतोष खरे, अंबर चंद्राकर, मनीषा साहू, सुनीता साहू, आकाश गोलछा, राजेश पांडे, कन्हैया सोनी, विशु देवांगन, सन्नी देवांगन, खिलेंद्र ध्रुव, धर्मेंद्र पटेल, अनूप नेताम, गीतराम सिन्हा, योगेश्वर साहू, चितेन्द्र साहू, पारसमणी साहू, वीणा देवांगन, फ्लिम साहू, सुमन मेश्राम, समीना अंजुम, शास्त्री सोनवानी, गुड्डा दीवान, अजय सिन्हा, वातांजलि गोस्वामी, लुकेश्वरी साहू, सलाम खान, सलीम भाटी, चंदन रजक, पवन वाधवानी, अजय डहरिया, देवेंद्र देवांगन, जय गिदवानी, गुरुगोपाल गोस्वामी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जनपद पंचायत नगरी में विकास कार्यों की समीक्षा

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकास खंड के जनपद पंचायत नगरी द्वारा गुरुवार को हल्बा शक्ति सदन में विकासखंड की सभी 102 ग्राम पंचायतों के सरपंचों एवं सचिवों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक एवं एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) एन.के. मांझी (नारद मांझी) ने की। बैठक में शासन द्वारा संचालित विभिन्न ग्रामीण विकास योजनाओं, पंचायत स्तर पर चल रहे विकास कार्यों तथा उनके प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा की गई। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं के बेहतर संचालन एवं जनहित में कार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।बैठक के दौरान सीईओ मांझी ने पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतें ग्रामीण विकास की आधारशिला हैं और शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं जवाबदेही के साथ पहुंचाना प्रत्येक जनप्रतिनिधि एवं पंचायत कर्मी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

विश्व स्तनपान सप्ताह पर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

धमतरी/ नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग, शहरी धमतरी द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर विंध्यवासिनी वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में जागरूकता एवं जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं एवं महिलाओं को शिशु के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना तथा नवजात शिशुओं के बेहतर स्वास्थ्य एवं पोषण को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम धमतरी के महापौर श्री जगदीश 'रामू' रोहरा उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मां का दूध शिशु के लिए सर्वोत्तम एवं संपूर्ण आहार है। जन्म के तुरंत बाद शिशु को स्तनपान कराने से उसकी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। इस अवसर पर सभापति कौशिल्या देवांगन,एमआईसी सदस्य विभा चंद्राकर, पार्षद नम्रता माला पवार, अनीता अग्रवाल, संतोष सोनकर, अज्जू देशलहरे, संजय देवांगन सहित महिला एवं बाल विकास विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।

विशेष बच्चों की हस्तनिर्मित राखियों की प्रदर्शनी एवं विक्रय शीघ्र, सहयोग के लिए नागरिकों से अपील

स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते सार्थक के विशेष बच्चे

धमतरी/ नवप्रदेश। सार्थक स्कूल धमतरी में विशेष बच्चों को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भरता से जोड़ने के उद्देश्य से निरंतर व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में विद्यालय में बच्चों को पारंपरिक एवं आकर्षक हस्तनिर्मित राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने धागों, मोतियों, ब्रोच, वीरा, फ्लावर, कार्टून एवं अन्य सजावटी सामग्रियों का उपयोग करते हुए सुंदर एवं आकर्षक राखियां तैयार कीं।

सार्थक स्कूल की अध्यक्ष डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि, संस्था का उद्देश्य विशेष बच्चों को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुरूप व्यावसायिक प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भर बनाना है। बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय से प्राप्त राशि का उपयोग उनके प्रशिक्षण, आवश्यक शिक्षण सामग्री तथा अन्य कल्याणकारी गतिविधियों में किया जाता है। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ता है और वे सम्मानपूर्वक स्वावलंबन की ओर अग्रसर होते हैं।

प्रशिक्षक मैथिली गोड़े, देविका दीवान, कौशल्या यादव एवं काजल रजक ने बच्चों को अत्यंत सरल एवं रोचक तरीके से पारंपरिक राखियां बनाना सिखाया। उन्होंने बताया कि बच्चे पूरे उत्साह, लगन और रचनात्मकता के साथ प्रशिक्षण ले रहे हैं तथा प्रतिदिन नई-नई डिज़ाइन की राखियां तैयार कर रहे हैं।राखियों के साथ-साथ बच्चों को उनकी रुचि एवं क्षमता के अनुसार तिरंगा बैज, शगुन के लिफाफे, पेपर बैग्स, आरती की थालियाँ तथा अन्य हस्तनिर्मित सजावटी एवं उपयोगी सामग्री बनाने एवं उन्हें आकर्षक ढंग से सजाने का प्रशिक्षण भी

दिया जा रहा है, ताकि भविष्य में वे अपने कौशल के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर प्राप्त कर सकें।संस्था की सचिव स्नेहा राठौड़ ने बताया कि आगामी दिनों में विशेष बच्चों द्वारा तैयार की गई हस्तनिर्मित

कलाकृतियों की प्रदर्शनी एवं विक्रय आयोजित किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से इन उत्पादों का क्रय कर विशेष बच्चों के हुनर को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया।

प्रशिक्षकों ने बताया कि, बच्चों की सीखने की गति, रचनात्मकता और उत्साह अत्यंत प्रेरणादायक है। बच्चों ने अपनी-अपनी भाषा में खुशी व्यक्त करते हुए कहा किहमें राखियां और अन्य कलात्मक वस्तुएँ बनाना बहुत अच्छा लग रहा है, यह काम हमें बहुत मज़ेदार लगता है। और वे आगे भी नई-नई चीज़ें सीखना चाहते हैं। इस प्रशिक्षण में यज्ञदत्त, मोनिका, ईशु, प्रीति, वत्सला, मनीषा, प्राची, एकलव्य, श्वेता, देवश्री, निखिल, रोशन, दीपाली, डॉली, कुलदीप, करण, मनीष, नेमेश एवं विनीत सहित अनेक बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न आकर्षक डिज़ाइनों की राखियां तैयार कीं। संस्था का मानना है कि ऐसे व्यावसायिक प्रशिक्षण विशेष बच्चों के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इसी क्रम में विद्यालय में बच्चों को पारंपरिक एवं आकर्षक हस्तनिर्मित राखियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान बच्चों ने धागों, मोतियों, ब्रोच, वीरा, फ्लावर, कार्टून एवं अन्य सजावटी सामग्रियों का उपयोग करते हुए सुंदर एवं आकर्षक राखियां तैयार कीं।

हतबंद पोस्ट आफिस में रेगुलर पोस्ट मास्टर नहीं, लोगों को हो रही भारी परेशानी

हतबंद/ नवप्रदेश। आजादी के कुछ समय से ही अस्तित्व में आया हतबंद का पोस्ट ऑफिस बहुत ही पुराना व हथबंद गांव का पहचान भी है लगभग 65 साल पुराना यह पोस्ट ऑफिस क्षेत्र के चार दशकों से क्षेत्र की जनता का सेवा करते आ रहा है आसपास के क्षेत्र में जब बैंक तथा बैंक शाखाएं नहीं हुआ करता था तब से यह पोस्ट ऑफिस लोगों की सेवा करता आ रहा है लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि आज वर्तमान में पोस्ट ऑफिस कई मूलभूत आवश्यकताओं से जुझराहा है 21वीं सदी में अब भी क्षेत्र के ग्रामीण अंचल के लोगों का अटूट विश्वास आज भी पोस्ट ऑफिस हतबंद से जुड़ा हुआ है इसका जीवंत प्रमाण पोस्ट ऑफिस में खुले उस सैकडो खाता धारकों से पता लगाया जा सकता है आज भी 12 से 15 लाख रुपए रोज की टर्नओवर होने के बावजूद पोस्ट आफिस मे मुलभूत सुविधाओं की भारी कमी है जानकार बता रहे है की आज पोस्ट ऑफिस में एक रेगुलर पोस्ट मास्टर, नहीं होने से ढेरो परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है खाता प्रिंट नहीं हो पा रहे हैं प्रिंट मशीन बहुत दिनों से खराब पड़ी हुई है बड़ी डिपॉजिट में बधाएं आ रही है ।

महानदी एकेडमी में संपन्न हुआ इन्वेस्टिचर सेरेमनी स्टूडेंट काउंसिल इंडक्शन प्रोग्राम

नगरी/नवप्रदेश। क्षेत्र के एकमात्र सीबीएसई संबद्ध विद्यालय महानदी एकेडमी में गुरुवार को छात्र नेतृत्व, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना के विकास के उद्देश्य से भव्य इन्वेस्टिचर सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय की स्टूडेंट काउंसिल, विभिन्न हाउस कैप्टनों एवं वाइस कैप्टनों को मुख्य अतिथियों द्वारा सेश पहनाकर उनके पद एवं दायित्व सौंपे गए तथा छात्र नेतृत्व की औपचारिक घोषणा की गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीओपी विपिन रंगारे एवं विशिष्ट अतिथि थाना प्रभारी उमेश कुमार पाटिल उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर मोहन नाहटा, निकेश सिंह ठाकुर, अहमद रज़ा ,अजय कुमार छाजेड़ जी तथा विद्यालय के प्राचार्य शैलेंद्र पवार सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि विपिन रंगारे ने छात्र पदाधिकारियों को निष्ठा एवं कर्तव्यपरायणता की शपथ दिलाई। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने चरित्र निर्माण, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं नैतिक मूल्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विशेष रूप से कक्षा 10वीं, 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को अपने जीवन के इस महत्वपूर्ण चरण का सदुपयोग कर लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी।

बिजली बिल, स्मार्ट मीटर और बंद स्ट्रीट लाइटों को लेकर युवा कांग्रेस का बिजली कार्यालय पर प्रदर्शन

धमतरी/ नवप्रदेश। बढ़ते बिजली बिल, स्मार्ट मीटर से जुड़ी शिकायतों और शहर में लंबे समय से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की समस्या को लेकर शुक्रवार को जिला युवा कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, धमतरी कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शन के दौरान युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने कार्यपालन अभियंता को 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपते हुए आम उपभोक्ताओं को राहत देने की मांग की।

युवा कांग्रेस नेताओं ने कहा कि लगातार बढ़ते बिजली बिलों ने आम परिवारों के घरेलू बजट पर अतिरिक्त बोझ डाल दिया है। प्रदर्शन के दौरान जिला युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोनवानी, प्रवीण साहू, प्रशांत बोकाडे, लेखराम साहू, आनंद पवार, लेखराज सिन्हा, द्वारका खापर्डे, गौतम वाधवानी, शास्त्री सोनवानी, अरविंद दोशी, विकास साहू, राहुल शर्मा, आयुष हिरवानी, जय श्रीवास्तव, इंद्रेश साहू, गीताराम सिन्हा, संजू साहू, सूरज पासवान, विशु देवांगन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित रहे।

गैर-जिम्मेदार शिक्षकों पर होगी प्रशासनिक कार्रवाई : बीईओ

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड अंतर्गत वनां अंचल क्षेत्र के ग्राम पंचायत झुझराकसा स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में बुधवार को निर्धारित समय से पहले विद्यार्थियों की छुट्टी किए जाने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार शासन स्तर से कुछ विषयों की पाठ्यपुस्तकें विलंब से प्राप्त होने के कारण संकुल समन्वयक द्वारा निर्देश जारी किए गए थे कि प्रत्येक विद्यालय से केवल एक शिक्षक सीएसी/संकुल केंद्र घोटगांव पहुंचकर पुस्तकें प्राप्त करेगा। बताया गया कि झुझराकसा के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में नई पाठ्यपुस्तकें लाने के नाम पर निर्धारित समय से पहले विद्यालय की छुट्टी कर दी गई। दोपहर लगभग 3 बजे विद्यालय पहुंचने पर बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं घर लौटते हुए दिखाई दिए। प्रतिनिधि के द्वारा पूछने पर विद्यार्थियों ने बताया कि शिक्षकों द्वारा छुट्टी दिए जाने के बाद वे घर जा रहे हैं।

हाई स्कूल तुमड़ीबाहर में नि:शुल्क सरस्वती साइकिल का वितरण

नगरी/नवप्रदेश। शासकीय हाई स्कूल तुमड़ीबाहर, तहसील नगरी, जिला धमतरी में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी निशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को अतिथियों के करकमलों से साइकिलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम शिक्षा के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत ठेनही के सभापति डीके यादव, विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष छत्तर सिंह यादव, पूर्व अध्यक्ष वोषित कौशल, सदस्य घनाराम गौर, पूर्व सांसद प्रतिनिधि कन्हैयालाल नेताम, प्रभारी प्राचार्य नंदनी ठाकुर, एम. साहू, डी साहू अक्षय जैन, पहुप दास मानिकपुरी सिन्हा सर, अमृतलाल बारला, बाबू साहब, विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, स्टाफ अभिभावकगण एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। पंचायत प्रतिनिधि यादव ने, काहा कि हाई स्कूल तुमडी बाहर को उन्नयन कराने को लेकर हॉस्टल सुविधा साइकिल, स्टैंड, प्रार्थना सेट निर्माण बालिका शौचालय निर्माण ,जर्जर बिल्डिंग क्योंकि वर्तमान में अभी , कला एवम पुस्तकालय कक्षा में स्कूल संचालित हो रहा है, नया बिल्डिंग मांग के लिए लगातार संस्था, व ग्राम पंचायत ठेनहीं की ओर से संवाद मांग पत्र के साथ प्रयास किया जा रहा है, और यह प्रयास निश्चित तौर से इस क्षेत्र के लिए सफलता हासिल होगी, कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर सभी ने पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। उपस्थित अतिथियों ने बताया कि विद्यालय में खुली बाउंड्री होने के कारण पूर्व में लगाए गए पौधों का समुचित संरक्षण नहीं हो पा रहा था। इस समस्या के समाधान हेतु विद्यालय परिसर में खंभे लगाकर जाली फेंसिंग कराने का निर्णय लिया गया, ताकि पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके ।

उपलब्धि: बकरी पालन से लेकर मिनी राइस मिल तक, छिपली की महिलाओं ने खड़ी की बहुआयामी आजीविका

मेहनत, एकजुटता और नवाचार से महिलाएं बनीं आत्मनिर्भरता की मिसाल

धमतरी / नवप्रदेश । ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में जिले के नगरी विकासखंड के ग्राम छिपली की स्वावलंबी महिला स्व-सहायता समूह ने उल्लेखनीय मिसाल कायम की है। कभी छोटे-छोटे संसाधनों और अनेक चुनौतियों के बीच अपनी आजीविका शुरू करने वाली समूह की महिलाएं आज बकरी पालन सहित विभिन्न आयमूलक गतिविधियों से जुड़कर आत्मनिर्भरता की नई पहचान बना रही हैं।

समूह की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश नंदनी साहू बताती हैं कि समूह की शुरुआत चुनौतियों से भरी रही। सबसे पहले सभी महिलाओं को एकजुट कर सामूहिक रूप से काम करने की भावना विकसित करना चुनौती थी। आपसी समन्वय, विश्वास और निरंतर प्रयासों से संगठन मजबूत हुआ और महिलाओं ने बकरी पालन को आजीविका के प्रमुख साधन के रूप में अपनाया। शुरुआती दौर में कभी लाभ तो कभी नुकसान की परिस्थितियां भी आईं, लेकिन महिलाओं ने हार नहीं मानी। पशुपालन विभाग के अधिकारियों के मार्गदर्शन और जिला प्रशासन के सहयोग से उन्होंने धीरे-धीरे अपनी गतिविधियों को विस्तार दिया।

आज यही मेहनत उनकी सफलता की पहचान बन गई है। समूह की प्रत्येक दीदी लगभग 8 से 10 हजार रुपए प्रतिमाह तक की आय अर्जित कर रही हैं।

बकरी पालन से आगे बढ़ा आजीविका का दायरा

समूह ने अपनी आजीविका को केवल बकरी पालन तक सीमित नहीं रखा। महिलाएं फलदार वृक्षों की खेती, दलहन-तिलहन फसलों का उत्पादन, मखाना उत्पादन के लिए तालाब की तैयारी, बकरी एवं गाय पालन से दुग्ध उत्पादन, मिनी राइस मिल तथा कैंटीन संचालन जैसी गतिविधियों से भी जुड़ी हैं। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समूह ने आय के अनेक स्रोत विकसित किए हैं।

बकरी पालन के क्षेत्र में समूह पूरे जिले में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। बेहतर प्रबंधन, पशुओं की देखभाल, विभागीय मार्गदर्शन और सामूहिक निर्णयों ने समूह को मजबूती प्रदान की है।

महिलाओं का आत्मविश्वास ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि गांवों में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। छिपली की महिलाओं ने सामूहिकता, मेहनत और नवाचार के माध्यम से यह साबित किया है कि उचित मार्गदर्शन और अवसर मिलने पर महिलाएं अपनी आजीविका को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं। जिला प्रशासन का प्रयास है कि ऐसे समूहों को प्रशिक्षण, तकनीकी मार्गदर्शन, बाजार और आवश्यक विभागीय सहयोग उपलब्ध कराया जाए, ताकि उनकी आय में निरंतर वृद्धि हो और वे अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा बनें।श्रीमती दुर्गेश नंदनी साहू कहती हैं कि ÷कभी हम अपने सपनों को लेकर असमंजस में थे। कई बार लाभ हुआ तो कई बार नुकसान भी उठाना पड़ा, लेकिन हमने साथ मिलकर आगे बढ़ना नहीं छोड़ा। पशुपालन विभाग, जिला प्रशासन और अधिकारियों के सकारात्मक सहयोग ने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया। आज हमें गर्व है कि हमारे समूह की पहचान जिले से लेकर राज्य स्तर तक बनी है। समूह की उपलब्धियों को व्यापक पहचान भी मिली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों सम्मानित होने का अवसर समूह की महिलाओं के लिए गौरव का क्षण रहा।

स्कूलों के लिपिक और भृत्य प्रतिनियुक्ति पर कमिश्नर-कलेक्टर कार्यालयों में होंगे पदस्थ

■ स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने संभागीय आयुक्त और कलेक्टर कार्यालयों में कर्मचारियों की भारी कमी को देखते हुए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक निर्णय लिया है। नए निर्देशों के तहत अब आवश्यकता पड़ने पर स्कूलों में पदस्थ गैर-शैक्षणिक स्टाफ (लिपिक एवं भृत्य) को इन प्रशासनिक कार्यालयों में प्रतिनियुक्ति पर भेजा जा सकेगा। विभिन्न जिलों में प्रशासनिक कार्यों के सुचारू संचालन के लिए स्कूलों के गैर-शैक्षणिक अमले को अस्थायी रूप से कलेक्टर व कमिशनर कार्यालयों में संलग्न किया गया था। हाल ही में जब इन कर्मचारियों को उनके मूल शैक्षणिक संस्थानों के लिए कार्यमुक्त किया गया, तो जिला व संभाग स्तरीय दफ्तरों का कामकाज बुरी तरह प्रभावित होने लगा।

प्रतिनियुक्ति के लिए प्रक्रिया तय: इस समस्या के समाधान के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जारी आदेश के अनुसार, यदि कलेक्टर या कमिश्नर कार्यालयों में कर्मचारियों की अत्यंत आवश्यकता है, तो वे अपने स्वीकृत सेटअप के रिक्त पदों के विरुद्ध लिपिक व भृत्यों की प्रतिनियुक्ति का प्रस्ताव भेज सकते हैं। यह प्रस्ताव सचिव, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के माध्यम से स्कूल शिक्षा विभाग को अंतिम विचार हेतु भेजा जाएगा।

स्कूलों की व्यवस्था न हो प्रभावित: शासन ने आदेश में यह स्पष्ट हिदायत भी दी है कि प्रतिनियुक्ति प्रक्रिया के दौरान यह सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा कि कोई भी मूल शैक्षणिक संस्थान (स्कूल) पूरी तरह से कर्मचारी-विहीन न हो, ताकि वहां का प्रशासनिक व शैक्षणिक माहौल प्रभावित न हो।

उच्च स्तरीय छानबीन समिति ने 12 जाति प्रमाण-पत्र प्रकरणों पर की सुनवाई, 2 प्रकरण नस्तीबद्ध

■ 6 प्रकरणों में आदेश पारित, 4 प्रकरणों में विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा की अध्यक्षता में शुक्रवार को नवा रायपुर स्थित टीआरटीआई सभाकक्ष में उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण छानबीन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जाति प्रमाण-पत्रों से संबंधित कुल 12 प्रकरण सुनवाई एवं विचारार्थ प्रस्तुत किए गए। समिति ने सभी प्रकरणों में उपलब्ध अभिलेखों, पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदनों तथा संबंधित तथ्यों का परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

नम्रता सिंह जैन के प्रकरण की सुनवाई के दौरान विशेष व्यवस्था

नगर पंचायत मोहला-मानपुर की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह जैन के प्रकरण की सुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों के उपस्थित होने के कारण बैठक स्थल पर भीड़ बढ़ गई। व्यवस्था एवं सुनवाई की प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस को बुलाया गया। उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष सोनमणी बोरा से ग्रामीणों की मुलाकात के बाद व्यवस्था साधारण हो गई और पुलिस की मौजूदगी में प्रकरण की सुनवाई पूरी की गई। समिति ने सभी पक्षों को सुनने और निर्धारित प्रकिया के तहत प्रकरण पर विचार करने की कार्रवाई की ।

समिति के समक्ष सुनवाई के लिए प्रस्तुत 06 प्रकरणों में पद्मभूषण काशी, संयुक्त संचालक, संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास, रायपुर; श्रीमती सोमवती कोल, पूर्व सरपंच; सुश्री संचिता रानी मंडल, प्रधान पाठक; श्रीमती लक्ष्मी ठाकुर, पर्यवेक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग; सुश्री हास्य प्रभा अंगारे, स्टेनोग्राफर तथा नगर पंचायत मोहला-मानपुर की अध्यक्ष श्रीमती नम्रता सिंह जैन का प्रकरण शामिल था। इन प्रकरणों में जाति प्रमाण-पत्र धारकों एवं शिकायतकर्ताओं को समिति के समक्ष उपस्थित होने का अवसर दिया गया। समिति द्वारा दोनों पक्षों को सुनते हुए उनके अभ्यावेदनों को अभिलेख पर लिया गया। इसके अतिरिक्त समिति के समक्ष रविन्द्र कुमार वासनिक, सहायक ग्रेड 1, वासुदेव चौहान जोन कमिश्नर, अंजु कुमारी, जीवन लिव्हिंगस्टन सहायक ग्रेड2, श्रीमती हेमलता भंसारे स्टेनोटाइपिस्ट तथा लक्ष्मी नारायण महतो, प्रवर अधीक्षक के कुल 6 प्रकरण भी विचारार्थ प्रस्तुत किए गए।

न्यूज गैलरी

बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों पर आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की कांफ्रेंस

रायपुर/नवप्रदेश। भारत सरकार के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ राज्य में बाढ़ आपदा प्रबंधन एवं पूर्व तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश के सभी जिलों के आपदा प्रबंधन नोडल अधिकारियों को बाढ़ की स्थिति से निपटने और आवश्यक कार्यवाहियों के संचालन के लिए विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। कॉन्फ्रेंस में जानकारी दी गई कि राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा राज्य के सभी जिलों में बाढ़ आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए 18 अगस्त को राज्य स्तरीय टेबल टॉप एक्सरसाइज आयोजित की जाएगी। इसके ठीक बाद 20 अगस्त को व्यापक मॉक एक्सरसाइज का आयोजन होगा। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे टेबल टॉप एक्सरसाइज के दौरान की जाने वाली सभी प्रक्रियाओं को भली-भांति समझें। उन्होंने कहा कि वास्तविक बाढ़ आपदा के समय त्वरित राहत व बचाव कार्य के लिए यह अभ्यास अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। बैठक के दौरान बाढ़ आपदा के समय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, लोक निर्माण, जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और पशुपालन जैसे अंतर-विभागीय समन्वय से की जाने वाली कार्यवाहियों की विस्तार से समीक्षा की गई।

नक्सल मुक्त क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास और बुनियादी सुविधाओं को दें प्राथमिकता

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में कैम्पा की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक मंत्रालय महानदी भवन में आज आयोजित की गई। बैठक में वनों के संरक्षण, पर्यावरण विकास और वनांचल क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। मुख्य सचिव ने वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कैम्पा मद के तहत वन क्षेत्रों में पुल-पुलियों, पहुंच मार्गों और आवश्यक भवनों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने विशेष रूप से नक्सल मुक्त हुए क्षेत्रों में अधोसंरचना विकास के कार्यों में तेजी लाने पर जोर दिया, ताकि इन सुदूर क्षेत्रों तक शासन की पहुंच और विकास का लाभ त्वरित गति से पहुंच सके। बैठक के दौरान विभाग के अधिकारियों ने अवगत कराया कि वर्ष 2026-27 के लिए 713 करोड़ 73 लाख रुपये की वार्षिक कार्ययोजना को अनुमोदित कर अंतिम स्वीकृति हेतु केंद्र सरकार को भेज दिया गया है, जिसमें से 436 करोड़ 19 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इसके अलावा बैठक में वर्ष 2024-25 और 2025-26 के दौरान हुए कार्यों की प्रगति की समीक्षा भी की गई। छत्तीसगढ़ में कैम्पा निधि से किए जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि राज्य में सिंचित व असिंचित वृक्षारोपण, क्षतिपूर्ति वनीकरण, बांस वनों की पुनर्स्थापना, वनों के घनत्व में वृद्धि के लिए सिल्वीकल्चरल कार्य, वन्यप्राणी प्रबंधन, चरागाह विकास, चेक डैम व तालाबों के माध्यम से भू-जल संरक्षण और कनेक्टिविटी सुधार के कार्य निरंतर जारी हैं।

डीडीओ के बैंक खातों में अव्ययित राशि का ब्यौरा देने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के वित्त एवं विनियोग लेखा को राज्य की वित्तीय स्थिति का समय एवं प्रामाणिक प्रस्तुत करने वाला महत्वपूर्ण दस्तावेज बताते हुए कार्यालय प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), छत्तीसगढ़ ने विभिन्न विभागों के बजट नियंत्रक अधिकारियों को डी.डी.ओ. के बैंक खातों में उपलब्ध अव्ययित राशि की जानकारी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। प्रधान महालेखाकार कार्यालय द्वारा जारी पत्र में बताया गया है कि भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2025-26 तक पांच वर्षों के डी.डी.ओ. के बैंक खातों में अव्ययित राशि की जानकारी संकलित करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में राज्य के बजट नियंत्रक अधिकारियों के अधीनस्थ आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के बैंक खातों में उपलब्ध अव्ययित राशि की जानकारी मांगी गई है। परिपत्र के अनुसार इस विषय पर आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के लिए 14 अगस्त 2026 को चार पालियों में महालेखाकार कार्यालय के सभाकक्ष क्रमांक-219 में समीक्षा आयोजित की गई है। संलग्न बीसीओ क्रमांक 1 से 22 के लिए सुबह 10.30 से 11.30 बजे तक, 24 से 47 के लिए दोपहर 12 से 1 बजे तक, 48 से 71 के लिए दोपहर 2 से 3 बजे तक तथा 72 से 96 के लिए दोपहर 3.30 से 4.30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। प्रधान महालेखाकार कार्यालय ने सभी संबंधित अधिकारियों से निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी नियत तिथि एवं समय पर कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने का आग्रह किया है। जारी सूची में सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ भवन, लोक सेवा आयोग, प्रशासन अकादमी, राजभवन, लोक आयोग, गृह विभाग, पुलिस महानिदेशक, जेल, अभियोजन, वित्त विभाग तथा पेंशन एवं भविष्य निधि निदेशालय सहित सभी विभागों के बजट नियंत्रक अधिकारी शामिल हैं। डी.डी.ओ. के बैंक खातों में लंबे समय से उपलब्ध अव्ययित राशि का विवरण संकलित होने से सरकारी धन के उपयोग की स्थिति का आकलन करने, निष्क्रिय पड़ी राशि की पहचान करने तथा वित्तीय प्रबंधन में पारदर्शिता और जवाबदेही बढ़ाने में मदद मिलेगी।

योजना राशि का वितरण : मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने डीबीटी के माध्यम से अंतरित किए 630.55 करोड़ रुपये

67.20 लाख महिलाओं के खातों में पहुंची महतारी वंदन योजना की राशि

■ योजना के तहत अब तक 19,444.33 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का वितरण

महिलाएं राशि बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर रहीं

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अनेक महिलाएं महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का सदुपयोग करते हुए अपने बच्चों की शिक्षा पर खर्च कर रही हैं। कई माताएं अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना में नियमित निवेश कर रही हैं। वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटी पार्लर, डेयरी, किराना दुकान, सब्जी विक्रय, पशुपालन, अगरबत्ती निर्माण तथा अन्य छोटे स्वरोजगार शुरू कर अपनी आय बढ़ाई है। इससे वे न केवल परिवार की आर्थिक आवश्यकताओं की पूर्ति कर रही हैं, बल्कि स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल भी प्रस्तुत कर रही हैं।

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से महतारी वंदन योजना की 30वीं किस्त जारी करते हुए प्रदेश की 67 लाख 20 हजार 125 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 630 करोड़ 55 लाख 54 हजार 300 रुपये की राशि अंतरित की। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, प्रमुख सचिव श्रीमती शहला निगार तथा संचालक डॉ. रेणुका श्रीवास्तव उपस्थित थीं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की उन प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर उन्हें सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि जब माताएं और बहनें आर्थिक रूप से सशक्त होती हैं, तब परिवार मजबूत होता है, बच्चों का भविष्य सुरक्षित होता है और समाज विकास की नई दिशा में आगे बढ़ता है। इसलिए मातृशक्ति का सशक्तिकरण राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि यह योजना केवल प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि उपलब्ध कराने तक सीमित नहीं है, बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और सामाजिक भागीदारी को मजबूत करने का प्रभावी माध्यम बन चुकी है। प्रदेश के लाखों परिवारों में यह राशि शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और आजीविका जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में उपयोग हो रही है, जिससे महिलाओं की आर्थिक भूमिका और अधिक सशक्त हुई है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुशासन का अर्थ केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनका लाभ अंतिम व्यक्ति तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। महतारी वंदन योजना इसी सोच का परिणाम है, जिसमें हर महीने बिना एक हजार रुपए की राशि सीधे महिलाओं के बैंक खातों में पहुंचाई जा रही है। डीबीटी व्यवस्था ने पारदर्शिता बढ़ाई है और महिलाओं में शासन के प्रति विश्वास भी मजबूत किया है।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वरोजगार, कौशल विकास तथा वित्तीय समावेशन जैसे विभिन्न क्षेत्रों में लगातार कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना इन सभी प्रयासों का महत्वपूर्ण आधार बनकर महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा और सामाजिक सम्मान प्रदान कर रही है।

मार्च 2024 में शुरू हुई थी योजना

महतारी वंदन योजना का शुभारंभ 1 मार्च 2024 को किया गया था। आज जारी की गई 30वीं किस्त के बाद योजना के अंतर्गत वितरित कुल राशि बढ़कर 19 हजार 444 करोड़ 33 लाख रुपये से अधिक हो गई है। महतारी वंदन योजना का प्रभाव अब प्रदेश के लाखों परिवारों में स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है। नियमित आर्थिक सहायता मिलने से महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है, घरेलू निर्णयों में उनकी भागीदारी मजबूत हुई है तथा बच्चों की शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ा है।

'वन डिस्ट्रिक्ट, वन स्पोर्ट्स' के लिए आवेदन आमंत्रित

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को तराशने तथा क्षमता के अनुरूप राज्य स्तर, राष्ट्रीय स्तर एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान स्थापित करने तथा वर्ष 2030 के एशियाई खेल, वर्ष 2030 एवं 2034 के कॉमनवेल्थ खेल तथा देश में आयोजित होने वाले वर्ष 2036 के ओलंपिक खेलों में राज्य के खिलाड़ियों की प्रभावी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए राज्य शासन द्वारा 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन स्पोर्ट्स' के तहत खेल प्रतियोगिता आयोजित कर प्रतिभा चिन्हांकन किया जाना है। कांकेर जिला में वन डिस्ट्रिक्ट वन स्पोर्ट खेल प्रतियोगिता 2026 के माध्यम से ग्रामीण एवं स्थानीय स्तर पर खेल प्रतिभाओं के चिन्हांकन एवं विकास का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि कांकेर जिले की भौगोलिक परिस्थितियों, स्थानीय खेल परंपरा, उपलब्ध खेल अधोसंरचना, प्रशिक्षकों की उपलब्धता तथा खेल प्रतिभाओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए ओलंपिक, एशियाई खेल एवं कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित खेल विधाओं में से एथलेटिक्स खेल का चयन किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्रामीण स्तर पर अधिक से अधिक बालक-बालिकाओं एवं छात्र-छात्राओं के पंजीयन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त एवं सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

छत्तीसगढ़ की तीनों पावर कंपनी में 1235 पदों पर होगी भर्ती

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ ने 1235 पदों पर भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया है। इसमें सहायक अभियंता से लेकर कनिष्ठ अभियंता और संयंत्र परिचारक से लेकर डाटा एंट्री आपरेटर, चिकित्सक,पैरामेडिकल स्टाफ, फायर ऑफिसर्स व स्टाफ, विधि विभाग, वित्त अधिकारी, सुरक्षा विभाग तक के पद शामिल हैं। ये भर्तियां तीनों कंपनियों यथा जनरेशन, ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन में की जाएंगी।

मुख्यमंत्री श्री साय ने गुणवत्तापूर्ण विद्युत प्रदाय सुनिश्चित करने हेतु रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। उनके निर्देशानुसार पॉवर कंपनियों में बड़ी संख्या में की जा रही भर्ती से जहां एक तरफ बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिलेगा, वहीं उपभोक्ताओं तक निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति के लिए मेनपावर भी उपलब्ध हो सकेगा। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद यह पहला मौका है, जब इतनी अधिक संख्या में भर्तियां होंगी। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि मुख्यमंत्री महोदय की मंशा के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को त्वरित गति से पूरा किया जाए। राज्य स्थापना के बाद प्रदेश में उपभोक्ताओं की संख्या एवं बिजली खपत में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राज्य बनने के समय 18 लाख 91 हजार उपभोक्ता थे, आज इनकी संख्या बढ़कर 67 लाख हो गई है। राज्य गठन के समय विद्युत की मांग 1334 मेगावाट थी, वह अब बढ़कर 7083 मेगावाट हो गई है। बढ़ती मांग को देखते हुए राज्य शासन ने कोरबा पश्चिम में 1320 मेगावाट के सुपर क्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट की स्थापना करने का निर्णय लिया और इस हेतु कार्य भी प्रारम्भ हो गया है ।साथ ही पारेषण और वितरण प्रणाली में भी बड़ी संख्या उपकेंद्र व लाइनें स्थापित की जा रही है। विद्युत संयंत्र, उपकेंद्रों तथा लाइनों के उचित रखरखाव एवं उपभोक्ताओं तक निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा बड़ी संख्या में पॉवर कंपनियों में भर्ती करने का निर्णय किया गया है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) विभाग ने भर्ती विज्ञापन जारी कर दिया है। कुल 1235 पदों पर भर्ती होनी है, जिनमें से द्वितीय श्रेणी के पदों की संख्या 189 हैं।

एनडीएमए एवं एनडीआरएफ की संयुक्त बैठक सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल के अधिकारियों के साथ संयुक्त समीक्षा बैठक शुक्रवार को यहां मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित की गई। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव श्रीमती शम्मी आबिदी ने बताया कि राज्य में आपदा जोखिम न्यूनीकरण, मानसून अवधि की तैयारियों तथा आपदा प्रतिक्रिया तंत्र के बारे में बताया। राज्य में बाढ़, अतिवृष्टि, आकाशीय बिजली एवं भूस्खलन जैसी मौसमी आपदाओं की तैयारियों की समीक्षा की। राज्य एवं जिला आपातकालीन परिचालन केंद्र की कार्यप्रणाली तथा समन्वय व्यवस्था के संबंध में अधिकारियों ने जानकारी दी। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ एवं जिला प्रशासन के मध्य त्वरित प्रतिक्रिया एवं समन्वय को और सुदृढ़ बनाने पर विचार किया गया। इसी तरह से पूर्व चेतावनी प्रणाली सचेत प्लेटफॉर्म एवं सेल ब्रॉडकास्ट आधारित अलर्ट प्रणाली की प्रभावी उपयोग की भी समीक्षा की गई। एनडीएमए के संयुक्त सलाहकार श्री संजीव सही द्वारा राज्य में किये जा रहे आपदा प्रबंधन कार्यों में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सहयोग पर प्रकाश डाला। मॉक एक्सरसाइज, क्षमता निर्माण, सामुदायिक जागरूकता तथा संसाधनों की उपलब्धता पर चर्चा हुई।

उपलब्धि: मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की बड़ी औद्योगिक उपलब्धि, 9,000 रोजगार और 3,000 करोड़ से अधिक निवेश का मार्ग प्रशस्त

राजनांदगांव में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर को मंजूरी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को औद्योगिक विकास के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है। भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने राजनांदगांव जिले के ग्राम पटेवा में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर (ईएमसी 2.0) की स्थापना को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना से राज्य में लगभग 9,000 रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा 3,000 करोड़ से अधिक के निवेश की संभावना है।

भारत सरकार ने ईएमसी 2.0 योजना के अंतर्गत 432.08 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत के विरुद्ध 210.56 करोड़ की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की है। परियोजना का क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम द्वारा किया जाएगा। यह मंजूरी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने, निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने तथा इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के निरंतर प्रयासों का महत्वपूर्ण परिणाम है। नवा रायपुर में स्थापित पहले इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर के बाद यह



राज्य का दूसरा बड़ा इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर होगा, जिससे उद्योगों के लिए आधुनिक आधारभूत संरचना और औद्योगिक भूखंडों की उपलब्धता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) और स्मार्ट इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र की चार एंकर इकाइयों ने पहले ही इस क्लस्टर में रुचि दिखाई है। इन कंपनियों द्वारा लगभग 365 करोड़ के प्रारंभिक निवेश का प्रस्ताव दिया गया है।

करीब 306.56 एकड़ भूमि पर विकसित होने वाले इस क्लस्टर में 150.56 एकड़ औद्योगिक भूखंड आरक्षित किए गए हैं। यहां रेडी-बिल्ट फैक्ट्री, विद्युत एवं जल आपूर्ति, वेयरहाउस तथा अन्य आधुनिक औद्योगिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। सभी आवश्यक वैधानिक स्वीकृतियां प्राप्त हो चुकी हैं और परियोजना क्रियान्वयन के लिए पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन से छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में तेजी से नई पहचान बना रहा है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि ईएमसी 2.0 इस बात का प्रमाण है कि छत्तीसगढ़ अब राष्ट्रीय स्तर के विनिर्माण उद्योगों के लिए एक भरोसेमंद और सक्षम गंतव्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि यह क्लस्टर राज्य के युवाओं के लिए लगभग 9,000 गुणवत्तापूर्ण एवं दीर्घकालिक रोजगार के अवसर सृजित करेगा। राज्य सरकार तकनीकी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण संस्थानों को उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करेगी, ताकि स्थानीय युवाओं को भर्ती प्रारंभ होते ही रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकें। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि राज्य सरकार ने उद्योगों के लिए त्वरित एवं पारदर्शी व्यवस्था विकसित की है। 'वनक्लिक' सिंगल विंडो प्रणाली के माध्यम से भूमि आवंटन एवं सभी आवश्यक स्वीकृतियां निर्धारित समयसीमा में उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सुविचार

जिंदगी का सबसे दर्दनाक लम्हा वो होता है जब आपकी आंखों में आंसू लाने वाला ही आपसे पूछे कि - क्या हुआ?

एफसीआरए बिल का विरोध

सरकार संसद के मानसून सत्र में विदेशी अंशदान(विनियमन) संसोधन विधेयक(एफसीआरए बिल) पेश करने जा रही है। इस बिल के पेश होने की सुगबुगाहट लगते ही इसाई समुदाय ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। ईसाई समुदाय के एक प्रतिनिधि मंडल ने गृहमंत्री अमित शाह से भेंट कर उनके सामने एफसीआरए बिल पर आपत्ति जताई है। उन्होंने मांग की है कि सरकार इस बिल को वापस ले ले। यदि इसे संसद में पेश ही करना है तो फिर इय बिल को संयुक्त संसदीय समीति के पास भेजे। गृह मंत्री अमित शाह से मिजोरम के मुख्यमंत्री लालदूहोमा ने भी मुलाकात की और इस बिल के छह मुद्दो पर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। गृहमंत्री अमित शाह ने उन्हें आशवासन दिया है कि सरकार उनकी आपत्तियों पर भी विचार करेगी। गौरतलब है कि एफसीआरए बिल का विदेशी और भारतीय मिसनरी संगठन लगातार विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि इस बिल के पारित हो जाने से उनकी संस्थाओं से विदेशी फंड मिलना मुश्किल हो जाएगा। वहीं दूसरी ओर देश में कुकुरमुत्तों की तरह उगने वाले एनजीओ भी इस बिल की मुखालफत कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विदेशी अंशदान (विनियमन) विधेयक पहले ही संसद में पारित हो चुका है। अब इसमें सरकार संसोधन करने जा रही है जिसके मुताबिक अब विदेशी फंडिंग का हिसाब देना होगा। विदेशों से मिलने वाली सारी फंडिंग नई दिल्ली स्थित एक ही एसबीआई बैंक में आएगी। इस बिल में किये गये संसोधन में यह भी शामिल है कि अब ऐसे एनजीओं जिन्हें विदेशी फंड मिलता है वे सिर्फ उस फंड का 20 प्रतिशत हिस्सा ही पर्सनल खर्च कर पाएंगे। जबकि पहले वे फंड का पचास प्रतिशत हिस्सा पर्सनल खर्च करते थे और इसी में सारा गोलमाल होता था। इस संसोधन का ही एनजीओ पुरजोर विरोध कर रहे हैं। उन्हें इस बात पर भी आपत्ति है कि सरकार ने अनियमितताओं के आरोप में जिन एनजीओ का लाइसेन्स रद्द कर दिया है या आगे चलकर रद्द करेगी। उनकी संपत्ति भी सरकार के पास चली जाएगी। कुल मिलाकर अब असानी से विदेशी फंडिंग नहीं आ पाएगी और जिन संस्थाओं को विदेशी फंड मिलेगा अब उन्हें उसके पाई पाई का हिसाब देना पड़ेगा। कोई भी संस्था इसमें गोलमाल नहीं कर पाएगी। यही वजह है कि इसाई समुदाय और एनजीओ एफसीआरए बिल का विरोध कर रहे हैं। भारत में विभिन्न संस्थाओं को फंड देकर अपना एजेंडा चलाने वाले अमेरिका, इंग्लैंड और पाकिस्तान जैसे देश भी इसका विरोध कर रहे हैं। सरकार की मंसा है कि विदेशी फंड जो देश विरोधी ताकतों का हथियार बना हुआ था उसकी धार को कुंद किया जाये। खासतौर पर इसाई मिसनरियों की फंडिंग में कमी लगाई जाये और उसमें पारदर्शिता लाई जाये। उल्लेखनीय है कि मिसनरियों पर लंबे समय से भारत में धर्मांतरण कराने का आरोप लगता रहा है। खासतौर पर आदिवासी बहुल क्षेत्रों मे मिसनरियां ज्यादा सक्रिय रहती है और इनसे जुड़े लोग गरीब आदिवासियों से पैसों का लालच देकर या अन्य सुविधायं मुहैया कराकर उनका धर्मांतरण कराते रहे हैं। यही वजह है कि वे इस बिल का ज्यादा विरोध कर रही हैं।

राजद में संगठनात्मक बदलाव

बिहार की प्रमुख विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के कार्यवाहक राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने राजद में संगठनात्मक बदलाव की शुरूआत कर दी है। उन्होंने बिहार के राजद संगठन की सभी इकाईयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है अब वे नये सिरे से संगठन में पदाधिकारियों की नियुक्ति करेंगे। गौरतलब है कि पिछले विधानसभा चुनाव में राजद का प्रदर्शन बेहद शर्मनाक रहा है। उसे सिर्फ पच्चीस सीटें ही मिल पाई थी। जिसके चलते तेजस्वी यादव ले दे कर नेता प्रतिपक्ष बन पाये हैं। यदि उनके खेमे का एक विधायक भी टूट जाता है तो वे नेता प्रतिपक्ष नहीं रह पाएंगे। पार्टी में असंतोष भी उभरने लगा है और अब तो बांकीपूर सीट से प्रशांत किशोर के जीत जाने के बाद नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव का भी विधानसभा में तेज कम हो सकता है। प्रखर वक्ता और चर्चित चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर के सामने विधानसभा में नव्वी पास तेजस्वी यादव कही नहीं टिक पाएंगे। ऐसे में उन्हें अब अपनी बची खुची पार्टी के कमजोर पड़ने का खतरा नजर आने लगा है। ऐसे में उन्हें अब संगठन की चिंता सता रही है और अब वे इसे मजबूत करने की कवायद में लग गये हैं। तेजस्वी यादव की पहले ही मुश्किलें बढ़ी हुई है। उनकी बहन राहिणी आचार्य पहले ही पार्टी से नाता तोड़ चुकी हैं। वहीं उनके बड़े भाई तेजप्रताप यादव ने भी राष्ट्रीय जनता दल से किनारा करके अपनी अलग क्षेत्रीय पार्टी बना ली है। राष्ट्रीय जनता दल के संस्थापक लालू यादव उम्रदराज हो गये हैं और अस्वस्थ रहने लगे हैं। इस वजह से भी राजद पर लालू परिवार की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है। ऊपर से लालू प्रसाद यादव, राबड़ी, देवी, मीसा भारती और तेजस्वी यादव पर विभिन्न मुकदमों का सामना कर रहे हैं। ऐसे में पार्टी को एकजुट रखना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

अगस्त क्रांति: जब जनता बनी नेतृत्व और साम्राज्य हुआ बेबस

भारत छोड़ो आंदोलन, जिसे 'अगस्त क्रांति' के नाम से भी जाना जाता है, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में एक ऐसे निर्णायक मोड़ का प्रतीक है, जिसने अंग्रेजी शासन की नींव को गहराई से हिला दिया था। यह केवल एक राजनीतिक आंदोलन नहीं था बल्कि भारतीय जनमानस की स्वतंत्रता के प्रति अटूट इच्छा, आत्मबल और त्याग की पराकाष्ठा का सशक्त उदाहरण था। हर वर्ष 8 अगस्त को 'भारत छोड़ो आंदोलन दिवस' के रूप में मनाया जाता है, जो हमें उस ऐतिहासिक संघर्ष की याद दिलाता है, जब पूरा देश एक स्वर में ब्रिटिश शासन के खिलाफ खड़ा हो गया था।

योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान भारत की राजनीतिक स्थिति अत्यंत जटिल हो गई थी। ब्रिटिश सरकार ने भारत को बिना उसकी सहमति के युद्ध में झोंक दिया था, जिससे भारतीय नेताओं और जनता में व्यापक असंतोष फैल गया। इसी बीच, 1942 में 'क्रिप्स मिशन' भारत आया, जिसने युद्ध के बाद भारत को डोमिनियन स्टेटस देने का प्रस्ताव रखा लेकिन यह प्रस्ताव अस्पष्ट और अधूरा था। भारतीय नेताओं ने इसे अस्वीकार कर दिया क्योंकि इसमें तत्काल स्वतंत्रता की कोई स्पष्ट गारंटी नहीं थी। इस असफलता ने आंदोलन की पृष्ठभूमि तैयार की।

8 अगस्त 1942 को बॉम्बे (अब मुंबई) के गोवालिया टैंक मैदान, जिसे आज 'अगस्त क्रांति मैदान' के नाम से जाना जाता है, में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का ऐतिहासिक अधिवेशन हुआ। इसी अधिवेशन में 'भारत छोड़ो' प्रस्ताव पारित किया गया। महात्मा गांधी ने इस अवसर पर अपने प्रसिद्ध 'करो या मरो' के नारे के साथ देशवासियों को स्वतंत्रता के लिए अंतिम संघर्ष के लिए प्रेरित किया। यह नारा केवल एक आह्वान नहीं था बल्कि यह उस समय के भारत के आत्मविश्वास और संकल्प का प्रतीक बन गया। इस आंदोलन की सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि यह एक पूर्ण जन-आंदोलन बन गया था। 9 अगस्त 1942 की सुबह ही गांधीजी, जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल और अन्य प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। अंग्रेजों का उद्देश्य था कि नेतृत्व को खत्म कर आंदोलन को दबा दिया जाए लेकिन इसका उल्टा प्रभाव हुआ। नेताओं की गिरफ्तारी के बाद आंदोलन और अधिक उग्र और व्यापक हो गया। देश के विभिन्न हिस्सों में जनता

स्वतः सड़कों पर उतर आई। छात्रों, मजदूरों, किसानों और महिलाओं ने बड़ी संख्या में इस आंदोलन में भाग लिया।

भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान कई स्थानों पर हिंसक घटनाएं भी हुईं। रेलवे लाइनों को नुकसान पहुंचाया गया, टेलीफोन और तार सेवाएं बाधित की गईं और सरकारी इमारतों पर हमले किए गए। हालांकि महात्मा गांधी का आंदोलन अहिंसात्मक था लेकिन जनता के भीतर दबी हुई आक्रोश की भावना कई स्थानों पर उग्र रूप में सामने आई। ब्रिटिश सरकार ने भी इस आंदोलन को कुचलने के लिए कठोर कदम उठाए। पुलिस और सेना ने बल प्रयोग किया, हजारों लोगों को गिरफ्तार किया गया और कई स्थानों पर गोलीबारी हुई, जिसमें सैंकड़ों लोग शहीद हो गए। इस आंदोलन में महिलाओं की भूमिका भी अत्यंत महत्वपूर्ण रही। अरुणा आसफ अली, उषा मेहता, सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिलाओं ने न केवल आंदोलन में सक्रिय भागीदारी निभाई बल्कि नेतृत्व भी किया। उषा मेहता ने 'कांग्रेस रेडियो' के माध्यम से आंदोलन की जानकारी और संदेश पूरे देश में पहुंचाए। यह दर्शाता है कि यह आंदोलन केवल पुरुषों तक सीमित नहीं था बल्कि इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी थी।

भारत छोड़ो आंदोलन का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि इसने ब्रिटिश शासन को यह अहसास करा दिया कि अब भारत पर शासन करना संभव नहीं है। यह आंदोलन भले ही तत्काल स्वतंत्रता नहीं दिला सका लेकिन इसने अंग्रेजों की प्रशासनिक और मानसिक पकड़ को कमजोर कर दिया। इसके बाद ब्रिटिश सरकार ने यह समझ लिया कि भारत में उनका शासन लंबे समय तक टिक नहीं सकता। इस आंदोलन का प्रभाव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी देखा गया। द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान ब्रिटेन पहले ही आर्थिक और सैन्य दबाव में था। भारत में इस तरह के व्यापक जन-आंदोलन ने उसकी स्थिति को और कमजोर कर दिया। युद्ध के बाद जब ब्रिटेन की स्थिति और खराब हुई तो भारत को स्वतंत्रता देना उसके लिए एक अनिवार्यता बन गया। भारत छोड़ो आंदोलन का सबसे बड़ा योगदान यह था कि इसने भारतीय जनता को आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास का पाठ पढ़ाया। इस आंदोलन ने यह सिद्ध कर दिया कि जब जनता एकजुट होकर किसी लक्ष्य के लिए खड़ी होती है तो सबसे शक्तिशाली साम्राज्य भी उसके सामने टिक नहीं सकता। यह आंदोलन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का अंतिम और निर्णायक चरण था, जिसने 1947 में मिली स्वतंत्रता की नींव को मजबूत किया।

आज जब हम 'भारत छोड़ो आंदोलन दिवस' मनाते हैं तो यह केवल इतिहास को याद करने का अवसर नहीं है बल्कि हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। यह हमें याद दिलाता है कि स्वतंत्रता केवल एक अधिकार नहीं बल्कि उन अनगिनत बलिदानों का परिणाम है, जिन्हें हमें हमेशा संजोकर रखना चाहिए। वर्तमान समय में जब देश विभिन्न चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब इस आंदोलन की भावना (एकता, साहस और संकल्प) हमारे लिए मार्गदर्शक बन सकती है। भारत छोड़ो आंदोलन केवल अतीत की एक घटना मात्र नहीं है बल्कि यह एक विचार है, एक प्रेरणा है, जो हमें अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का बोध कराती है। 'करो या मरो' का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जो हमें अपने राष्ट्र के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करता है। यही इस ऐतिहासिक आंदोलन की सबसे बड़ी विरासत है, जिसे हमें आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना है।

जीआई टैग: वैश्विक ब्रांडों में पारंपरिक संपदा की वृद्धि

भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग स्थानीय समुदायों के लिए आर्थिक अवसर पैदा करते हुए भारत की सांस्कृतिक विरासत की रक्षा के लिए एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में उभरा है। उत्पादों को उनके मूल स्थान से जोड़कर, जीआई टैग पारंपरिक ज्ञान को संरक्षित करते हैं, दुरुपयोग को रोकते हैं और उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाते हैं। वे कारीगरों, बुनकरों, किसानों और उत्पादक समूहों को बेहतर बाजार पहचान हासिल करने और प्रीमियम बाजारों तक पहुंच प्राप्त करने में मदद करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में भारत के जीआई इकोसिस्टम का काफी विस्तार हुआ है, जो एक मजबूत कानूनी ढांचे और बढ़ती जन जागरूकता द्वारा समर्थित है। सरकार की पहल वित्तीय सहायता, निर्यात संवर्धन, पर्यटन एकीकरण और समर्पित विपणन प्लेटफार्मों के माध्यम से इस इकोसिस्टम को और मजबूत कर रही है। साथ ही, ये प्रयास जीआई उत्पादों को ग्रामीण विकास, सांस्कृतिक संरक्षण और निर्यात-आधारित विकास के वाहकों के रूप में बदल रहे हैं।

जीआई टैग- भारत के अनूठे उत्पादों की सुरक्षा

बनारस में एक बुनकर एक बनारसी साड़ी बनाने में कई सप्ताह का समय लगाता है। जटिलतापूर्ण जरी के काम का हर धागा असाधारण सटीकता और कौशल के साथ बुना जाता है। ये तकनीकें रातोंरात नहीं सीखी जाती हैं। वे सदियों पुरानी परंपरा को संरक्षित करते हुए पीढ़ियों से चले आ रहे हैं।

फिर भी, इन प्रयासों और शिल्प कौशल के

बावजूद, कई प्रामाणिक बनारसी साड़ियां अक्सर अपने वास्तविक मूल्य से बहुत कम कीमतों पर बेची जाती हैं। खरीदार हमेशा हाथ से बुनी हुई असली साड़ी को अन्य नकलों से अलग करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं। यह वह जगह है जहां दो शब्द यानी जीआई टैग (भौगोलिक संकेत) सभी अंतर बनाते हैं। एक जीआई टैग प्रमाणित करता है कि साड़ी वास्तव में बनारस में पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके बनाई गई है। यह खरीदारों को इसकी प्रामाणिकता, गुणवत्ता और सांस्कृतिक विरासत का आश्वासन देता है। परिणामस्वरूप, प्रामाणिक बनारसी साड़ी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में काफी अधिक कीमत प्राप्त कर सकती है। यह सुनिश्चित करता है कि बुनकर को उनकी शिल्प कौशल के लिए अधिक मान्यता और बेहतर आर्थिक लाभ मिले।

भारतीय परंपरा, अर्थव्यवस्था, स्थिरता में जीआई वस्तुओं का महत्व

जीआई टैग कारीगर शिल्प के लिए प्रामाणिकता की मुहर के रूप में कार्य करता है, उन्हें नकल, दुरुपयोग और अनधिकृत व्यावसायीकरण से बचाता है। हालांकि, इसका महत्व कानूनी सुरक्षा से कहीं आगे तक फैला हुआ है। उदाहरण के लिए, चन्नापटना के खिलौनों को 2006 में जीआई मान्यता मिली। ये मान्यता सिर्फ कर्नाटक के चन्नापटना क्षेत्र में बने लकड़ी के खिलौनों पर ही लागू होती है। खिलौनों का उत्पादन क्षेत्र की विशिष्ट लाह कला का उपयोग करके किया जाना चाहिए। हालांकि यह एक सरल प्रमाणन प्रतीत हो सकता है, टैग दूरगामी लाभ प्रदान कर सकता है। एक जीआई टैग एक लेबल से कहीं अधिक है। वस्त्र मंत्रालय के अनुसार, यह ग्रामीण कारीगरों की आय को 20-30 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है!

किसी उत्पाद की उत्पत्ति और अनूठी विरासत को प्रमाणित करके, जीआई टैग खरीदारों के बीच विश्वास पैदा करते हैं और उत्पाद की बाजार अपील को बढ़ाते हैं। जैसे-जैसे उपभोक्ता तेजी से प्रामाणिकता, परंपरा और शिल्प कौशल की तलाश कर रहे हैं, जीआई मान्यता गुणवत्ता और सांस्कृतिक विशिष्टता के एक शक्तिशाली प्रतीक के रूप में कार्य करती है। जीआई-टैग किए गए उत्पादों की बढ़ती मांग कारीगरों को अधिक दृश्यता प्राप्त करने, प्रीमियम बाजारों तक पहुंचने, उनकी सौदेबाजी की शक्ति को मजबूत करने और उनके काम से उत्पन्न मूल्य के एक बड़े हिस्से पर कब्जा करने में सक्षम बनाती है। मान्यता स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करती है। वे भविष्य की पीढ़ियों के लिए भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्वदेशी शिल्प कौशल को संरक्षित करने और बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मुजफ्फरनगर गुड़ की सफलता की कहानी: स्थानीय विशेषता से लेकर वैश्विक बाजारों तक

मुजफ्फरनगर गुड़ के लिए जीआई टैग ने विशिष्ट गुणवत्ता और उत्पत्ति के साथ एक प्रीमियम उत्पाद के रूप में अपनी पहचान को मजबूत करने में मदद की है। इस मान्यता का लाभ उठाते हुए, बृजनंदन एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी ने 2025 में बांग्लादेश को 30 मीट्रिक टन गुड़ का सफलतापूर्वक निर्यात किया। जीआई प्रमाणन ने खरीदारों के विश्वास को बढ़ाया और अंतराष्ट्रीय बाजारों में उत्पाद की विपणन क्षमता में सुधार किया। परिणामस्वरूप, किसान के नेतृत्व वाली कंपनी को निर्यात के अवसरों तक पहुंच प्राप्त हुई। इसने अपने 545 सदस्यों के लिए आय की संभावनाओं को बढ़ाया और स्थानीय रूप से उत्पादित गुड़ के लिए अधिक मूल्य कायम किया।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1509 : विजय नगर सम्राज्य के सम्राट के रूप में महाराज कृष्णदेव राय की ताजपोशी। 1549 : फ्रांस ने इंग्लैंड के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1609 : वेनिस की सीनेट ने गैलिलियो द्वारा तैयार दूरबीन का निरीक्षण किया। 1763 : वर्षों के संघर्ष के बाद अंततः कनाडा फ्रांस के अधिकार से स्वतंत्र हुआ। 1864 : जिनेवा में रेड क्रॉस की स्थापना। 1876 : थॉमस अल्वा एडिसन ने मिमियोग्राफ का पेटेंट कराया 1899 : ए.टी. मार्शल ने रेफ्रीजरेटर का पेटेंट कराया। 1900 : बोस्टन में पहली डेविस कप श्रृंखला की शुरूआत। 1908 :शास्त्रीय संगीत गायिका सिद्धेश्वरी देवी का जन्म। 1919 : ब्रिटेन ने अफ्गानिस्तान की आजादी को मंजूरी दी। 1942 : महात्मा गांधी ने भारत छोड़ो आंदोलन की शुरुआत की। 1947 : पाकिस्तान ने अपने राष्ट्रीय ध्वज को मंजूरी दी। 1988 : अफ्गानिस्तान में 9 साल के युद्ध के बाद रूसी सेना की वापसी शुरू हुई. 1988 : आठ वर्ष तक चले संघर्ष के बाद ईरान और इराक के बीच युद्धविराम की घोषणा।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

चले जाएंगे तुमको शाद कर के हम अपना दर्द दिल आबाद कर के कोई ए 'काश' होता यूँ हमारा जो अश्क़ों को बहाता याद कर के जो तेरा हक़ है उसको छीन कर ले मिलेगा कुछ नहीं फ़रियाद कर के उन्हीं राहों पे हम भी चल रहे हैं गया ईजाद जो फ़हाद कर के तुम्हारी बात न टालेंगे हम भी कभी देखो तो तुम इरशाद कर के मुहब्बत में तरक्क़ी तुमने पाई 'जफ़ाओं में अदा ईजाद' कर के सितमगर को कोई जा कर बता दे 'कमल' को क्या मिला बरबाद कर के।

- रूबी झा 'कमल'

हिज्र की रात सिसक रही थी चाँदनी,,,सुलग रहें थें जज़्बात वह अमावस की नहीं,वह थी पूर्णिमा की रात सितारे भी ग़मज़दा थे और आसमाँ भी चुप था हवा थी थमी हुई,किससे कहते दिल की बात।

- रामकिशोर उपाध्याय

कोई मुझ से पूछे ज़िन्दगी कैसी लगी। हरपल मुझे ज़िन्दगी सज़ा जैसी लगी। फ़िर भी मैं मुस्कुराती रहती हूँ हरदम; मुझको जीने की वजह भी ऐसी लगी।

- पूजा 'बहार '

खिड़की खुली रहने दो मत बंद करो हर खिड़की को। कुछ हवाएँ बिना बुलाए भी अच्छी लगती हैं। कुछ लोग भी। तुम्हारे आने के बाद मैंने सीखा, कि प्रेम अधिकार नहीं, विश्वास है। वह खुली खिड़की है, जहाँ से रोशनी भी आती है और ताज़ी हवा भी। जिसे बाँधने की कोशिश करो, तो वह प्रेम नहीं रहता।

- रेनू 'शब्दमुखर'

सुन-सुन भैया रिक्शा वाले, रिक्शा थोड़ी तेज चला ले। मेरा विद्यालय है दूर, जाना होता मगर जरूर। अगर नहीं मैं जाऊँगा, कैसे पढ़-लिख पाऊँगा। जग में हैं जितने इंसान, पढ़-लिखकर ही बने महान। मैं भी पढ़-लिख जाऊँगा, ज्ञानवान कहलाऊँगा।।

- भाऊराव महंत

यूं ना हंसो किसी के दर्द की कराह पर- तुम इस दर्द से गुजरे होते तो मर गये होते,, मैं वहां से लौट आया जहां वापसी का रास्ता न था, तुम अगर वहां गये होते तो वहीं रह गये होते,, मैंने देखे हैं अपनों के अपनों से बदलते रवैये- तुम जो देख लेते तो वहीं बिखर गये होते,, और तुम मुझसे पूछते हो कि क्या खोया है मैंने- तुम खुद को खो चुके होते तो समझ गये होते।

- ललित उपाध्याय

आदमी पे हसरतों की मार है दिल के हाथों हर कोई बीमार है। हो भरोसा नींव गर परिवार की बीच में उठती नहीं दीवार है। दिल जमाने में बिके बेमोल हो तन के रिश्तों का लगा बाजार है। नाज से पाला बहुत माँ ने जिसे आज बेटे ने दिया दुत्कार है। आज वो बूढ़ी हुई लाचार है माँ है आँखों में दुआ है प्यार है। हैं कहीं मन्दिर कई मस्जिद बहुत ना खुदा मजहब मगर तकरार है। ये जमाने की रवायत है "तनुज" हर कदम अपनों से मिलती हार है।

- सतीश मैथिल तनुज

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज के दिन आपका किसी भी कार्य को करने में मन नहीं लगेगा मध्यान्ह तक का समय व्यर्थ की कल्पनाओं में खराब करेंगे। रात्रि के समय उत्तम भोजन सुख मिलेगा।

वृष: आज के दिन आप का मन आवश्यकता से अधिक चंचल रहेगा। मित्र मंडली में लंबी-लंबी डींगें हांकने पर हंसी के पात्र बनेंगे। अपनी उम्र से बड़े लोगों के सामने विवेक से पेश आएं अन्यथा मानहानि अवश्य हो कर रहेगी।

मिथुन: आज के दिन आपको विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। दिन के आरंभ में जिन लोगों से आर्थिक अथवा अन्य प्रकार की मदद का आश्वासन मिलेगा।

कर्क: आज के दिन आप सार्वजनिक क्षेत्र पर बेहतर प्रदर्शन कर प्रशंसा के पात्र बनेंगे। जटिल कार्यो को भी अपने व्यवहार कुशलता से आसान बनाएंगे।

सिंह: आज का दिन आपके लिए कार्य सफलता वाला रहेगा। आप दिन के प्रथम भाग के बाद पूर्वनियोजित योजनाओं में सफलता मिलने से उत्साहित रहेंगे।

कन्या: आज के दिन आप की धार्मिक भावनाओं में वृद्धि होगी। अपनी व्यस्त दिनचर्या से समय निकालकर पूजा पाठ आदि धार्मिक कृत्यों एवं परोपकार में लगेंगे।

तुला: आज के दिन प्रातः काल से ही सेहत में नरमी बनेगी। असंयमित खान-पान अथवा अपच के कारण पेट दर्द के साथ शारीरिक अंगों में शिथिलता अनुभव करेंगे।

वृश्चिक: आज का दिन भी आपके लिए बेहतर रहने वाला है लेकिन आज आलस्य प्रमाद अधिक रहने के कारण जल्दी से किसी कार्य को करने के लिए तैयार नहीं होंगे।

धनु: आज मध्यान तक का समय आपको विभिन्न सुखों की प्राप्ति कराएगा। दिन के आरंभ में आलस्य प्रमाद फैलाएंगे जिससे किसी महत्वपूर्ण कार्य में विलंब होगा।

मकर: आज के दिन आप अपनी बुद्धि विवेक का आवश्यकता से अधिक ही उपयोग करेंगे प्रत्येक कार्य में मीनमेख निकालना परिजनों के साथ बाहरी लोगों को भी अखरेगा।

कुंभ: आज के दिन आपको शांत रहने का सुझाव है। आज परिजन से कोई मनोकामना पूर्ण ना होने पर क्रोध आएगा जिस पर संयम ना रहने पर किसी से हाथापाई की भी नौबत आ सकती है।

मीन: आज का दिन आपके लिए व्यर्थ की मानसिक परेशानियों वाला रहेगा। खर्च अनियंत्रित होने के कारण मानसिक तनाव बढ़ेगा।

QUIZ TIME

1. पुलिस द्वारा नशे में गाड़ी चलाने वाले की साँस की जांच के लिये फिल्टर पेपर पर क्या होता है?
2. यदि आप भूमध्य रेखा से उत्तरी ध्रुव की ओर यात्रा करते हैं, तो किसी वस्तु के वजन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
3. मौर्य प्रशासन में समाहर्ता नामक अधिकारी का कार्य क्या था?
4. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहाँ विवेक स्मारक का उद्घाटन किया है?
5. साबूदाना किस पौधे की जड़ से तैयार किया जाता है?

★ RamaQuiz ★

पहेली

शब्द सामर्थ्य -123

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 122 का हल

न्यूज गैलरी

देश की सुरक्षा पर डटे जवानों तक पहुंचेगा बहनों का स्नेह, स्कूली छात्राओं ने कलेक्टर को सौंपा रक्षासूत्र

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। रक्षाबंधन के पावन अवसर को विशेष रूप देने और देश की रक्षा के लिये सीमाओं पर तैनात वीर जवानों तक बहन के स्नेह का प्रतीक पहुंचाने के उद्देश्य से एक अनूठी पहल की गई। पंडित चक्रपाणी शुक्ल स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं शास्वत हाई स्कूल की छात्राओं द्वारा बनाए गए रक्षासूत्रों को कलेक्टर कुलदीप शर्मा को सौंपा। कलेक्टर शर्मा ने छात्राओं को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह कार्य न केवल रक्षाबंधन पर्व को एक नया स्वरूप प्रदान करता है बल्कि देशभक्ति और नागरिक जिम्मेदारी की अद्भुत मिसाल भी पेश करता है। उन्होंने कहा कि हमारे वीर जवान अपनी जान की परवाह किए बिना सीमाओं पर डटे रहते हैं। कई जवान ऐसे हैं जो रक्षाबंधन पर अपने घर नहीं आ पाते। इन रक्षासूत्रों के माध्यम से उन्हें अपने परिवार का स्नेह और बहन का प्यार मिलेगा जिससे वे खुद को और भी मजबूत और अपनापन महसूस करेंगे।

जिले के सरकारी कार्यालयों से प्रीपेड बिजली व्यवस्था प्रारंभ

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में विद्युत व्यवस्था को आधुनिक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। बिजली विभाग द्वारा शासकीय कार्यालयों में डिजिटल प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगाने और प्रीपेड बिजली भुगतान प्रणाली की शुरुआत कर दी गई है। आयुष विभाग अंतर्गत शासकीय आयुर्वेद अस्पताल कसडोल और क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों ने अग्रणी भूमिका निभाते हुए अपने-अपने बिजली खातों को अग्रिम प्रीपेड रिचार्ज कराकर इस नई व्यवस्था का विधिवत शुभारंभ किया है।कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देश पर सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के जिला कार्यालय में प्रीपेड बिलिंग हेतु स्मार्ट मीटर लगाने की कार्यवाही तेज कर दी है। अधिकारियों ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्री -पेड रिचार्ज की प्रक्रियानुसार तिमाही आधार पर तय की गई है।प्रत्येक विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि समस्त विद्युत् कनेक्शन की प्री पेड की प्रक्रिया उसे केंद्रीयकृत या जिलेवार अथवा डीडीओ वार रखना है।रिचार्ज सम्बंधित विस्तृत जानकारी मोर बिजली एप एवं सीएसपीडीसीएल की वेब साईट पर उपलब्ध रहेगी।किसी भी ग्रुप के रिचार्ज राशि का तीन महीने के समाप्ति के निकट पहुंचने पर पंजीकृत मोबाइल नंबर पर रिचार्ज करने हेतु एसएमएस या वाहट्सएप द्वारा अनुस्मरण प्रेषित किया किया जायेगा। विभागों द्वारा प्रीपेड रिचार्ज कराने से जिले में एक सकारात्मक संदेश जाएगा। आयुष एवं पशुपालन विभाग की यह पहल अन्य विभागों और आम उपभोक्ताओं को भी डिजिटल प्रीपेड व्यवस्था अपनाने के लिए प्रेरित करेगी।

भाजपा में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, डोंगरगढ़ मंडल भंग, पांच कार्यकर्ताओं पर निष्कासन की कार्रवाई

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी ने डोंगरगढ़ मंडल संगठन को लेकर बड़ा निर्णय लेते हुए मौजूदा मंडल इकाई को भंग कर दिया है। इसके साथ ही पार्टी ने संगठनात्मक अनुशासन के उल्लंघन के मामले में पांच कार्यकर्ताओं को निष्कासित करने का फैसला लिया है। इस कार्रवाई के बाद स्थानीय भाजपा संगठन में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।बताया गया है कि यह निर्णय पार्टी की बैठक में संगठन की गतिविधियों और हाल के विवादों पर चर्चा के बाद लिया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने, अनुशासन बनाए रखने और आगामी राजनीतिक गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया।पांच कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई-पार्टी की ओर से की गई कार्रवाई में परविंदर सिंह, संतोष राव, प्रेम ककड़, वीरेंद्र साहू और अनिल पांडे को निष्कासित किए जाने की जानकारी सामने आई है। पार्टी ने इसे संगठनात्मक अनुशासन से जोड़कर देखा है।मंडल इकाई भंग किए जाने के बाद अब डोंगरगढ़ में नई मंडल कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। नई टीम में किन लोगों को जिम्मेदारी मिलती है, इस पर कार्यकर्ताओं और राजनीतिक हलकों की नजर बनी हुई है।

सामुदायिक भवन उपगढ़ छिपली में शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न

नगरीनगरी/नवप्रदेश। ग्राम छिपली स्थित हल्बा समाज सामुदायिक भवन उपगढ़ में शौचालय निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत नगरी के उपाध्यक्ष हृदय साहू रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच लिकेश्वरी पोटाई उपसरपंच घेवर चंद साहू, उपगढ़ नगरी के सचिव खिंजन कश्यप, ग्रामीण हल्बा समाज के अध्यक्ष शेषनारायण देव, कर्मचारी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एल. एन. देव एवं पुजारी गोविन्द सोम ने वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ भूमिपूजन संपन्न कराया।मुख्य अतिथि हृदय साहू ने अपने संबोधन में कहा कि सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण से समाज के लोगों को सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छता, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं का विकास किसी भी समाज की प्रगति का आधार है। जनपद पंचायत क्षेत्र के प्रत्येक गांव एवं समाज की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है तथा जनसहयोग से विकास को नई गति मिल रही है। उन्होंने समाज के सभी पदाधिकारियों एवं ग्रामीणों को इस जनहितकारी पहल के लिए बधाई देते हुए निर्माण कार्य को गुणवत्ता एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराने का आग्रह किया।

बिरकोनी स्कूल में कैरियर काउंसलिंग, 85 विद्यार्थियों को मिला विशेषज्ञों का मार्गदर्शन

साइकोमेट्रिक टेस्ट से समझी व्यक्तित्व क्षमता, स्मार्ट स्टडी और स्वस्थ जीवनशैली के दिए टिप्स

महासमुंद/नवप्रदेश। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में गुरुवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उनकी रुचि, क्षमता और व्यक्तित्व के अनुरूप बेहतर कैरियर विकल्प चुनने के लिए मार्गदर्शन देना रहा। काउंसलिंग सत्र में करीब 85 विद्यार्थियों ने भाग लिया और विशेषज्ञों से कैरियर संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

कार्यक्रम में बढ़व संगवारी संस्था से शिवकुमार वर्मा, विष्णु बघेल और डॉ. राधेश्याम बघेल अतिथि एवं विशेषज्ञ के रूप में शामिल हुए। इस दौरान विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, विभिन्न कैरियर विकल्पों तथा भविष्य की तैयारी को लेकर उपयोगी जानकारी दी गई।

साइकोमेट्रिक टेस्ट से पहचानी क्षमता

विष्णु बघेल ने विद्यार्थियों का साइकोमेट्रिक टेस्ट कराया। इसके माध्यम से विद्यार्थियों के व्यक्तित्व, रुचि और क्षमता का आकलन किया गया। उन्होंने कहा कि कैरियर का चुनाव केवल दूसरों की देखा-देखी नहीं, बल्कि अपनी रुचि, योग्यता और क्षमता को ध्यान में रखकर करना चाहिए। सही समय पर सही कैरियर विकल्प का चयन विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर दिशा दे सकता है।

स्मार्ट स्टडी से तनावमुक्त पढ़ाई पर जोर

डॉ. राधेश्याम बघेल ने विद्यार्थियों को 'स्मार्ट स्टडी' के आधुनिक तरीकों की जानकारी दी। उन्होंने समय प्रबंधन, एकाग्रता और तनावमुक्त होकर अध्ययन करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही परीक्षा की तैयारी के दौरान सकारात्मक सोच रखने और व्यक्तित्व विकास पर ध्यान देने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया।

पोषण और स्वस्थ जीवनशैली की दी जानकारी

स्वास्थ्य शिक्षा सत्र में शिवकुमार वर्मा ने संतुलित एवं पोषणयुक्त आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को शारीरिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन लेने, नियमित दिनचर्या अपनाने और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने विभिन्न कैरियर विकल्पों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञों से कैरियर, पढ़ाई और भविष्य से जुड़े सवाल पूछे, जिनका विशेषज्ञों ने समाधान एवं मार्गदर्शन दिया।

बारिश में भीगने के बाद कपड़े बदलते समय सीसीटीवी से निगरानी का आरोप, दुर्व्यवहार और नौकरी से निकालने की धमकी की भी शिकायत

मिशन क्लीन सिटी प्रभारी पर महिला कर्मचारियों ने लगाए गंभीर आरोप

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका परिषद के मिशन क्लीन सिटी में कार्यरत महिला कर्मचारियों ने प्रभारी नौशाद बक्श के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए कलेक्टर और नगर पालिका प्रशासन को लिखित शिकायत सौंपी है। कर्मचारियों ने प्रभारी पर कथित दुर्व्यवहार, मनमानी, निर्धारित समय से अधिक काम कराने, वेतन काटने और काम से निकालने की धमकी देने जैसे आरोप लगाए हैं। शिकायत में सबसे गंभीर आरोप यह लगाया गया है कि बारिश में भीगकर एसएलआर सेंटर (मणिकंचन केंद्र) पहुंचने के बाद महिला कर्मचारियों के कपड़े बदलने के दौरान उन्हें सीसीटीवी कैमरे से देखे जाने का कथित मामला सामने आया। कर्मचारियों ने वर्तमान प्रभारी को हटाकर किसी अन्य कर्मचारी को जिम्मेदारी सौंपने की मांग की है। इसे लेकर कर्मचारियों ने एक अगस्त से काम बंद रखा है।

शिकायतकर्ताओं के अनुसार वे नगर पालिका के मिशन क्लीन सिटी के तहत डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन सहित स्वच्छता संबंधी कार्यों में जुटी हैं। कर्मचारियों का कहना है कि वर्तमान में नौशाद बक्श को मिशन क्लीन सिटी का प्रभारी बनाया गया है। आरोप है कि प्रभारी द्वारा महिला कर्मचारियों के साथ आए दिन कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया जाता है। व्यक्तिगत या स्वास्थ्य संबंधी कारणों से छुट्टी की आवश्यकता होने पर भी कथित तौर पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है तथा नौकरी से हटाने या काम से भगा देने की बात कहकर अपमानित किया जाता है। महिला कर्मचारियों ने शिकायत में आरोप लगाया है कि बारिश के दौरान काम करते हुए भीगने के बाद जब वे एसएलआर सेंटर पहुंचीं और कपड़े बदलने लगीं, तब उन्हें सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से देखे जाने का कथित मामला सामने आया। कर्मचारियों ने इस घटना को गंभीर बताते हुए कार्यस्थल पर महिला कर्मचारियों की निजता और सम्मान को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

समस्या बताने पर समाधान के बजाय मनमानी का आरोप

कर्मचारियों का कहना है कि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन के दौरान कई तरह की व्यवहारिक और कार्य संबंधी समस्याएं सामने आती हैं। इन समस्याओं की जानकारी प्रभारी को देने के बावजूद उनका समाधान करने के बजाय कथित रूप से अपनी मनमर्जी से व्यवहार किया जाता है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि कर्मचारियों को काम से निकालने की धमकी दी जाती है, जिससे कर्मचारियों में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। शिकायत में कर्मचारियों ने निर्धारित कार्य समय से अधिक काम कराए जाने का भी आरोप लगाया है। उनका कहना है कि उनसे सुबह करीब 8 बजे से रात 10 से 12 बजे तक कार्य कराया जाता है। कर्मचारियों के अनुसार लंबे समय तक काम करने के बावजूद यदि किसी दिन वे कार्य पर उपस्थित नहीं हो पाते हैं तो उस दिन का वेतन काट लिया जाता है। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

प्रभारी हटाने और निष्पक्ष जांच की मांग

मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारियों ने कलेक्टर और नगर पालिका प्रशासन से पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए शिकायत की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कर्मचारियों ने वर्तमान प्रभारी नौशाद बक्श को हटाकर किसी अन्य कर्मचारी को मिशन क्लीन सिटी का प्रभारी बनाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि कार्यस्थल पर कर्मचारियों के साथ सम्मानजनक व्यवहार और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

> प्रशासनिक कार्य कुशलता के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाते हैं। एस एल आर सेंटर शहर के बाहर है,और दीदियो की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। उनकी परेशानी को समझ सकते हैं। इस लिए कैमरे का एंगल चैंज करा दिया जाएगा। अपने स्तर की जो भी परेशानियां है, उसका समाधान कर दिया जाएगा। जो शासन स्तर का मामला है उसे उच्च अधिकारियों को भेजा जाता है। उनकी जो भी समस्या है उसे दूर किया जाएगा।
>
> – **सौरभ शर्मा,** सीएमओ, नगर पालिका परिषद महासमुंद

युवती से छेड़छाड़ और उसका पीछा करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। ब्यूटी पार्लर में कोर्स सीख रही युवती के साथ बुरी नीयत से छेड़छाड़ करने तथा उसका पीछा कर मानसिक रूप से परेशान करने वाले आरोपी को पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जिला बलौदाबाजार में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान तथा उनके विरुद्ध होने वाले अपराधों पर त्वरित व सख्त कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिपालन करते हुए ब्यूटी एंड सैलून में पार्लर का कोर्स सीख रही प्रार्थीया 19 वर्ष द्वारा शिकायत दर्ज कराया गया कि आरोपी अय्यूब चैहान अक्सर पार्लर में आता-जाता रहता था। तथा 26 जून की रात्रि करीब 10 बजे आरोपी ने बुरी नीयत से युवती के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। इसके पश्चात भी आरोपी प्रार्थीया का लगातार पीछा करते हुए उसे रास्ते में परेशान करता रहा।

विश्व स्तनपान सप्ताह पर जिला अस्पताल में जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। विश्व स्तनपान सप्ताह 2026 के अवसर पर 1 अगस्त से 7 अगस्त तक विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में डिपार्टमेंट ऑफ नर्सिंग, आई.टी.एस. महाविद्यालय की ओर से जिला अस्पताल गरियाबंद में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं एवं आमजन को शिशु के बेहतर स्वास्थ्य और विकास के लिए स्तनपान के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. यशवंत चौहान एवं अस्पताल प्रबंधक डॉ. शंकर पटेल ने की। इस अवसर पर डिपार्टमेंट ऑफ नर्सिंग के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से स्तनपान के महत्व की जानकारी दी गई।

इस वर्ष विश्व स्तनपान सप्ताह की थीम ÷जीवन की सतत शुरुआत के लिए स्तनपान को मजबूत बनाएं÷ को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों ने नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को जन्म के तुरंत बाद शिशु को स्तनपान कराने तथा जन्म से शुरुआती छह माह तक केवल मां का दूध देने के महत्व के बारे में जानकारी दी। नुक्कड़-नाटक के माध्यम से यह भी बताया गया कि मां का दूध नवजात शिशु के लिए संपूर्ण एवं पौष्टिक आहार है, जो शिशु की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के साथ उसके शारीरिक एवं मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में पैनल चर्चा एवं वाद-विवाद प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें नर्सिंग विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने स्तनपान से जुड़े विभिन्न पहलुओं, मां एवं नवजात शिशु के स्वास्थ्य, प्रसव के बाद माताओं की देखभाल तथा शिशु के प्रारंभिक विकास में स्तनपान की भूमिका पर अपने विचार रखे।

एनएच-130 सी बदहाल, क्या आंदोलन के बाद नींद से जागेगा प्रशासन : ओंकार शाह

गरियाबंद/नवप्रदेश। नेशनल हाइवे 130 सी राष्ट्रीय राजमार्ग रायपुर से देवभोग सीधे ओडिसा प्रदेश को जोडती है, यह मुख्य मार्ग की हालत बेहद खराब होने से आए दिनों लोग दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे है और कई लोग अब तक मौत के काल मे समा गये। इस मार्ग मे मैनपुर झरियाबाहरा से मंदागमुड़ा तक सिंगल लेन सड़क होने के कारण बारिश के इन दिनो मे आये दिनो सड़क जाम लग रहा है और सैकड़ो यात्री राहगीर परेशान हो रहे है लेकिन इस ओर सरकार द्वारा कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जर्जर राष्ट्रीय राजमार्ग पर चिंता जाहिर करते हुए बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक कुमार ओंकार शाह ने कहा कि तत्काल मैनपुर झरियाबाहरा से मंदागमुड़ा गोहरापदर तक सडक चौडीकरण कार्य किया जाना चाहिए जिससे क्षेत्र के लाखों लोगों को आवगमन में सुविधा मिलेगी साथ ही क्षेत्र के विकास में गति आयेगी। शाह ने क्षेत्रवासियो के तकलीफो को प्रमुखता से उठाते हुए कहा रायपुर देवभोग मार्ग क्षेत्र के लाइफलाइन है लेकिन वर्तमान मे कई किलोमीटर तक सिंगल मार्ग होने के कारण बदहाली का शिकार हो चुका है सरकार भारी रोड़ टैक्टस वसुलने के बाद भी जनता जान जोखिम मे डालकर सफर करने मजबुर हो रहे है क्या बड़े आंदोलन के बाद ही शासन प्रशासन नींद से जगेगी। शाह ने कहा सड़क के किनारे दोनो ओर जानलेवा बड़े -बड़े गड्ढे हो गये है कही कही तो पूरा पटरी बारिश मे बह गया है वाहन साइड देते ही या तो पलट जा रही है या फिर वाहन फंसने से जाम लग रही है।

पूर्व विधायक ओंकार शाह ने आगे कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग 130 मौत का सडक बनकर रह गया है, पिछले कई वर्षो से सडक के किनारे पटरियों पर मुरम पिंचिंग तक का कार्य नही होने के कारण लगातार दुर्घटनाए हो रही है, और लोग बेमौत काल के गाल में समा रहे है। उन्होने आगे कहा आए दिनों इस मार्ग में लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है जब कि इस मार्ग से सांसद विधायक और उच्च अफसरों का आना जाना हो रहा है, बावजूद इसके सडक मरम्मत के तरफ कोई ठोस कार्यवाही नही किया जाना समझ से परे है। इस मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किए 5-6 वर्ष हो रहे है, लेकिन इन वर्षो में पुरे सडक में कही पर भी कोई मरम्मत कार्य ठीक ढंग से दिखाई नही देता।

आयोजन: 9 अगस्त को उप मंडी प्रांगण में होगा भव्य महोत्सव, खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे मुख्य अतिथि

विश्व आदिवासी दिवस पर कोमाखान में सजेगा आदिवासी संस्कृति का रंग

महासमुंद/नवप्रदेश। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को कोमाखान के उप मंडी प्रांगण में अखिल भारतीय गोंड़ समाज (18 गढ़, राज-सुअरमार) के तत्वावधान में भव्य महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में आदिवासी संस्कृति, परंपरा और गौरवशाली विरासत की झलक देखने को मिलेगी। कार्यक्रम में खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। महोत्सव को लेकर समाजजनों में खासा उत्साह है और आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं।

विधायक को सौंपा आमंत्रण पत्र-महोत्सव में शामिल होने के लिए गोंड़ समाज के प्रतिनिधिमंडल ने खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव से सौजन्य भेंट की और उन्हें कार्यक्रम का औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने विधायक से आयोजन में शामिल होकर समाजजनों का उत्साहवर्धन करने का आग्रह किया। इस दौरान समाज के विभिन्न पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिखेगी आदिवासी विरासत

समाज के पदाधिकारियों के अनुसार, विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर आयोजित महोत्सव में आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और विरासत को केंद्र में रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से आदिवासी जीवनशैली और परंपराओं की झलक प्रस्तुत की जाएगी। आयोजन में समाज के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में नागरिकों के शामिल होने की संभावना है।

समाज के पदाधिकारी रहे मौजूद-आमंत्रण देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में राज अध्यक्ष देवसिंह ठाकुर, राज उपाध्यक्ष राजू ठाकुर, महामंत्री कोमल सोम, तूफान दीवान, सर्किल अध्यक्ष ओंकार सिंह ठाकुर, मोहर सिंह ठाकुर, राधेश्याम ठाकुर, अरुण सिंह ठाकुर, सचिव रघुवीर सिंह ठाकुर, सरपंच एडिसन ठाकुर, महिला प्रतिनिधि बसंता ठाकुर, संगीता ठाकुर और रामवती ठाकुर सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल रहे।

संक्षिप्त खबरें

पण्डित सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रारंभ

नगरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित पंडित सुन्दर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय अध्ययन केन्द्र शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में बी ए, (हिन्दी, अंग्रेजी, संस्कृत साहित्य, समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान, इतिहास) बी एस सी गणित /विज्ञान, बी कॉम, एम ए (हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी साहित्य, राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, शिक्षा) एम एस डब्लू , एम एस सी (गणित/कम्प्यूटर साइंस/प्राणी विज्ञान/वनस्पति विज्ञान) ग्रन्थालय कोर्स - बी लिब × आई एस सी, एम लिब व कम्प्यूटर कोर्स- पीजीडीसीए, डी सी ए, योग विज्ञान में डिप्लोमा एवम् अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश 01 जुलाई से प्रारंभ है। इच्छुक अभ्यर्थी 15 सितंबर 2026 तक वि वि के वेबसाइट 222.श्ह्यह्यश्ह्न.द्बठ्ठ में विजित कर ऑनलाइन प्रवेश ले सकते हैं या अध्ययन केन्द्र शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में कार्यालयीन समय में मोबाइल नंबर 9713293414 से संपर्क कर सकते है द्य उक्त जानकारी समन्वयक सहायक श्री रोमनाथ चक्रधारी ने जानकारी दी।

सामुदायिक मध्यस्थता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायलय बिलासपुर द्वारा संचालित सामुदायिक मध्यस्थता पायलट परियोजना के अंतर्गत जिला बलौदाबाजार के चयनित ग्रामों में सामुदायिक मध्यस्थता के माध्यम से छोटे-छोटे सामाजिक व पारिवारिक विवादों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सौहार्द्रपूर्ण समाधान करने की पहल की जा रही है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार विनीता वार्नर के निर्देशानुसार विकासखंड भाटापारा के ग्राम दावनबोड़ में शुक्रवार को सामुदायिक मध्यस्थता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के सचिव आलोक पाण्डेय ने शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध मुक्त, विवाद मुक्त एवं सौहार्दपूर्ण गांव का निर्माण प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है।

पुलिस निरीक्षक सी.आर. चंद्रा के सुपुत्र अतुल चंद्रा का एनआईटी दिल्ली में चयन

भाटापारा/नवप्रदेश। भाटापारा के पूर्व थाना प्रभारी एवं वर्तमान में जिला सरगुजा में पदस्थ पुलिस निरीक्षक सी.आर. चंद्रा के सुपुत्र अतुल चंद्रा ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए जे ई मेन 2026 में 99.27 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त किया है और उनका चयन देश के प्रतिष्ठित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी(एन आई टी)दिल्ली के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में हुआ है।विदित हो कि मूलत जिला सक्ती अंतर्गत ग्राम अंडा के निवासी अतुल चंद्रा ने जवाहर नवोदय विद्यालय , लवन से कक्षा 12वीं की परीक्षा 93 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी। इसके पश्चात उन्होंने JEE 2026 में 99.27 परसेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा, कठिन परिश्रम एवं अनुशासित अध्ययन का उत्कृष्ट परिचय दिया। उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर एनआईटी दिल्ली के कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में उनका चयन हुआ है।

दीपक चौधरी का सीएम हेल्पलाइन में डीजी पे मांग हुआ पूरा

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने सीएम हेल्पलाइन में आए आवेदन का त्वरित निराकरण करते हुए उनके मांग पर आवश्यक प्रक्रिया कर उन्हें लाभान्वित किया है। जिले के आवेदक दीपक कुमार चौधरी ने सीएम हेल्पलाइन में अपने सेवा सेतु (सीएससी) आईडी में डीजी पे लाइट एक्टिव करने का मांग किया था। इससे आवेदक को सेवा सेतु (सीएससी) आईडी से डिजिटल माध्यम से रूपये लेन देन में सुविधा होगा। कलेक्टर ने ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर (ईडीएम) के माध्यम से आवेदक के सीएम हेल्पलाइन में किये मांग को पूरा किया और फोनकर इस संबंध में उन्हें जानकारी दी।

सारंगढ़ जिला अस्पताल में 8 अगस्त को होगा पीएम सुरक्षित मातृत्व शिविर

सारंगढ़ बिलाईगढ़/नवप्रदेश। जिला प्रशासन सारंगढ़- बिलाईगढ़ द्वारा मातृ-शिशु स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच का आयोजन निरंतर किया जा रहा है। इसी कड़ी में हर महीने की 9 और 24 तारीख को आयोजित होने वाला 'प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान' का शिविर इस बार 9 अगस्त को रविवार होने के कारण 8 अगस्त यानी शनिवार को जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में आयोजित किया जाएगा।

पर्वतारोही एवं सोलो साईकलिस्ट समीरा खान ने बेटियों का बढ़ाया हौसला

■ बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत समाज में जागरूकता का दिये सन्देश

भाटापारा/नवप्रदेश। 37 से अधिक देशों और देश के दर्जनों राज्यों में सात हजार से अधिक किलोमीटर तक साईकिल से सफर करने वाली पर्वतरोही एवं सोलो साईकिल यात्री समीरा खान शुक्रवार को जिला बलौदाबाजार -भाटापारा पहुंची। इस दौरान उन्होंने कई स्कूलों का भ्रमण कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अतंर्गत बालिका सशक्तिरण को बढ़ावा देने एवं छात्राओ को आत्म निर्भर बनाने, लिंगभेद, दहेज और मानसिक व यौन उत्पीड़न जैसी सामाजिक बाधाओं का समाधान करने अपने साहसिक अभियानों और सोलो साइकिल यात्राओं के माध्यम से समाज में जागरूकता लाने का संदेश दिया।

भ्रमण के दौरान विकासखण्ड भाटापारा के डीडब्लू.पी. एस. स्कूल, गुरूकुल स्कूल, स्वामी आत्मानंद स्कूल रावनभाठा.शासकीय कन्या शाला भाटापारा, मयूर क्लब स्कूल भाटापारा एवं विकासखण्ड बलौदाबाजार में शाश्वत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सेक्रेड हार्ट हाई स्कूल, पं. चक्रपाणी शुक्ल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, स्वामी आत्मानंद स्कूल अर्जुनी में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए समीरा खान की प्रेरणादायक अनुभवों को सुना तथा उनसे संवाद किया।

इस अभियान के दौरान 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं को विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु एचपीवी टीकारण लगवाने के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें समय पर टीकाकरण कर अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संदेश दिया गया। साथ ही शिक्षा का महत्व, महिला सशक्तिकरण, सुरक्षा, स्वास्थ्य, नेतृत्व क्षमता तथा अपने सपनों को साकर करने के लिए प्रेरित किया गया तथा जीवन में चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना करने एवं अपने लक्ष्य के प्रति निरंतर प्रयासरत रहने का संदेश दिया गया।

टोकरो हत्याकांड का 24 घंटे में पुलिस ने किया खुलासा

पत्नी ने ही की थी पति की हत्या गिरफ्तार,न्यायिक रिमांड पर जेल

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। रायपुर जिले के अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टोकरो में हुए चौकीदार परमेश्वर सिदार हत्याकांड का पुलिस ने खुलासा कर दिया। जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी तिजियाबाई सिदार (26 वर्ष) ने ही अपने पति की गला दबाकर हत्या की थी। पुलिस ने पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद आरोपी पत्नी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

तालाब किनारे मिला था चौकीदार का शव

जानकारी के अनुसार 4 अगस्त की सुबह ग्राम टोकरो के छांटा तालाब के पास चौकीदार परमेश्वर सिदार का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव के गले पर दबाव के निशान देख हत्या की आशंका के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटनास्थल के निरीक्षण, तकनीकी एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस को मृतक की पत्नी तिजियाबाई सिदार पर संदेह हुआ। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसने हत्या करना स्वीकार कर लिया।

पूछताछ में किया बड़ा खुलासा

आरोपी महिला ने पुलिस को बताया कि उसका पति शराब का आदी था, उसके चरित्र पर संदेह करता था और अक्सर मारपीट करता था। उसने यह भी दावा किया कि घटना की रात जब वह बाहर से लौटी तो उसने अपने पति को अपनी बच्ची के साथ गलत हरकत करने की कोशिश करते देखा। गुस्से में आकर उसने अपनी साड़ी के पल्लू से पति का गला दबा दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

हत्या के बाद रची साजिश

पुलिस के अनुसार, हत्या के बाद आरोपी ने शव को बाहर रख दिया और खुद कमरे में चली गई। बाद में दरवाजा बाहर से बंद होने का आभास कराने की कोशिश की। सुबह गांव वालों के आने का इंतजार किया और खुद को घटना से अनजान दिखाते हुए रोने-बिलखने लगी। इसी बीच ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। अभनपुर पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

पानी की समस्या से जूझ रहे किसानों की समस्या पर विधायक ने लिया संज्ञान

राजिम / नवप्रदेश। क्षेत्रीय विधायक रोहित साहू की त्वरित पहल और निर्देशों के बाद सिंचाई विभाग ने कुकदा पिकअप वियर से पानी डायवर्ट कर नहरों में छोड़ दिया है। इस फैसले से क्षेत्र के उन किसानों को बड़ी राहत मिलेगी जो बीते दिनों से सिंचाई के लिए पानी की किल्लत का सामना कर रहे थे। क्षेत्र में पानी की कमी के कारण किसानों की चिंताएं लगातार बढ़ती जा रही थीं और फसलों को बचाने के लिए पानी की नितांत आवश्यकता थी। किसानों की इस ज्वलंत समस्या को विधायक रोहित साहू ने गंभीरता से लिया और तत्काल जल संसाधन विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों की फसलों को सूखने से बचाने के लिए कुकदा पिकअप वियर से तुरंत पानी डायवर्ट कर वितरक नहरों में छोड़ी जाए। विधायक के निर्देश के बाद सिंचाई विभाग ने कुकदा पिकअप वियर से पानी का प्रवाह शुरू कर दिया है, जिससे अंतिम छोर तक पानी पहुँचाने की व्यवस्था की जा रही है। कुकदा पिकअप वियर से पानी डायवर्ट किए जाने के बाद राजिम क्षेत्र के तीन प्रमुख डिस्टिब्यूटर्स फिंगेश्वर डिस्टिब्यूटर,रक्शा डिस्टिब्यूटर और परसदा डिस्टिब्यूटर के फसलों को नया जीवन मिलेगा।

इन तीनों डिस्टिब्यूटर्स में समय पर पानी छोड़े जाने से राजिम और फिंगेश्वर क्षेत्र के किसानों ने विद रोहित साहू का आभार व्यक्त किया। किसानों ने कहा कि यदि सही समय पर पानी नहीं मिलता तो उनकी मेहनत और फसल दोनों बर्बाद हो सकती थीं। विधायक रोहित साहू की इस संवेदनशीलता और त्वरित कार्रवाई के लिए फिंगेश्वर, रक्शा और परसदा डिस्टिब्यूटर क्षेत्र के किसान भाइयों ने उनका सहृदय धन्यवाद और आभार व्यक्त किया है।

आरक्षित वन क्षेत्र में करील की अवैध कटाई, 21 नग करील के साथ 65 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

■ वन विभाग की गश्ती टीम ने पिथौरा परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 282 में की कार्रवाई, भारतीय वन अधिनियम के तहत वन अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। वन संपदा के अवैध दोहन के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए पिथौरा वन परिक्षेत्र के आरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रूप से करील एकत्रित कर रहे एक व्यक्ति को पकड़ा है। आरोपी के कब्जे से करील के 21 नग तथा एक चाकू जब्त किया गया है। मामले में भारतीय वन अधिनियम, 1927 की सुसंगत धाराओं के तहत वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 6 अगस्त 2026 को गश्ती के दौरान वन विभाग की टीम ने महासमुंद वनमंडल के पिथौरा परिक्षेत्र अंतर्गत आरक्षित वन क्षेत्र के कक्ष क्रमांक 282 में एक व्यक्ति को अवैध रूप से करील एकत्रित करते हुए पकड़ा। आरोपी की पहचान बिरंची तांडी, पिता मंगलू तांडी 65 निवासी ग्राम लिमदरहा, थाना बसना, तहसील पिथौरा, जिला महासमुंद के रूप में हुई है।

कार्रवाई के दौरान वन विभाग की टीम ने आरोपी के कब्जे से करील के 21 नग और एक चाकू बरामद कर जब्त किया। विभाग के अनुसार आरक्षित वन क्षेत्र में बिना अनुमति वन उपज का संग्रहण किया जाना वन नियमों का उल्लंघन है।

वन विभाग ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय वन अधिनियम, 1927 की सुसंगत धाराओं के तहत वन अपराध दर्ज किया है। प्रकरण में नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि वन क्षेत्रों से किसी भी प्रकार की वन उपज का अवैध संग्रहण अथवा वन संपदा को नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है। विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे वन क्षेत्रों में करील या अन्य वन उपज का अवैध रूप से संग्रहण न करें और वन संपदा को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुंचाएं।

विभाग ने नागरिकों से वन एवं वन्य संसाधनों के संरक्षण में सहयोग करने तथा जंगल में होने वाली किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल निकटतम वन कार्यालय अथवा वन विभाग को देने की अपील की है।

चटरीबाहरा प्रथमिक शाला में 3 विद्याथियों पर 2 शिक्षक पदस्थ

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत सराईटोला के आश्रित ग्राम पंचायत सराईटोला के पास गांव पर चटरीबाहरा स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय की स्थिति इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। वर्ष 2005 में स्थापित इस विद्यालय में छात्र संख्या लगातार कम होती गई। जानकारी के अनुसार, छात्र संख्या 10 से अधिक नहीं पहुंचने के कारण विद्यालय को पूर्व में बंद कर अन्य व्यवस्था के तहत संचालित किया गया।

वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2026-27 में इस विद्यालय में केवल 3 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं, जिनमें 2 छात्र और एक छात्रा शामिल हैं। वहीं इन तीन विद्यार्थियों के लिए 2 शिक्षकों की पदस्थापना होने से शिक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में भी इस विद्यालय में केवल चार विद्यार्थी ही दर्ज थे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर कई शासकीय विद्यालयों में अधिक छात्र संख्या होने के बावजूद केवल एक शिक्षक के भरोसे पढ़ाई संचालित हो रही है, वहीं दूसरी ओर मात्र तीन विद्यार्थियों वाले विद्यालय में दो शिक्षकों की तैनाती संसाधनों के संतुलित उपयोग पर प्रश्नचिह्न खड़े करती है।

विभागीय द्वारा मानना है कि शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों की छात्र संख्या के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्त समायोजन करना चाहिए, ताकि जिन स्कूलों में शिक्षकों की कमी है वहां विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक व्यवस्था मिल सके।

डीएलसीसी-डीएलआरसी की 51वीं बैठक आयोजित

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में बैंकिंग सेवाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने के लिए जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) की 51वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बीएस उइके ने की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर, अपर कलेक्टर पंकज डाहिरे, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लीड डिस्ट्रिक्ट ऑफिसर क्षितिज वर्मा, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक दिलीप कु. दामानी, अग्रणी जिला प्रबंधक केएम सिंह, लीड बैंक सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के अधिकारी, विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में जिले की बैंकिंग व्यवस्था, ऋण-जमा अनुपात (सीडी रेशियो), वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक ऋण योजना (एसीपी) की उपलब्धियों एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बैंकिंग क्षेत्र के प्रदर्शन का मूल्यांकन करते हुए ऋण वितरण में गति लाने तथा निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दावनबोड़ में हुआ विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

■ गांव को विवादमुक्त, अपराधमुक्त एवं सौहार्दपूर्ण बनाने का ग्रामीणों ने लिया संकल्प

भाटापारा/नवप्रदेश। उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायलय बिलासपुर द्वारा संचालित सामुदायिक मध्यस्थता पायलट परियोजना के अंतर्गत जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा का चयन किया गया है। इस परियोजना के तहत जिले के चयनित ग्रामों में सामुदायिक मध्यस्थता के माध्यम से छोटे-छोटे सामाजिक व पारिवारिक विवादों का आपसी सहमति से त्वरित एवं सौहार्द्रपूर्ण समाधान करने की पहल की जा रही है।

इसी कड़ी में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार श्रीमती विनीता वार्नर के निर्देशानुसार विकासखंड भाटापारा के ग्राम दावनबोड़ में शुक्रवार को सामुदायिक मध्यस्थता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार के सचिव आलोक पाण्डेय ने शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपराध मुक्त, विवाद मुक्त एवं सौहार्दपूर्ण गांव का निर्माण प्रत्येक नागरिक की सक्रिय सहभागिता से ही संभव है। सामुदायिक मध्यस्थता सामाजिक एकता, आपसी विश्वास एवं शांति स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी ग्रामवासियों से कानून का सम्मान करते हुए सामाजिक समरसता बनाए रखने तथा अपने गांव को अपराध एवं विवाद मुक्त बनाने के लिए आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में लगभग 80 से 100 ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा सामुदायिक मध्यस्थता अभियान से जुड़कर अपने गांव को विवादमुक्त, अपराधमुक्त एवं सौहार्दपूर्ण बनाने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग, भाईचारे एवं संवाद के माध्यम से छोटे-छोटे विवादों का स्थानीय स्तर पर शांतिपूर्ण समाधान करने की सहमति व्यक्त की।शिविर के दौरान उपस्थित नागरिकों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार द्वारा संचालित निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, सामुदायिक मध्यस्थता, मध्यस्थता की प्रक्रिया तथा विभिन्न जनकल्याणकारी विधिक योजनाओं की जानकारी भी प्रदान की गई।सामुदायिक मध्यस्थता पायलट परियोजना के अंतर्गत ग्राम दावनबोड़ से चयनित सामुदायिक मध्यस्थों विष्णु प्रसाद वर्मा एवं गीता वर्मा ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर द्वारा आयोजित प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षण उपरांत उन्हें उच्च न्यायालय की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया।

विधायक रोहित साहू के नेतृत्व में निकलेगी भव्य कांवड़ यात्रा

राजिम/नवप्रदेश। सावन माह के दूसरे सोमवार को राजिम क्षेत्र शिवमय हो उठेगा। भगवान भोलेनाथ के जयघोष, भजनों की मधुर स्वर लहरियों और धूमाल बाजों की गूंज के बीच क्षेत्र में एक भव्य, विशाल एवं आकर्षक कांवड़ यात्रा का आयोजन होने जा रहा है । इस ऐतिहासिक यात्रा का नेतृत्व क्षेत्र के विधायक रोहित साहू करेंगे। यात्रा में गांव-गांव से हजारों की संख्या में शिवभक्त, कांवड़िए, महिलाएं, युवा एवं श्रद्धालु शामिल होकर भगवान शिव के प्रति अपनी अटूट आस्था और श्रद्धा का परिचय देंगे। कार्यक्रम के अनुसार विधायक रोहित साहू सोमवार सुबह 9 बजे पंचकोशी धाम फिंगेश्वर पहुंचेंगे। यहां वे भगवान फणिकेश्वर नाथ महादेव के दर्शन, पूजन एवं विधि-विधान से जलाभिषेक करेंगे। इसके पश्चात विशाल कांवड़ यात्रा का शुभारंभ होगा। यात्रा फिंगेश्वर से पैदल प्रारंभ होकर राजिम स्थित श्रीकुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर तक पहुंचेगी। पूरे मार्ग में श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगाते भजन-कीर्तन करते हुए हर-हर महादेव के उदघोष के साथ आगे बढ़ेंगे। यात्रा की सबसे बड़ी विशेषता भोलेनाथ की आकर्षक झांकी धूमाल बाजों की मनमोहक प्रस्तुति एक से बढ़कर एक शिवभजन रहेगी, जो पूरे वातावरण को भक्तिमय बना देगी। शिवभक्त पारंपरिक वेशभूषा में भगवान भोलेनाथ की भक्ति में लीन दिखाई देंगे। महिलाओं, युवाओं और बच्चों की बड़ी भागीदारी इस आयोजन को और भी भव्य स्वरूप प्रदान करेगी। रास्ते भर श्रद्धालुओं का स्वागत विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा, जल सेवा एवं प्रसाद वितरण के माध्यम से किया जाएगा। फिंगेश्वर से पैदल यात्रा प्रारंभ होने के बाद बोरसी में पहला पड़ाव रखा गया है। यहां श्रद्धालुओं के लिए जलपान एवं विश्राम की व्यवस्था की गई है। इसके बाद यात्रा पुनः आगे बढ़ते हुए राजिम पहुंचेगी, जहां श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर रहेगा।

न्यूज गैलरी

सैनिकों के लिए राजपूत समाज ने भेजीं राखियां

राजनांदगांव/नवप्रदेश। सीमा पर देश की रक्षा में तैनात सैनिकों के प्रति सम्मान और भाईचारे की भावना व्यक्त करते हुए राजपूत करणी सेवा के नेतृत्व में राजपूत समाज के लोगों ने सैनिकों के लिए राखियां भेजीं। ऑडिटोरियम में आयोजित सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान कार्यक्रम में समाज की लोगों ने सैनिक भाइयों के लिए राखियां एवं शुभकामना संदेश तैयार कर भेजा है। कार्यक्रम में राजपूत करणी सेवा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष संजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए। इस दौरान सैनिकों के सम्मान और उनके प्रति समाज की जिम्मेदारी को लेकर विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप सिंह का राजपूत करणी सेवा एवं समाज की ओर से राखी और शाल भेंटकर सम्मान किया गया। वक्ताओं ने कहा कि देश की सीमाओं पर सैनिक विपरीत परिस्थितियों में रहकर राष्ट्र की सुरक्षा करते हैं। उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर राजपूत समाज के प्रदेश महासचिव गोल्डी भदोरिया, जिला अध्यक्ष अमन बहादुर सिंह, कपिल सिंह चौहान अजय कुशवाहा, संजय सिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, महिलाएं एवं सदस्य मौजूद रहे।

मवेशियों से भरी पिकअप पकड़ाई, 8 गौवंश सुरक्षित, 3 आरोपी फरार

बालोद/नवप्रदेश। जिले में अवैध रूप से मवेशियों के परिवहन के खिलाफबालोद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक पिकअप वाहन से 8 गौवंश को सुरक्षित बरामद किया है। मामले में तीन अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम एवं पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी निरीक्षक शिशुपाल सिन्हा को मोबाइल मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम भेड़िया नवागांव क्षेत्र से एक पिकअप वाहन में गाय एवं बछड़ों को क्रूरतापूर्वक भरकर त्रिपाल से ढंकते हुए वध के उद्देश्य से ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई। इसी दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के गौ सेवा विभाग से जुड़े पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने अपने साथियों प्रमोद साहू एवं धर्मेंद्र आहुजा के साथ पीपरछेड़ी-निपानी मार्ग पर निगरानी शुरू कर दी और इसकी सूचना पुलिस को भी दे दी। कुछ समय बाद संदिग्ध पिकअप वाहन दिखाई दिया। वाहन को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने तेज रफ्तार से वाहन भगाने की कोशिश की। इसी दौरान वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ और झाड़ियों से टकरा गया। दुर्घटना के बाद वाहन में सवार तीनों आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों की ओर भाग निकले। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिकअप वाहन क्रमांक सी.जी.24 यू 3263 की तलाशी ली। वाहन के पीछे बंधे पीले रंग के त्रिपाल को हटाने पर उसमें कुल 8 गौवंश–6 गाय और 2 बछिया–बेहद क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर भरे हुए मिले। मवेशियों के लिए चारा-पानी की कोई व्यवस्था नहीं थी। पुलिस ने सभी गौवंश को सुरक्षित बाहर निकालकर उनकी देखभाल के लिए महावीर गौशाला, बालोद में सुपुर्द किया। पुलिस ने मौके से लगभग 10 लाख रुपये मूल्य की पिकअप, एक पीला त्रिपाल तथा करीब 70 हजार रुपये मूल्य के 8 गौवंश जब्त किए हैं। जब्त संपत्ति का कुल मूल्य लगभग 10.70 लाख रुपये बताया गया है।

प्राचार्यों-शिक्षकों की बैठक में शिक्षा गुणवत्ता के कार्यों पर फोकस

■ शिक्षकों की कमी वाले शालाओं में संगवारी गुरूजी एवं मानसेवी शिक्षक नियुक्त करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

बालोद/नवप्रदेश। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के बालोद एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के हायर सेकण्डरी एवं हाई स्कूल के प्राचार्यों और शिक्षकों की बैठक लेकर शिक्षा गुणवत्ता के कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने शिक्षा विभाग के आला अधिकारियों के अलावा सभी प्राचार्यों एवं शिक्षकों को विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के साथ-साथ उत्कृष्ट परीक्षा परिणामों के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रदान करना शासन के सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दाश्त नही की जाएगी। बैठक में उन्होंने स्कूलवार शिक्षा गुणवत्ता में सुधार एवं परीक्षा परिणाम को उत्कृष्ट बनाने हेतु किए जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने कार्य में लापरवाही बरतने वाले प्राचार्यों एवं शिक्षकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की भी चेतावनी दी। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने सुबह 11 बजे से प्रथम पाली में बालोद विकासखण्ड एवं द्वितीय पाली में दोपहर 03 बजे से डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के प्राचार्यों एवं शिक्षकों की बैठक ली। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री दीपक दुबे एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के अलावा दोनों विकासखण्डों के हाई स्कूल एवं हायर सेकण्डरी स्कूलों के प्राचार्यों के अलावा अन्य अधिकारियों एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने दोनों विकासखण्डों के स्कूलवार शिक्षा सत्र 2025-26 में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा परिणाम, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति, कमजोर बच्चों की स्थिति में सुधार तथा विद्यालय के परीक्षा परिणाम को और अधिक बेहतर बनाने हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। बैठक में श्रीमती मिश्रा ने जिन विषयों का परीक्षा परिणाम संतोषप्रद नही रहा उन विषयों के शिक्षकों को तलब कर उसका कारण पूछा। कलेक्टर ने प्राचार्यों और शिक्षकों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा परिणाम खराब या संतोषप्रद नही होने पर उनके विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी को संबंधित प्राचार्यों एवं शिक्षकों के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूलवार जून एवं जुलाई माह में विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति की समीक्षा की। कलेक्टर ने विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित उपस्थिति तथा अध्यापन कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी प्राचार्यों को किसी भी शिक्षक-शिक्षिका का 15 दिन से अधिक का संतान पालन अवकाश स्वीकृत नही करने के भी निर्देश दिए। श्रीमती मिश्रा ने सभी प्राचार्यों को संतान पालन हेतु 15 दिन से अधिक की अवकाश के लिए आवेदन प्राप्त होने पर जिला शिक्षा अधिकारी को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने सभी प्राचार्यों से शिक्षकों के रिक्त पदों के संबंध में भी जानकारी ली। डीएमएफ प्रभावित क्षेत्रों में डीएमएफ के माध्यम से संबंधित शालाओं में संगवारी गुरूजी शीघ्र नियुक्ति की जाएगी।

जिपं की सामान्य सभा में गूंजे जनहित के मुद्दे

खैरागढ़/नवप्रदेश। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक में जालबांधा क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य शताक्षी सिंह ने अपने क्षेत्र से जुड़े कई महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दे उठाते हुए संबंधित विभागों से जवाब मांगा। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, मत्स्य पालन और खाद्य विभाग से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। शताक्षी सिंह ने अधिकारियों के समक्ष क्षेत्र की समस्याओं को प्रमुखता से रखते हुए इनके निराकरण की समयसीमा जानने की मांग की। शिक्षा विभाग से जुड़े मुद्दे में ग्राम दपका के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष निर्माण का मामला उठाया गया। उन्होंने बताया कि अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य वर्ष 2019 में स्वीकृत हुआ था और इसके लिए राशि भी जारी की जा चुकी है। निर्माण कार्य का आधा हिस्सा पूरा होने के बावजूद पिछले करीब सात वर्षों से भवन अधूरा पड़ा है।

उन्होंने सवाल उठाया कि स्वीकृति और राशि जारी होने के बाद भी निर्माण कार्य अब तक पूरा क्यों नहीं हुआ। उन्होंने शासन की राशि के उपयोग से जोड़ते हुए पूछा कि अधूरा निर्माण कब तक पूरा किया जाएगा और इसके लिए जिम्मेदारी किसकी तय होगी। स्वास्थ्य विभाग के सामने ग्राम मदराकुही के उपस्वास्थ्य केंद्र का मुद्दा भी उठाया गया। शताक्षी सिंह ने कहा कि केंद्र में निर्धारित सेटअप के अनुसार कम से कम एक सीएचओ, एक आरएचओ मेल, एक आरएचओ फीमेल और दो एएनएम/स्टाफ नर्स की आवश्यकता है। लेकिन जानकारी के अनुसार पिछले तीन वर्षों से यहां केवल एक सीएचओ और एक आरएचओ मेल ही पदस्थ हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या इतने कम कर्मचारियों के सहारे उपस्वास्थ्य केंद्र का संचालन हो सकता है। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को दूर करने स्टाफ की नियुक्ति कब तक की जाएगी।

ऑडिटोरियम का कल भूमिपूजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के वार्ड 22 में 2000 सीटों वाले आधुनिक एवं विशाल ऑडिटोरियम के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। प्रस्तावित ऑडिटोरियम के भूमि पूजन समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ विस्तृत चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। अत्याधुनिक ऑडिटोरियम भविष्य में शिक्षा, संस्कृति, साहित्य, कला और विभिन्न सामाजिक आयोजनों का प्रमुख केंद्र बनेगा। भूमि पूजन समारोह का आयोजन 9 अगस्त दोपहर 12 बजे नीलगिरी पार्क, जलतरंग परिसर, हरिओम नगर, कुंज विहार कॉलोनी एवं गायत्री कॉलोनी के मध्य स्थित स्थल पर किया जाएगा। समारोह में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री गजेंद्र यादव, सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन विभाग की अध्यक्ष नीलू शर्मा तथा भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका कमला देवी देशमुख पति महेश कुमार देशमुख निवासी हास्पिटल सेक्टर दल्लीराजहरा जिला बालोद द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको स्थित नजूल भूमि ख.नं 1/2, 2/2 भूखंड कं.एम.आई.जी. 1/776 क्षेत्रफल 150 वर्गमीटर भूमि धारकगण सुरिन्दर कौर पि. स्व. मुख्तार सिंह, लखवीर कौर पति स्व. कृपाल सिंह, राजप्रीत कौर, जगदीप कौर पिस.स्व. कृपाल सिंह, सुखविंदर कौर पति स्व. सतनाम सिंह, गगनदीप सिंह, हरप्रीत कौर पिस. स्व. सतनाम सिंह के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड पंजीकृत बैनामा दिनांक 01.07.2026 द्वारा आवेदक के पक्ष में विक्रय पत्र निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त विक्रय पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखंड से धारक का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक सतीश साहू आ. स्व. केजू राम साहू अन्य 04 निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट नं. एल.आई.जी. 239 क्षेत्रफल 96 वर्गमीटर भूमि धारक केजूराम साहू आ. धनउ राम साहू निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक केजूराम साहू आ0धनउ राम साहू की मृत्यु दिनांक 08.10.2023 को एवं पत्नी प्रेमिन बाई साहू पति केजूराम साहू की मृत्यु दिनांक 30.07.2025 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान सतीश साहू, संतोष साहू, उषा साहू, सुशीला भैंसले, सुनीता साव पिस. केजू राम साहू है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों के नाम पर फौती नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मै माया बाई (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र / सुपुत्री / पत्नी अमर सिंह, ग्राम / शहर–कैम्प–1, शास्त्री नगर, भिलाई, तह. दुर्ग, जिला–दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम माया बाई (पुराना नाम) से बदल कर मोतिम बाई (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
माया बाई पिता/पति अमर सिंह
ग्राम/शहर–कैम्प–1, शास्त्री नगर, भिलाई तह. व जिला–दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/सूचना

मैं अजय कुमार कोसरे (AJAY KUMAR KOSRE) अजय कुमार (AJAY KUMAR) पिता श्री प्रकाश कुमार कोसरे (PRAKASH KUMAR KOSRE) उम्र 47 वर्ष, निवासी–म.नं.424, वार्ड 12, रामनगर मुक्तिधाम भिलाई, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं मैं अपना पुराना नाम अजय कुमार कोसरे (AJAY KUMAR KOSRE) अजय कुमार (AJAY KUMAR) को बदलकर नया नाम अजय कोसरे (AJAY KOSRE) रख लिया है।

शपथकर्ता
अजय कुमार कोसरे
पिता श्री प्रकाश कुमार कोसरे
निवासी–म.नं.424, वार्ड 12, रामनगर मुक्तिधाम भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.120/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदिका राजकुमारी जैन ध.प. स्व. सोहनलाल जैन निवासी सदर बाजार दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि दुर्ग स्थित नजूल भूमि शीट क्रं. 29 डी भूखंड कं. 151 क्षेत्रफल 108 वर्गमीटर भूमि धारकगण ललिता देवी व अन्य 06 के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। सहधारक अशोक कुमार गोधा पि.स्व. धर्मचंद जैन के तरफ से आम मुख्तयार अंकित जैन, अरूण कुमार जैन पि0स्व0धर्मचंद जैन के तरफ से आम मुख्तयार समय जैन, अनिता जैन, अलका जैन पिस.स्व. धर्मचंद जैन, लालचंद जैन, स्वरूप चंद जैन पिस. स्व. कुंदनमल जैन, ललिता देवी पति स्व. धर्मचंद जैन द्वारा उक्त भूखंड का रकबा 108 वर्गमीटर में से 98.18 वर्गमीटर आवेदिका राजकुमारी जैन पति स्व0सोहन लाल जैन के पक्ष में पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 06.08.2025 को निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा पंजीकृत हक त्याग पत्र के आधार पर प्रश्नाधीन भूखण्ड से सहधारक / हक त्यागकर्ता का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम नजूल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03.08.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202606103800013 /37/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक बी. सांई महेश्वर राजू आ. स्व. बी. सुब्बा राजू निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित खसरा नं. 1/2, 2/2 का दु. प्लाट नं. एल.आई.जी. 99 क्षेत्रफल 96 वर्गमीटर भूमि धारक बी.एस. राजू आ. बी.जे.एस. रामाराजू निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक बी.एस. राजू आ. बी.जे.एस. रामाराजू की मृत्यु दिनांक 05.11.2017 को एवं पत्नी बी. शशीवदना की मृत्यु दिनांक 01.01.2019 को हो चुकी है। मृतक धारक के वारिसान बी.सांई. महेश्वर राजू है। आवेदक द्वारा प्रश्नाधीन भूखण्ड से मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसान के नाम पर फौती नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 19.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं नेमित राम साहू (NEMIT RAM SAHU) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) सुपुत्र स्व. शीतलू साहू, निवासी–म.नं.– 220, ग्राम बोरई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) ने अपना नाम नेमित राम साहू (NEMIT RAM SAHU) (पुराना नाम) से बदल कर निमितराम (NIMITRAM) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
नेमित राम साहू
आ. स्व. शीतलू साहू
निवासी- म.नं.- 220, ग्राम बोरई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला राजनांदगांव तहसील- राजनांदगांव प.ह.न. 00051 उसरीबोड़ ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण आर.डी. 202526420539800005

तहसील राजनांदगांव के प.ह.न. 00051 के अंतर्गत ग्राम उसरीबोड़ के वर्तमान भूमिस्वामी मन्नूलाल पिता/पति झाइराम पता-सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 480/2(0.1540), 678/2(0.0370), 116/2(0.0200), 480/7(0.0530) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता लीलाबाई साहू पिता/पति-स्व. मन्नूलाल साहू पता-निवासी ग्राम कच्चे तह. भानुप्रतापपुर जिला कांकेर के नाम पर पंजीयन/ फौती होने के उपरांत नामांतरण/ अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार राजनांदगांव पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 19.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं (SHIVA KUMARI DIWAN) (पुराना नाम, जिसे बदला जाना है) शहर 810, आशा नगर अभिनंदन किराना स्टोर के पास, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से अपना नाम (SHIVA KUMARI DIWAN) (पुराना नाम) से बदल शिवकुमारी दीवान (SHIV KUMARI DIWAN) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ती
शिव कुमारी दीवान
शहर 810, आशा नगर
अभिनंदन किराना स्टोर के पास, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन/सूचना

मै उमा लाउत्रे पत्नि नीलकंठ लाउने पति नीलकंठ लाउत्रे (NEELKNTH LAUTRE) निवासी–651/6, नदी रोड, वार्ड नंबर–56, उरला, दुर्ग, तहसील दुर्ग जिला दुर्ग छत्तीसगढ़ ने अपना नाम उमा लाउत्रे (LAUTRE) पति नीलकंठ लाउत्रे (NEELKNTH LAUTRE) से बदल कर पूनम लाउत्रे (POONAM LAUTRE) पति नीलकंठ लाउत्रे (NEELKNTH LAUTRE) रख लिया है।

शपथकर्ती
उमा लाउत्रे पति नीलकंठ लाउत्रे
निवासी–651/6, नदी रोड वार्ड नंबर–56, उरला दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202608103000011 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केताः प्रीति जायसवाल पिता स्व शिव प्रसाद जायसवाल निवासी कपिल नगर नया सरकंडा बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम पुरई प.ह.नं. 54 रा.नि.मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं 607/2 कुल रकबा 1.1735 हे. में से 0.014 हे.135 वर्गमीटर 1452.6 वर्गफीट भूमि विकेताः कुबेर मेगा प्रोजेक्ट्स प्रा.लि. डायरेक्टर श्री नागेन्द्र प्रताप सिंह आ. स्व. श्री रामरतन सिंह निवासी 32/8 नेहरू नगर पश्चिम भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.03.2025 को किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को क्रेता के नाम पर प्रामाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवो संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 03.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया ।

मुहर — नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202608100700002 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती वाई वेंकट रवना पिता/पति वाई ब्रम्हा नायडू निवासी ग्राम सेक्टर-6 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 619/79 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार एन. भाल कोण्डया की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.07.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.202608100700001 /अ-06/वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका श्रीमती वाई वेंकट रवना पिता/पति वाई ब्रम्हा नायडू निवासी ग्राम सेक्टर-6 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 619/67 रकबा 0.010 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार एन. भाल कोण्डया की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 21.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.07.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104800191

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी अरविंद कुमार सिंग पिता/पति मोतीलाल सिंग पता 16 डी सड़क एवेन्यू ए के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 326/77(0.0060) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता मीरा सिंह पिता/पति स्व. अरविंद सिंह पता प्लाट नं. 36/37 माईल स्टोन स्कूल के पास दुर्गा नगर भिलाई, तेजस्विता सिंह पिता/पति स्व. अरविंद सिंह पता प्लाट नं. 36/37 माईल स्टोन स्कूल के पास दुर्गा नगर भिलाई, अनुशील सिंह पिता/पति स्व. अरविंद सिंह पता प्लाट नं. 36/37 माईल स्टोन स्कूल के पास दुर्गा नगर भिलाई, अंकिता सिंह पिता/पति स्व. अरविंद सिंह पता प्लाट नं. 36/37 माईल स्टोन स्कूल के पास दुर्गा नगर भिलाई के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 14.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 23.07.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)
धारा 6(2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक राम साहू पिता मनोहर साहू आयु-23 वर्ष, निवासी- वार्ड नं. 53, ग्राम पोटियाकला, कुंदरापारा, थाना पद्मनाभपुर, तहसील दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) एवं आवेदिका अनिशा रात्रे पिता स्व. उमेद रात्रे माता श्रीमती विद्या रात्रे आयु-30 वर्ष, निवासी- हाउस नं. 75/ग, वार्ड नं. 06, ग्राम इन्दावानी, टेड़ेसरा, थाना सोमनी, तहसील राजनांदगांव जिला राजनांदगांव (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (कमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 27.08.2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक 23.07.2026
पेशी तारीख 27.08.2026

मुहर — अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)
धारा 6(2) देखिये

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है, कि आवेदक सुमीत कुमार आ. चैतराम बघेल, जाति- सतनामी, आयु-25 वर्ष, निवासी- ग्राम बिरेझर, वार्ड नं. 12, थाना-घुमका, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) एवं कु. दिव्या आ. छबिराम, जाति-तेली आयु-23 वर्ष, निवासी- ग्राम बिरेझर, थाना-बोरी, तहसील धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) (पक्षकारों के नाम) से विशेष विवाह अधिनियम 1954 (क्रमांक 4 सन 1954) के अध्याय दो के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन पत्र पेश किया गया है।

प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में पेशी तारीख 25.08.2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

जारी दिनांक 24.07.2026
पेशी तारीख 25.08.2026

मुहर — अपर कलेक्टर एवं जिला विवाह अधिकारी राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

मैं शपथकर्ता ओमप्रकाश यादव (OMPRAKASH YADAV) पिता अशोक यादव (ASHOK YADAV) उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड नं. 12. पिपल पेड़ के पास, भालेसर, तह. भिंभीरी, जिला–बेमेतरा (छ.ग.) एतद् द्वारा पूर्णतः पुष्टि करता हूं और निम्नानुसार घोषित करता हूँ। मैं उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हैं। मेरा पुराना नाम ओमप्रकाश यादव (OMPRAKASH YADAV) पिता अशोक यादव (ASHOK YADAV) है और मैं अपना नाम बदलकर ओंकार यादव (OMKAR YADAV) पिता अशोक यादव (ASHOK YADAV) (नया नाम) करवाना चाहता/चाहती है। मेरे पुराने नाम से किसी भी व्यायालय में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और न ही किसी बैंक में ऋण की राशि होष है। मैं नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूं, तो उसके लिए मैं पूर्णतः स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी। मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा हूं/ रही हूं तथा सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं/रही हूं।

शपथकर्ता
ओमप्रकाश यादव
पिता अशोक यादव
निवासी वार्ड नं. 12. पिपल पेड़ के पास, भालेसर, तह. भिंभीरी, जिला–बेमेतरा (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र/अ-06/ वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जा है कि आवेदक/आवेदिका कुन्जन वर्मा आ./पति स्व. सुरेश कुमार वर्मा निवासी वार्ड नं. 22 पुरानी बस्ती कुरुद भिलाई तह व जिला दुर्ग (छ.ग) के द्वारा ग्राम अरसनारा तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 868/1, 868/4 रकबा 0.07, 0.18 हे. भूमि जो कि आवेदक के पिता सुरेश कुमार वर्मा के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। उक्त भूमि के भूमिस्वामी के मृत्यु 26.06.2026 को हो जाने पर फौती दर्ज कर विधिक वारिसानों का नाम वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.08.2026 तक स्वयं अथवा अपने के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 07.08.2026 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के आवासीय भूखण्डों/आवासीय भवनों को फ्री-होल्ड के रूप में परिवर्तित करने के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्रालय, रायपुर के आदेश क्रमांक एफ 1/100/2009/32, रायपुर दिनांक 30.12.2011 एवं समसंख्यक आदेश दिनांक 13.03.2012 के परिपालन में सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल द्वारा श्रीमती तुलसी जायसवाल पति श्री अजय कुमार जायसवाल के नाम पर भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-666, हाऊसिंग बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र, भिलाई, जिला-दुर्ग में आबंटित है, उक्त भूखण्ड को फ्री-होल्ड के लिए निधारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना के प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर यदि कोई भी वित्तीय संस्था या बैंक को आपत्ति हो, तो आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
छ.ग. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

नाम/परिवर्तन

में शिरीष गुप्ता (Shirish Gupta) पिता वेद प्रकाश गुप्ता (Ved Prakash Gupta) पुराना नाम जिसे बदला जाना है) उम्र 41 वर्ष निवासी–146 न्यू सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला–दुर्ग ने अपना नाम शिरीष गुप्ता (Shirish Gupta) पिता वेद प्रकाश गुप्ता (Ved Prakash Gupta) (पुराना नाम जिसे बदलकर शिरीश गुप्ता (Sshirrish Gupta) पिता वेदप्रकाश गुप्ता (Ved Prakash Gupta) (नया नाम) रख लिया है।

शपथकर्ता
शिरीष गुप्ता पता वेद प्रकाश गुप्ता
निवासी–146 न्यू सिविक सेंटर भिलाई तह. व जिला–दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103500082

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी रितेश कुमार नेताम पिता/पति स्व. चैनसिंह नेताम पता वार्ड 22 तितुरडीह दुर्ग, रिवेन्द्र नेताम पिता/पति स्व. चैनसिंह नेताम पता वार्ड 22 तितुरडीह दुर्ग, श्रीमती मनकुंवर पिता/पति स्व. चैनसिंह नेताम पता वार्ड 22 तितुरडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 16/242(0.1820) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता श्रीमती कुसुम पिता/पति स्व. चैनसिंह नेताम पता 420 गोंडपारा बोरसी दुर्ग, रितेश कुमार नेताम पिता/पति स्व. चैनसिंह नेताम पता वार्ड 22 तितुरडीह दुर्ग, श्रीमती शारदा देवी मरकाम पिता/पति स्व. चैनसिंह नेताम पता स्टेशन पारा राजनांदगांव, श्रीमती प्रभादेवी मरकाम पिता/पति स्व. चैनसिंह नेताम पता स्टेशन पारा राजनांदगांव, रिवेन्द्र नेताम पिता/पति स्व. चैनसिंह नेताम पता वार्ड 22 तितुरडीह दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 17.08.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.08.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202605103800019 /15/अ-20(3)/ वर्ष 2025-26

आवेदक तिलक कुमारी वेंकट नागमणि पति स्व. ए.व्ही. नागमणि निवासी आमदी नगर हुडको भिलाई द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया है कि आमदी नगर हुडको भिलाई में स्थित भूमि खसरा नं. 1/2, 2/2 का टु. प्लाट नं. एल.आई.जी.-72 रकबा 96 वर्गमीटर धारक तिलक कुमारी वेंकट नागमणि पति स्व. ए.व्ही. नागमणि निवासी आमदी नगर हुड़को भिलाई के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक द्वारा उक्त भूखण्ड को केता तृषंत कुमार धांडे आ. अशोक कुमार धांडे आमदी नगर हुडको भिलाई जिला दुर्ग के पास 36,00,000/- रूपये (छत्तीस लाख रूपये) में विक्रय करने का सौदा तय कर बतौर ब्याना राशि 11,000/- रूपये (ग्यारह हजार रूपये) प्राप्त किया जा चुका है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड के विक्रय की अनुमति बावत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.08.2026 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.07.2026 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

राष्ट्रीय पर्व पर ही संवरता है सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम, फिर पूरे साल बदहाली!

खिलाड़ियों के भविष्य के लिए दान की गई थी जमीन, आज रखरखाव के अभाव और गैर-खेल आयोजनों से खो रही पहचान

बालोद/नवप्रदेश। आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल की स्मृति में बना बालोद जिले का एकमात्र प्रमुख खेल मैदान सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम आज अपनी ही बदहाली पर आंसू बहा रहा है।

विडंबना यह है कि जिस स्टेडियम के लिए अग्रवाल परिवार ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए अपनी बहुमूल्य जमीन दान की थी, उसी स्टेडियम की सुध अब केवल राष्ट्रीय पर्वों और बड़े सरकारी आयोजनों के समय ही ली जाती है। हर वर्ष की तरह इस बार भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मुख्य समारोह से पहले नगर पालिका प्रशासन स्टेडियम की साफ-सफाई, रंग-रोगन और तैयारियों में जुट गया है। लेकिन स्थानीय खिलाड़ियों और नागरिकों का सवाल है कि क्या राष्ट्रीय पर्व समाप्त होते ही यह स्टेडियम फिर से बदहाली के हवाले कर दिया जाएगा?

खिलाड़ियों के सपनों के लिए दान हुई थी जमीन: स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल और उनके परिवार ने खेलों के विकास और युवाओं के बेहतर भविष्य के उद्देश्य से इस स्टेडियम के लिए भूमि दान की थी। उनकी सोच थी कि बालोद के खिलाड़ी आधुनिक सुविधाओं के बीच अभ्यास करें और प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर जिले का नाम रोशन करें। लेकिन आज स्टेडियम की वर्तमान स्थिति उनके सपनों के बिल्कुल विपरीत दिखाई देती है।

ये है खिलाड़ियों और नागरिकों की मांग

स्थानीय खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों ने मांग की है कि—

- सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम का उपयोग प्राथमिकता से केवल खेल गतिविधियों के लिए किया जाए।
- गैर-खेल आयोजनों के लिए वैकल्पिक स्थल विकसित किए जाएं।
- मैदान का समतलीकरण, नई घास, रनिंग ट्रैक, प्रकाश व्यवस्था और पेयजल जैसी सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराई जाएं।
- पूरे वर्ष नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए।
- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की इस धरोहर को उसके मूल उद्देश्य के अनुरूप संरक्षित किया जाए।

रखरखाव के अभाव में बदहाल हुआ मैदान

स्टेडियम में जगह-जगह गड्ढे हो चुके हैं। मैदान की घास नष्ट हो रही है। पर्याप्त रोशनी, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। लगातार गैर-खेल आयोजनों के कारण मैदान की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, जिससे खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास करने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।स्थानीय खिलाड़ियों का कहना है कि खेल गतिविधियों से अधिक यहां सरकारी, सामाजिक और अन्य बड़े आयोजन होते हैं, जिनसे मैदान लगातार क्षतिग्रस्त होता जा रहा है।

राष्ट्रीय पर्व पर ही क्यों याद आता है स्टेडियम?

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पूरे वर्ष स्टेडियम की स्थिति पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जैसे ही स्वतंत्रता दिवस या गणतंत्र दिवस जैसे बड़े आयोजन आते हैं, प्रशासन अचानक सफाई और मरम्मत में जुट जाता है। कार्यक्रम समाप्त होने के बाद फिर महीनों तक स्टेडियम की ओर कोई देखने नहीं आता। लोगों का कहना है कि यदि पूरे वर्ष नियमित रखरखाव किया जाए तो करोड़ों रुपये की इस खेल संपदा को बचाया जा सकता है।

विरासत को बचाने की जिम्मेदारी किसकी?

सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम केवल ईंट-पत्थरों से बना एक खेल मैदान नहीं, बल्कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी की सोच, समाजसेवा और खेलों के प्रति समर्पण की जीवंत विरासत है। यदि इस विरासत का संरक्षण समय रहते नहीं किया गया, तो आने वाली पीढ़ियां केवल यह सुनेंगी कि कभी यहां खिलाड़ियों के भविष्य के लिए जमीन दान की गई थी। अब सबसे बड़ा सवाल यही है—क्या राष्ट्रीय पर्व के बाद भी प्रशासन इस ऐतिहासिक स्टेडियम की सुध लेगा, या फिर यह धरोहर अगले स्वतंत्रता दिवस तक एक बार फिर बदहाली की कहानी कहती रहेगी?

सरदार पटेल मैदान भी उपेक्षा की मिसाल

नगर पालिका कार्यालय के सामने स्थित सरदार पटेल मैदान भी उपेक्षा की कहानी बयां करता है। यहां धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन होने के साथ आसपास के स्कूलों के बच्चे खेलते हैं, लेकिन रखरखाव के अभाव में इसकी स्थिति भी लगातार बिगड़ती जा रही है। इससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।

गरियाबंद में औषधि विभाग का औचिक निरीक्षण, ड्रग इंस्पेक्टर की अपील

राजिम/नवप्रदेश। राज्य के औषधि नियंत्रक रायपुर निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने नकली दवाओं के संगठित नेटवर्क पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। यह औचिक निरीक्षण अन्य प्रदेश में जांच में यह खुलासा हुआ है कि बाजार में ब्लडप्रेशर, डायबिटीज, दर्द निवारक, एंटीबायोटिक, एंटी एलर्जी और बच्चों के सिरप जैसी जीवन रक्षक दवाओं के नाम पर नकली अवशेष मिलाकर दवाएं बेची जा रही थीं। इस अवैध कारोबार से करोड़ों रुपए का वारा-न्यारा किया जा रहा था। इसी कड़ी में राज्य के औषधि नियंत्रक रायपुर निर्देशानुसार औषधि प्रशासन विभाग, जिला गरियाबंद के औषधि निरीक्षक धर्मवीर सिंह ध्रुव के नेतृत्व में जिले भर के मेडिकल स्टोरों में लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। विभाग का उद्देश्य नकली दवा नेटवर्क को जड़ से खत्म करना है। औषधि निरीक्षक धर्मवीर सिंह ध्रुव ने लोगों से अपील की है कि दवा खरीदते समय निम्न बातों का विशेष ध्यान रखें दवा हमेशा अधिकृत और लाइसेंसधारी मेडिकल स्टोर से ही खरीदें। दवा की ब्रांडिंग, बैच नंबर और प्रिंटिंग की गुणवत्ता को ध्यान से देखें। बैच नंबर, निर्माण तिथि और एक्सपायरी तिथि साफ-सुथरी और समान होनी चाहिए। कंपनी का लोगो, होलोग्राम और सीलिंग सही स्थिति में हो। टूटी-फूटी या छेड़छाड़ वाली पैकिंग वाली दवा बिल्कुल न लें। यदि दवा का रंग, आकार या गंध असामान्य लगे तो उसका उपयोग न करें। खरीदारी का बिल अवश्य लें और उसे सुरक्षित रखें। बहुत सस्ती या बिना बिल की दवा लेने से बचें। ऑनलाइन दवा खरीदते समय विशेष सावधानी बरतें और दवा लेते समय बैच नंबर व एक्सपायरी डेट अवश्य मिलाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध दवा या मेडिकल स्टोर की जानकारी मिलते ही तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि नकली दवा कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

कन्या शाला छुईखदान में अंग्रेजी व्याख्याता गायब, फिर भी वेतन जारी

शाला निधि से मानदेय शिक्षक रखकर पढ़ाई कराने पर उठे गंभीर सवाल

छुईखदान/नवप्रदेश। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान एक बार फिर चर्चाओं में है। विद्यालय में अंग्रेजी विषय का नियमित व्याख्याता नहीं होने के बावजूद शासन से वेतन भुगतान और दूसरी ओर शाला निधि से मानदेय शिक्षक रखकर पढ़ाई कराने के मामले ने शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार विद्यालय में पदस्थ अंग्रेजी व्याख्याता एलिजा मोजेज को पूर्व में सलग्न कर जालबांधा भेजा गया था। बताया जा रहा है कि आज तक उन्हें मूल विद्यालय में वापस कार्यभार ग्रहण नहीं कराया गया। इस कारण कन्या शाला में अंग्रेजी विषय का नियमित व्याख्याता नहीं है और छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होने की बात सामने आ रही है।

सूत्रों के अनुसार अंग्रेजी विषय की पढ़ाई जारी रखने के लिए विद्यालय प्रबंधन द्वारा शाला निधि से मानदेय शिक्षक की नियुक्ति कर भुगतान किया जा रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल यह उठता है कि जब विद्यालय में नियमित व्याख्याता का पद है और उस पद पर पदस्थ शिक्षक का वेतन शासन से आहरित हो रहा है, तब शाला निधि पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने की आवश्यकता क्यों पड़ी? यदि एलिजा मोजेज अब भी सलग्न हैं, तो उनकी सलग्नता की अवधि, आदेश और वेतन भुगतान की वर्तमान स्थिति क्या है? और यदि सलग्नता समाप्त हो चुकी है, तो उन्हें अब तक मूल विद्यालय में वापस क्यों नहीं भेजा गया?

मामले में विभाग का पक्ष जानने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) से दो बार मोबाइल फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। वहीं विकासखंड शिक्षा अधिकारी गिरीन्द्र कुमार सुधाकर से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि ÷इस संबंध में विस्तृत जानकारी जिला शिक्षा अधिकारी ही दे पाएंगे।

डीईओ का पक्ष सामने नहीं आने से मामले को लेकर संदेह और गहरा गया है। स्थानीय नागरिकों एवं पालकों ने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग करते हुए कहा है कि यह स्पष्ट किया जाए कि एलिजा मोजेज वर्तमान में किस विद्यालय में पदस्थ हैं, उनका वेतन किस आधार पर आहरित किया जा रहा है तथा शाला निधि से मानदेय शिक्षक की नियुक्ति किस सक्षम अधिकारी की अनुमति से की गई। यदि जांच में किसी प्रकार की प्रशासनिक या वित्तीय अनियमितता सामने आती है, तो संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।

मेट्स लॉ स्कूल में 'लाफ्टर लाउंज मिमिक्री एवं स्टैंड-अप कॉमेडी प्रतियोगिता' का सफल आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छात्रों एवं शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने, शैक्षणिक तनाव को कम करने तथा सकारात्मक एवं आनंदमय शिक्षण वातावरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मेट्स लॉ स्कूल, मेट्स विश्वविद्यालय, रायपुर द्वारा ÷लाफ्टर लाउंजः मिमिक्री एवं स्टैंड-अप कॉमेडी प्रतियोगिता÷ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य यह संदेश देना था कि हँसी केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन एवं स्वस्थ जीवनशैली का एक महत्वपूर्ण आधार भी है।

प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लिया तथा अपनी शानदार कॉमेडी, मिमिक्री और हास्य प्रस्तुतियों से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। प्रतिभागियों ने पूरे आत्मविश्वास, मौलिकता और बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक क्षण वह रहा जब विद्यार्थियों ने अपने प्रिय प्राध्यापकों की हल्के-फुल्के एवं सम्मानजनक अंदाज़ में मिमिक्री प्रस्तुत की। इन प्रस्तुतियों ने पूरे सभागार को ठहाकों से गूँजा दिया और विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच आत्मीयता, सौहार्द एवं सकारात्मक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ किया।

कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य किसी भी विद्यार्थी के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। इस प्रकार की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियाँ विद्यार्थियों को तनावमुक्त करने, आत्मविश्वास बढ़ाने, संप्रेषण कौशल विकसित करने तथा अपनी छिपी हुई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों के लिए स्वयं को अभिव्यक्त करने, सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने तथा आपसी संबंधों को मजबूत बनाने का एक उत्कृष्ट अवसर सिद्ध हुई। प्रतियोगिता में सभी प्रतिभागियों ने पूरे जोश और समर्पण के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा वातावरण हँसी, उत्साह और आनंद से भर गया। प्रत्येक प्रस्तुति ने दर्शकों को खूब हँसाया और कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

मैत्री डेंटल कॉलेज में व्हाइट कोट और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। मैत्री दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, अंजोरा (दुर्ग) में ''ऑरेलाइट्स - द व्हाइट कोट सेरेमनी 2023'' का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में बीडीएस तृतीय वर्ष के 74 विद्यार्थियों को व्हाइट कोट पहनाकर चिकित्सा सेवा के दायित्व का औपचारिक शुभारंभ कराया गया। साथ ही विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर मानव सेवा, चिकित्सा नैतिकता एवं मरीजों के प्रति समर्पण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के मैत्री एजुकेशनल सोसायटी के महासचिव राजेश जैन, डीन डॉ. प्रदीप बाबू कोम्मी, डीन (अकादमिक) डॉ. संजीव सिंह, वाइस डीन डॉ. योगेश साहू, सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकगण डॉ सन्नी शिखावर, डॉ. तनुज चौधरी, डॉ. सानिध्य सुराना, डॉ. सौम्या शर्मा, डॉ. अंशुता साहू, डॉ. योगेश साहू, डॉ. बाला सुब्रमण्यम, डॉ. आराधना एवं डॉ. प्रतीक सुराना, डॉ अंकिता उइके, डॉ. प्रवीण मिश्रा, डॉ सोनम अग्रवाल, डॉ प्रतीक गुप्ता, डॉ. प्रियब्रत जेना, डॉ. दीपक राजपूत, डॉ. सृष्टि हरिहानो, डॉ. अविनाश आर. रुद्राजवार, सरित शेखर बर्मन, पूर्वा वर्मा, कॉलेज प्रबंधन की ओर से वी.के. त्रिपाठी, राजेश भट्टाचार्य, धीरज बंजारी एवं सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकगण, चिकित्सक, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। समारोह के दौरान खगेंद्र साहू (माता-पिता भगवती-डॉ. लीलाराम साहू) को व्हाइट कोट एवं प्रशस्ति प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुंबई में आंजनेय विश्वविद्यालय का परचम

फैशन डिजाइन विभाग की छात्राओं ने जीता 'बेस्ट अवांट-गार्डे कलेक्शन अवॉर्ड'

रायपुर/नवप्रदेश। आंजनेय विश्वविद्यालय के फैशन डिज़ाइन विभाग की छात्राओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है। मुंबई में 23 जुलाई 2026 को आयोजित प्रतिष्ठित जेडी डिज़ाइन अवॉर्ड में विश्वविद्यालय की छात्राओं ने 'बेस्ट अवांट-गार्डे कलेक्शन अवॉर्ड' अपने नाम कर एक नई उपलब्धि हासिल की।

यह सम्मान छात्राओं की रचनात्मक सोच, मौलिक डिजाइन, प्रयोगधर्मी शैली और उत्कृष्ट शिल्प कौशल का प्रमाण है। उनके द्वारा प्रस्तुत कलेक्शन में आधुनिक फैशन की नई संभावनाओं को बेहद कलात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया, जिसने

निर्णायकों को विशेष रूप से प्रभावित किया।

इस उपलब्धि को हासिल करने वाली छात्राओं में गीतू रानी साहू, जानवी वर्मा और बी. रोशनी शामिल हैं। इन तीनों ने अपनी मेहनत, कल्पनाशीलता और तकनीकी दक्षता के बल पर यह प्रतिष्ठित सम्मान अर्जित किया।

यह उपलब्धि न केवल फैशन डिज़ाइन विभाग के लिए गर्व का विषय है, बल्कि आंजनेय विश्वविद्यालय की उस शैक्षणिक सोच को भी दर्शाती है, जिसमें विद्यार्थियों को केवल कक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर प्रदान किए जाते हैं।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री अभिषेक अग्रवाल ने छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी मेहनत, समर्पण और रचनात्मक क्षमता का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आंजनेय विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को नवाचार, कौशल और व्यावहारिक शिक्षा के माध्यम से भविष्य के लिए तैयार करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। ऐसी उपलब्धियाँ अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेंगी।

राज्य निदेशक एके सिंह ने एसबीआई आरसेटी सारंगढ़ का किया निरीक्षण

सारंगढ़-बिलाईगढ़/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत जिले के लीड बैंक के रूप में कार्यरत भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के आरसेटी केंद्र सारंगढ़ में छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा के राज्य निदेशक (आरसेटी) ए के सिंह का आगमन हुआ। उन्होंने संस्थान का भ्रमण कर प्रशिक्षण गतिविधियों, कार्यालयीन व्यवस्थाओं एवं संस्थान की प्रगति का अवलोकन किया। इस अवसर पर जूनियर ब्यूटी प्रैक्टिशनर तथा सब्जी उत्पादन एवं नर्सरी प्रबंधन प्रशिक्षण के सफल प्रशिक्षार्थियों को राज्य निदेशक द्वारा प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस दौरान सारंगढ़- बिलाईगढ़ जिले के आरसेटी निदेशक रिपुसूदन यदु, एलडीएम सी एस राजपूत के साथ संचालित एवं प्रस्तावित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, संस्थान के विकास तथा आरसेटी हेतु भूमि आवंटन, भवन निर्माण, स्टॉफ ट्रेनिंग की पूरी शेड्यूल आदि के संबंध में विस्तृत हुई।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
सीआईएन-U40108CT2003SGC015820, जीएसटीएन-22AADCC5773E1ZX
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (अति उच्च दाबः निर्माण) संभाग, सीएसपीटीसीएल, रायपुर
पताः- गुढ़ियारी, रायपुर (छ.ग.) 492009
वेबसाईट - www.cspc.co.in, ईमेल- eeehtconst.raipur@cspc.co.in, टेलीफोन/ फैक्स नं. 0771-2574725

क्र./ कार्य.अभि./अ.उ.दा. (नि.) / 453 — रायपुर, दिनांक 07/08/2026

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि छ.ग. स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड के विद्यमान 400/220 के.व्ही. उपकेन्द रैता (धरसींवा) से प्रस्तावित 220/132 के. व्ही. उपकेन्द्र दलदलसिवनी (रायपुर) तक 220 के.व्ही. ई. एच.व्ही. लाईन का निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है। यह विद्युत लाईन ग्राम-रैता (रायता), कुथरैल, मलौद, कुरूद, सिलयारी, पौनी, तरेसर, पथरी, गोढ़ही, मोहंदी, नगरगांव, कोरबा, गुढ़हीपारा, टोर, बरबंदा, नेउरडीह, तर्रा, मटिया, दोंदेखुर्द, दोंदेकला, लालपुर, छपोरा, सेमरिया, भुरकोनी, मांढ़र, गिरौद, बरौंदा, टेकारी, परसुलीडीह, उरकुरा, एवं दलदलसिवनी तहसील-मंदिरहसौद, धरसींवा एवं रायपुर जिला-रायपुर से होकर गुजरती है।

उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 09/08/2026 या उसके पश्चात् कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 1910, भारतीय विद्युत आपूर्ति अधिनियम-1956 एवं विद्युत अधिनियम-2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

'स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिये '

(इंजी. यू.के.यादव)
कार्यपालन यंत्री
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
सीएसपीटीसीएल, रायपुर।

संवाद-48698/2

प्रथम पेज का शेष

छत्तीसगढ़ में रेलवे विस्तार को...

का विशेष जोर यात्री सुविधाओं को मजबूत करने के साथ-साथ आदिवासी, पिछड़े और खनिज बहुल क्षेत्रों में रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने तथा माल ढुलाई क्षमता में वृद्धि पर है। राज्य में 18 नई ट्रेन सेवाएं शुरू की गई हैं। वर्तमान में दुर्ग-विशाखापट्टनम और बिलासपुर-नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस तथा उधना ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी आधुनिक ट्रेनें संचालित हैं।

पूरी हो चुकी प्रमुख रेल परियोजनाएं: छत्तीसगढ़ में कई महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं को पूरा किया जा चुका है। इनमें प्रमुख रूप से -दल्लीराजहरा-रावघाट नई रेल लाइनः 95 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर 1,628 करोड़ रुपए खर्च किए गए। यह स्टील संयंत्रों को आवश्यक कच्चे माल के स्रोतों से जोड़ने में महत्वपूर्ण है।चांपा-झारसुगुड़ा तीसरी लाइनः 152 किलोमीटर लंबी परियोजना पर 1,227 करोड़ खर्च किए गए। इससे भारी माल ढुलाई वाले रेल कॉरिडोर की क्षमता बढ़ी है। रायपुर-टिटलागढ़ दोहरीकरणः 203 किलोमीटर लंबी परियोजना 1,171 करोड़ की लागत से पूरी की गई। खरसिया-कोरिछापार नई रेल लाइनः 43 किलोमीटर लंबी इस परियोजना पर ?851 करोड़ खर्च किए गए। इससे प्रमुख खनन क्षेत्रों को रेल कनेक्टिविटी मिली है।

इन बड़ी परियोजनाओं पर चल रहा कामः राज्य में कई महत्वपूर्ण नई रेल लाइन और दोहरीकरण परियोजनाएं निर्माणाधीन - खरसिया-परमलकसा नई डबल लाइनः 278 किलोमीटर, लागत 7,854 करोड़।- गेवरा रोड-पेंड्रा रोड नई रेल लाइनः 135 किलोमीटर, लागत 3,724 करोड़। - रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइनः 140 किलोमीटर, लागत 3,513 करोड़। यह परियोजना बस्तर क्षेत्र में रेल नेटवर्क के विस्तार के लिहाज से महत्वपूर्ण है। - खरसिया-धरमजयगढ़ नई रेल लाइनः 122 किलोमीटर, लागत 3,407 करोड़।

यात्री सुविधाओं में भी विस्तार: बढ़ती यात्री मांग को देखते हुए भारतीय रेलवे ने छत्तीसगढ़ में 18 प्रमुख नई ट्रेन सेवाएं शुरू की हैं। राज्य को आधुनिक और तेज रेल सेवाओं से जोड़ने के लिए वर्तमान में 2 जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस संचालित हैं। इनमें दुर्गङ्कविशाखापट्टनम और बिलासपुरङ्कनागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। इसके अलावा उधना ब्रह्मपुर अमृत भारत एक्सप्रेस की एक जोड़ी भी राज्य से होकर संचालित होती है। स्थानीय और क्षेत्रीय यात्रियों की सुविधा के लिए रायपुर-अंतागढ़ डेमू सहित कई मेमू और डेमू सेवाएं भी शुरू की गई हैं। रायपुर, राजिम और अभनपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय रेल कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है।

नीट पेपर लीक साजिश...

रटकर लीक किए गए हैं। सीबीआई ने इस मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। इनमें एनटीए के तीन एक्सपर्ट्स शामिल हैं। आरोप है कि तीनों ने पेपर तैयार करने और मॉडरेशन के दौरान अपने पद का दुरुपयोग कर पेपर लीक किए। लीक पेपर टेलीग्राम, वॉट्सएप, पीडीएफ और अन्य डिजिटल माध्यमों से भी फैलाए गए।

9वीं के छात्र ने की 8...

दादा-दादी की हत्या कर दी थी। बाद में दोनों के शव घर से बरामद हुए। फायरिंग में इस्तेमाल की गई 9 एमएम पिस्टल छात्र के दादा की थी, जो पेशे से शिक्षक थे। फिलहाल पुलिस हमले की वजहों की जांच कर रही है। इस में इस घटना के बाद हड़कंप मच गया।

ई-20 कार-स्कूटर खराब...

स्कूटर खराब हो रहे हैं। यह लोगों के जीवन को प्रभावित करने के साथ ही उनकी जेब से सीधे पैसे भी चुरा रहा है।

पूर्व सीएम को सुको से...

उल्लंघन केवल चुनावी अपराध है, भ्रष्ट आचरण नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि कथित रोड शो से चुनाव परिणाम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा, क्योंकि बघेल ने लगभग 20,000 वोटों के अंतर से जीत हासिल की थी। हालांकि, जस्टिस जॉयमाल्य बागची ने कहा कि कथित उल्लंघन का चुनाव परिणाम पर प्रभाव पड़ा या नहीं, यह साक्ष्यों के आधार पर तय होने वाला तथ्यात्मक प्रश्न है, जिसका फैसला ट्रायल के दौरान ही किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप से इनकार करते हुए भूपेश बघेल की याचिका खारिज कर दी और स्पष्ट किया कि वे चुनाव याचिका की सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट में अपनी सभी कानूनी दलीलें और आपत्तियां उठाने के लिए स्वतंत्र होंगे।

पीएम मोदी की बागी...

वहीं शिवसेना (उद्धव गुट) के 6 सासंद भी शिंदे गुट के साथ आ चुके हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पीएम ने सांसदों को संबोधित करते हुए कहा कि एनडीए एक परिवार है। हम सहयोगी दलों के साथ हैं। हर व्यक्ति का सम्मान किया जाएगा। मैं एनडीए के हर सांसद के साथ खड़ा हूं। आपको किसी के बारे में चिंता करने की जरूरत नहीं है।

सीएम ने लॉन्च किया प्रीमियम...

की अवधारणा पर आधारित 'कोशल फैब' से छत्तीसगढ़ के कोसा और पारंपरिक हथकरघा उत्पादों को वैश्विक पहचान मिलेगी।

बस्तर की नई तस्वीर: कार्यक्रम में बस्तर की आत्मसमर्पित महिलाओं ने पारंपरिक कोसा सिल्क परिधानों के साथ रैंप वॉक कर सबका मन मोह लिया। हथकरघा उत्पादों के बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता के लिए एनआईटी के सहयोग से इन्वेंट्री मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर का शुभारंभ किया गया।

आर्थिक सहायता: रेशम, हथकरघा, हस्तशिल्प, खादी एवं माटीकला बोर्ड के हितग्राहियों और मेधावी विद्यार्थियों को 10.90 करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की गई। मेधावी छात्र प्रोत्साहितः 935 छात्र-छात्राएँ (81.83 लाख) बुनकर आवास स्वीकृतः 49 परिवार (1.22 करोड़) नवा रायपुर गारमेंट यूनिटः 4,500+ रोजगार के अवसर और 'सेल्फी विद स्वदेशी' अभियानः नागरिकों से स्थानीय उत्पादों को अपनाने और सोशल मीडिया पर सेल्फी साझा करने की अपील

विभिन्न क्षेत्रों में सहायता एवं वितरण विवरण

छात्र प्रोत्साहन: कक्षा 10वीं और 12वीं के 935 मेधावी विद्यार्थियों को 81.83 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई।

आवास एवं उपकरण: 49 बुनकरों के लिए बुनकर शेड सह आवास निर्माण हेतु 1.22 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। साथ ही 85 बुनकरों को उन्नत करघे और सहायक उपकरण बांटे गए।

आधुनिक उपकरण वितरण: हस्तशिल्प विकास बोर्ड द्वारा 30 शिल्पकारों को आधुनिक टूल किट और माटीकला बोर्ड द्वारा 70 पंजीकृत माटी शिल्पियों को विद्युत चाक प्रदान किए गए।

छत्तीसगढ़ के डीजीपी गौतम...

जिले की सीपत पुलिस ने श्रवण सूर्यवंशी को आबकारी एक्ट के तहत 12 सौ रुपए की कच्ची महुआ शराब के मामले में गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे केंद्रीय जेल बिलासपुर भेज दिया गया। 21 जनवरी को उसकी तबीयत बिगड़ने पर उसे सिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 22 जनवरी की सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। आरोप है कि हिरासत में मौत होने के बावजूद पुलिस ने लगभग ढाई साल बाद 30 जुलाई 2026 को एफआईआर दर्ज की। इसी देरी को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार और पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। परिवार पहले छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट पहुंचा था, जहां निष्पक्ष जांच और 50 लाख रुपये मुआवजे की मांग की गई थी। हालांकि हाईकोर्ट ने जांच के निर्देश दिए बिना केवल 1 लाख रुपये का मुआवजा देकर मामला निपटा दिया। बाद में मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, जिसने पहले ही टिप्पणी की थी कि 1 लाख रुपये का मुआवजा 'पूरी तरह अपर्याप्त' है और परिवार को हुए नुकसान के अनुरूप नहीं है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के गृह सचिव और डीजीपी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश होने का निर्देश दिया था। डीजीपी ने अदालत को बताया कि जांच के आदेश दे दिए गए हैं और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। लेकिन, अदालत इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुई।

कार्यालय प्राचार्य
शासकीय दन्त चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)
रजबंधा मैदान, रायपुर फोन 0771 2222990
www.govtdentalcollegeraipur.in/Email-govdentalcollege@gmail.com (GST-22JBPS02579D1D2)

क्रमांक /3644/ जीडीसी / क्रय/ 2026 — रायपुर, दिनांक 06/8/2026

कैंटीन संचालन हेतु रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)
द्वितीय आमंत्रण सूचना

आवेदन की अंतिम तिथि दिनांक 13/08/2026 समय 5:00 बजे तक

शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर परिसर में चिकित्सकों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय में उपाचार हेतु आने वाले मरीजों के लिए उच्च गुणवत्तापूर्ण जलपान/भोजन / नास्ता आदि व्यवस्था हेतु कैंटीन / कैफेटेरिया संचालन के लिये इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति / फर्म/लाईवलीहुड/बिहान से पंजीकृत संस्था/स्व-सहायता समूह/ एजेंसी / कंपनी / अनुभवी संचालकों से मैनुअल पद्धति में मोहर बंद प्रपत्र में **रूचि की अभिव्यक्ति** (Expression of Interest) आमंत्रित की जाती है। विस्तृत जानकारी एवं नियम व शर्ते महाविद्यालय की वेबसाईट www.govtdentalcollegeraipur.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकते है। इसके लिये राशि रूपये 1000/- का बैंक ड्राफ्ट जो प्राचार्य शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर के नाम से देय हो संलग्न करना अनिवार्य है अथवा दिनांक 13/08/2026, सायं 5:00 बजे तक राशि रू. 1000/- नगद अथवा बैंक ड्राफ्ट जमा कर महाविद्यालय से प्राप्त किये जा सकते है, जो वापसी योग्य नहीं होगी। विवरण निम्नानुसार हैः-

प्रपत्र (EOI) जमा करने की अंतिम तिथि	-	13/08/2026 समय 5.00 बजे सायंकाल तक
प्रपत्र (EOI) खोलने की तिथि	-	14/08/2026 समय दोपहर 12.30 बजे
जमा करने व खोलने का स्थान	-	शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

प्राचार्य
शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर

जी -262702624/2

असम में बाढ़ से 15 जिलों के 1.68 लाख लोग प्रभावित, 133 राहत शिविर संचालित

दिसपुर। असम में बाढ़ की स्थिति गुरुवार को भी गंभीर बनी हुई है। राज्य के 15 जिले अब भी बाढ़ से प्रभावित हैं। हालांकि अधिकारियों के मुताबिक सिर्फएक नदी ही खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के अनुसार नुमालीगढ़ में धनसिरी दक्षिण नदी खतरे के निशान से ऊपर है। वहीं कोई भी नदी सर्वाधिक बाढ़ स्तर से ऊपर नहीं बह रही है। नवीनतम बाढ़ बुलेटिन के अनुसार 39 राजस्व सर्किलों के 481 गांवों में 1,68,701 लोग प्रभावित हैं। लगभग 14,382.26 हेक्टेयर फसल क्षेत्र जलमग्न है जिससे कई जिलों में लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है।

बाढ़ में अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। गोलाघाट और उदलगुरी जिले में एक-एक व्यक्ति की जान गई है। फिलहाल किसी के लापता होने की सूचना नहीं है।

राहत शिविर और सहायता सामग्री का वितरण

राज्य सरकार ने प्रभावित जिलों में 133 राहत शिविर और वितरण केंद्र संचालित किए हैं। राहत शिविरों में अभी 10,111 लोग शरण लिए हुए हैं जबकि 35,596 लोगों को वितरण केंद्रों के माध्यम से सहायता दी जा रही है। राहत सामग्री में 616 क्विंटल से अधिक चावल, लगभग 110 क्विंटल दाल, खाद्य तेल, पशु आहार और अन्य आवश्यक सामान शामिल हैं जिनका वितरण किया गया है।

सबसे ज्यादा प्रभावित जिले और फसल नुकसान

सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में गोलाघाट, शिवसागर, जोरहाट, चराईदेव, लखीमपुर, नगांव, दरंग और विश्वनाथ शामिल हैं। गोलाघाट में सबसे अधिक 54,085 लोग प्रभावित हुए हैं। इसके बाद शिवसागर में 49,515, जोरहाट में 27,842 और चराईदेव में 21,486 लोग प्रभावित हैं। शिवसागर, जोरहाट, लखीमपुर और चराईदेव में फसलों को भी व्यापक नुकसान पहुंचा है।

आपदा से 41,475 पशु भी प्रभावित हुए हैं। साथ ही 365 घर क्षतिग्रस्त हुए हैं जिनमें 40 पूरी तरह और 325 आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हैं। बचाव कार्यों के लिए 93 टीमें और 151 नावें तैनात की गई हैं। नावों से अब तक चार लोगों को सुरक्षित निकाला गया है।

नारायण साईं की उम्रकैद पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को स्वयंभू धर्मगुरु आसाराम के बेटे नारायण साईं को 2013 के दुष्कर्म मामले में मिली उम्रकैद की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि, अदालत ने गुजरात हाईकोर्ट से कहा कि वह साईं की दोषसिद्धि के खिलाफ लंबित अपील का निपटारा तीन महीने के भीतर करने का प्रयास करे। न्यायमूर्ति एम.एम. सुंदरेश और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने कहा,'हम हाईकोर्ट से अनुरोध करते हैं कि वह तीन महीने के भीतर अपील का निपटारा करने का प्रयास करे। हम यह भी स्पष्ट करते हैं कि याचिकाकर्ता और राज्य सरकार दोनों इस प्रक्रिया में पूरा सहयोग करेंगे।' नारायण साईं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता एन. हरिहरन ने अदालत को बताया कि शीघ्र सुनवाई के लिए आवेदन देने के बावजूद उसकी अपील पर अब तक सुनवाई शुरू नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने नारायण साईं को यह स्वतंत्रता भी दी कि यदि उसकी अपील का निपटारा तीन महीने के भीतर नहीं होता है, तो वह दोबारा सर्वोच्च अदालत का रुख कर सकता है।

बातचीत के लिए तैयार हेमंत सरकार

रांची। झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार छात्रों से बातचीत के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने संवाद का एक माध्यम पहले ही तय कर रखा है और वह प्रत्येक छात्र की समस्याओं को समझना चाहती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि छात्रों की आवाज केवल जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम तक सीमित न रहे, बल्कि उनकी वास्तविक समस्याओं का समाधान व्यापक और प्रभावी सुधारों के जरिए किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार ऐसे ठोस सुधारों की दिशा में आगे बढ़ना चाहती है, जो छात्रों की अपेक्षाओं और जरूरतों के अनुरूप हों। इधर, छात्र आंदोलन को लेकर भाजपा विधायक सी.पी. सिंह ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध-प्रदर्शन करना सभी का अधिकार है, लेकिन आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए कुछ प्रदर्शनों में राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के आरोप लगे थे, इसलिए झारखंड में आंदोलन कानून और शांति व्यवस्था के दायरे में रहकर होना चाहिए।

रांची में नेहा बोरा पर फेंकी गई स्याही

झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर चल रहे छात्र आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सरकार छात्रों से बातचीत के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि सरकार ने संवाद का एक माध्यम पहले ही तय कर रखा है और वह प्रत्येक छात्र की समस्याओं को समझना चाहती है। इधर, ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नेहा बोरा पर रांची में स्याही फेंकी गई है। जिसको लेकर उन्होंने कहा यह साधारण स्याही हमारा क्या बिगाड़ लेगी? हालांकि,आंदोलन स्थल पर स्याही फेंकने वाले युवक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

विधायक जयराम महतो ने निष्पक्ष जांच की मांग उठाई

वहीं, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (JLKM) के विधायक जयराम महतो ने जेपीएससी प्रारंभिक परीक्षा में अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि मामले में आरोपी बताए जा रहे व्यक्ति ने जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा में दूसरी रैंक हासिल की थी और उसके परिवार के कई सदस्य भी परीक्षा में सफल हुए थे। ऐसे में उस व्यक्ति द्वारा दी गई सभी परीक्षाओं और संबंधित एजेंसी द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं की गहन जांच कराई जानी चाहिए।

सीएम योगी का अखिलेश पर तंज

■ **कुछ लोग जीवन भर बच्चे ही बने रहते हैं, बबुओ भी यही करते हैं**

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग जीवन भर बच्चे ही बने रहते हैं। बबुआ भी यही करते थे। वो दोपहर 12 बजे सो कर उठते थे। दो बजे तैयार होते थे। पांच बजते-बजते उनके जिम जाने का समय हो जाता था और शाम 7 बजे महफिल सज जाती थी। देश प्रदेश के बारे में सोचने के लिए उनके पास समय ही कहां होता था।

प्रदेश की कानून व्यवस्था का हाल तो ये था कि महिलाओं को सबसे बड़ा खतरा इन्हीं सपाइयों से ही था। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' के अवसर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने का कि जब सरकारें प्रदेश के विकास के लिए काम करती हैं तो उसका लाभ समाज के हर तबके को मिलता है। इसके पहले उन्होंने एक्स पर कहा कि आज उत्तर प्रदेश की समृद्ध विरासत और हमारे कर्मठ बुनकर साथियों की अप्रतिम प्रतिभाओं को नमन करने का दिन है। 'राष्ट्रीय हथकरघा दिवस' के अवसर पर लखनऊ में आयोजित समारोह में हमारे उत्कृष्ट बुनकर भाई-बहनों को 'संत कबीर राज्य स्तरीय हथकरघा पुरस्कार' से सम्मानित करने का सौभाग्य मिलेगा। साथ ही, 'मुख्यमंत्री हैंडलूम एवं पावरलूम उद्योग विकास योजना' तथा 'झलकारी बाई कोरी हथकरघा एवं पावरलूम विकास योजना' के लाभार्थियों को चेक भी प्रदान किए जाएंगे।

स्वतंत्रता सेनानियों ने गोली खाई आप अंडों से डरती हैं : सुको

■ **महुआ मोइत्रा को सुप्रीम कोर्ट की दो-टूक**

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा की उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें उन्होंने पुलिस के सामने व्यक्तिगत रूप से पेश होने के बजाय वर्चुअली पूछताछ की अनुमति मांगी थी। अदालत ने साफ कहा कि जांच का सामना करना होगा और केवल सांसद होने के आधार पर विशेष छूट नहीं दी जा सकती। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति शील नागू की पीठ के सामने महुआ मोइत्रा की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने दलील दी कि उनकी मुवक्किल जांच में सहयोग करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूछताछ की अनुमति दी जाए। वकील ने कहा कि पिछली बार जब महुआ मोइत्रा अपने निर्वाचन क्षेत्र के पुलिस थाने गई थीं, तब उनके खिलाफ विरोध हुआ था और उन पर अंडे भी फेंके गए थे। इसलिए उनकी सुरक्षा को देखते हुए वर्चुअल उपस्थिति की अनुमति दी जानी चाहिए।

भागवत के बयान पर दीपके का पलटवार

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के छात्र आंदोलनों को लेकर दिए गए बयान के बाद कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने अपने आलोचकों पर परोक्ष निशाना साधा है। दीपके ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर भागवत के बयान से जुड़ी एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा, 'टू व्हूम इट मे कंसर्नज' (जिन्हें समझना है, वे समझ जाएं)। दीपके का यह बयान ऐसे समय आया है जब पिछले महीने नीट-यूजी पेपर लीक और परीक्षा सुधार की मांग को लेकर हुए छात्र आंदोलन को लेकर राजनीतिक बहस जारी है। माना जा रहा है कि उनका यह तंज उन भाजपा नेताओं की ओर था, जिन्होंने आंदोलन में शामिल छात्रों और सीजेपी पर 'राष्ट्रविरोधी' ताकतों के साथ जुड़े होने के आरोप लगाए थे।

मुंबई में गुरुवार को आयोजित एक कार्यक्रम में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि आज की जेन-जी (नई पीढ़ी) पहले की पीढ़ियों से अलग है। उन्होंने कहा कि आज के युवा हर बात का तार्किक जवाब चाहते हैं और केवल इसलिए किसी बात को स्वीकार नहीं करते क्योंकि कोई बड़ा व्यक्ति ऐसा कह रहा है। भागवत ने कहा, 'जेन-जी हमारे ही बच्चे हैं। अगर वे किसी मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन करते हैं तो इससे वे राष्ट्रविरोधी नहीं हो जाते। उनकी चिंताओं को सुना जाना चाहिए। लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन भी संवाद का एक माध्यम है। विरोध करना गलत नहीं है, लेकिन इसका इस्तेमाल समाज में विभाजन पैदा करने के लिए नहीं होना चाहिए'।

राहुल गांधी का पीएम पर तंज: मुझे और बैटमैन को किसी ने एक साथ नहीं देखा

नई दिल्ली/ए.। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार रात इंस्टाग्राम पर आयोजित 'आस्क मी एनीथिंग (एमए)' सत्र में युवाओं के सवालों के जवाब दिए। इस दौरान उन्होंने गंभीर राजनीतिक मुद्दों के साथ-साथ हल्के-फुल्के और मजाकिया सवालों का भी जवाब दिया। बातचीत में झारखंड के छात्र आंदोलन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पालतू कुत्ते, पसंदीदा भाजपा नेता और संविधान की विचारधारा जैसे कई विषय शामिल रहे।

एमए सत्र के दौरान एक यूजर ने राहुल गांधी से पूछा, 'क्या आप बैटमैन हैं?' इस पर राहुल गांधी ने हंसते हुए जवाब दिया, 'बस इतना समझ लीजिए कि मुझे और बैटमैन को किसी ने कभी एक ही कमरे में साथ नहीं देखा'। उनके इस जवाब पर सोशल मीडिया पर लोगों ने भी खूब प्रतिक्रिया दी।

झारखंड छात्र आंदोलन पर क्या बोले?

झारखंड में छात्रों के विरोध प्रदर्शन को लेकर पूछे गए सवाल पर राहुल गांधी ने कहा कि हर सरकार को छात्रों की बात सुननी चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।

आरजेडी में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल, जिला से पंचायत तक सभी इकाइयां भंग

नए सिरे से होगा संगठन का गठन

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (RJD) ने बिहार में अपनी सभी संगठनात्मक इकाइयों को भंग कर दिया है। इनमें जिला, प्रखंड और पंचायत समितियों के अलावा विभिन्न प्रकोष्ठों की इकाइयां भी शामिल हैं। पार्टी की ओर से जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।राजद की बिहार इकाई के अध्यक्ष मंगनी लाल मंडल ने बृहस्पतिवार देर शाम यह बयान जारी किया। राजद उम्मीदवार रेखा गुप्ता अपनी जमानत भी नहीं बचा सकीं

हाल में संपन्न हुए बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में पार्टी की हार के बाद राजद का यह फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है। उपचुनाव में राजद उम्मीदवार रेखा गुप्ता अपनी जमानत भी नहीं बचा सकीं।बयान में कहा गया, 'राजद (बिहार) की सभी स्तरों पर मौजूद संगठनात्मक इकाइयां - जिनमें जिला, प्रखंड और पंचायत स्तर की इकाइयां तथा सभी प्रकोष्ठों और अन्य संबद्ध संगठनों से जुड़ी इकाइयां शामिल हैं, तत्काल प्रभाव से भंग की जाती हैं।' राजद की सभी संगठनात्मक इकाइयों को भंग किए जाने पर विधायक भाई वीरेंद्र ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि यह फैसला पार्टी संगठन को पहले से और अधिक मजबूत बनाने के लिए लिया गया है। उन्होंने कहा कि अब पार्टी में केवल समर्पित और सक्षम कार्यकर्ताओं को ही जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी।

संगठन समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी

इसमें कहा गया है कि राज्यभर में सभी स्तरों पर संगठन समितियों के पुनर्गठन की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।हाल में राजद के दो नेताओं -भाई वीरेंद्र और शक्ति सिंह यादव- के बीच बयानबाजी तेज हो गई थी। दोनों ने बांकीपुर उपचुनाव में हार के बाद पार्टी संगठन को कमजोर करने के लिए एक-दूसरे को जिम्मेदार ठहराया था।

ट्रंप का बड़ा फैसला: जन्मसिद्ध नागरिकता पर दो नए आदेश, बर्थ टूरिज्म पर लगाम

वाशिंगटन/ए.। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जन्मसिद्ध नागरिकता के दायरे को सीमित करने के लिए दो महत्वपूर्ण कार्यकारी आदेशों पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। यह कदम सुप्रीम कोर्ट द्वारा उनके पिछले आदेश को खारिज किए जाने के बाद उठाया गया है। व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में नए आदेशों पर हस्ताक्षर करते हुए ट्रंप ने कहा, जन्म के अधिकार को लेकर सुप्रीम कोर्ट में हमारा बहुत बुरा फैसला आया। यह बहुत करीबी था।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)

निविदा सूचना

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-4/2026/654/166 — भिलाई, दिनांक 03.08.26

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निमार्ण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	सिस्टम क्र.	कार्य का नाम	निविदा लागत (लाख में)	निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि
1	196586	वार्ड क्र. 44 गोकुल नगर सुलभ के पीछे से बापू नगर पुलिया तक का चैनेलाईजेशन कार्य। (द्वितीय बार)	88.98	17.08.2026

निविदा स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेंगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com अथवा संचालनालय की वेबसाईट www.uad.cg.gov.in में भी देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त

डाबर को अंतरिम राहत, दिल्ली हाईकोर्ट ने एफएसएसएआई के आदेश पर लगाई रोक

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के उस प्रतिबंध आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें डाबर इंडिया लिमिटेड को कथित रूप से भ्रामक "100 प्रतिशत" दावे वाले कुछ खाद्य उत्पादों की बिक्री रोकने का निर्देश दिया गया था।

एकल न्यायाधीश पीठ के न्यायमूर्ति अमित महाजन ने यह आदेश देते हुए कहा कि डाबर को सुनवाई का अवसर दिए बिना इस तरह का प्रतिबंध आदेश पारित नहीं किया जाना चाहिए था। अदालत ने कहा, "याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता की दलीलों को देखते हुए, इस अदालत की प्रथम दृष्टया राय है कि इस तरह का प्रतिबंध आदेश सुनवाई का अवसर दिए बिना पारित नहीं किया जाना चाहिए था। अगली सुनवाई की तारीख तक विवादित आदेश पर रोक लगाई जाती है।" न्यायमूर्ति महाजन ने डाबर इंडिया की याचिका पर नोटिस जारी करते हुए केंद्र सरकार और एफएसएसएआई से जवाब मांगा और अंतरिम आदेश पारित किया। वहीं, इस मामले की अगली सुनवाई 24 अगस्त को होगी। डाबर ने एफएसएसएआई के प्रतिबंध आदेश को चुनौती देते हुए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया था। नियामक ने कंपनी को कुछ चिन्हित खाद्य उत्पादों की बिक्री तत्काल रोकने का निर्देश दिया था, जिन पर "100 प्रतिशत प्राकृतिक", "100 प्रतिशत शुद्ध", "100 प्रतिशत शुद्धता की गारंटी", "100 प्रतिशत ऑर्गेनिक" और "100 प्रतिशत टेंडर नारियल पानी" जैसे दावे किए गए थे।

समक्ष न्यायालय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी अभनपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)

चिमन लाल साहू आयु 66, पिता- घूर राम साहू वार्ड क्र. 08 किसानपारा गोबरा नावापारा, जिला-रायपुर (छ.ग.),
आधार नं. 6110 0679 4528

//शपथ//

मैं शपथकर्ता निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूं किः-

1. यह कि मेरा नाम भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड मे चिमन लाल साहू पिता-घूर राम साहू दर्ज है।
2. यह कि मेरा सही एवं वास्तविक नाम चिमन लाल साहू पिता-घूर राम साहू है जो भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड रिकार्ड में दर्ज है । छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।
3. यह कि मेरा नाम छ.ग. सरकार द्वारा जारी फार्म बी-1 किस्तबंदी खतौनी (असामीवार) में मेरा नाम चिरंजीव लाल पिता धुर राम दर्ज है।
4. यह कि मेरा नाम छ.ग. सरकार द्वारा जारी फार्म बी-1 किस्तबंदी खतौनी (असामीवार) मे दर्ज मेरा नाम चिरंजीव लाल पिता धुरराम त्रुटिवश दर्ज है।
5. यह कि मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को नहीं छुपाया गया है यदि कोई भी तथ्य असत्य पाई जाती है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरे स्वयं का होगा।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता हूं कि शपथ कंडिका 01 एवं 05 के कथन मेरी निजी ज्ञान एवं जानकारी से सही होने से अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।
स्थानः गोबरा नवापारा
दिनांकः- 06/08/2026 — **चिमन लाल साहू** **शपथकर्ता**

नाम सुधार सूचना

मै सतीशचंद्र श्रीवास्तव पिता स्व. रजनीकांत श्रीवास्तव निवासी शैल-रजनी छाया, सिविल लाईन, बलौदाबाजार शपथ पूर्व कथन करता हूं कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार सही है। किंतु मेरी दोनों पुत्रियों श्रेया तथा श्रुति श्रीवास्तव के शैक्षणिक दस्तावेजों में त्रुटिवश मेरा नाम सतीशचंद्र श्रीवास्तव के स्थान पर सतीश श्रीवास्तव दर्ज हो गया है। जिसे सुधारकर सतीशचंद्र श्रीवास्ताव दर्ज करने हेतु मेरे द्वारा शपथ पत्र के साथ यह आम सूचना प्रकाशित कराई गई है। चुंकि सतीश श्रीवास्ताव एवं सतीशचंद्र श्रीवास्तव दोनो एक ही व्यक्ति अर्थात मेरा ही नाम है, अतः भविष्य में आवश्यकता पड़ने पर सभी शासकीय दस्तावेजो में मेरा नाम सतीश श्रीवास्तव के स्थान पर सतीशचंद्र श्रीवास्ताव दर्ज कर लिखा एवं पढ़ा जावें। सो सूचना जाने।

सतीशचंद्र श्रीवास्तव
निवासी- शैल-रजनी छाया, सिविल लाईन, बलौदाबाजार,
जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा

समक्ष श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी महोदय नगरी जिला धमतरी छ.ग.

सीमा बोहरा उम्र 35 वर्ष पति श्री अमित जैन जाति जैन
पति म.न.00 वार्ड नं. 10 नगरी तह. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) पिन नं. 493778 ...... शपथकर्ती

शपथ पत्र

मैं शपथकर्ती सीमा बोहरा नीचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूँः-

1. यह कि मेरे मतदाता कार्ड में मेरा नाम सीमा बोहरा SEEMA BOHARA अंकित है जो सही है एवं मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सीमा जैन SEEMA JAIN अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है।
2. यह कि, मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम त्रुटिपूर्ण अंकित होने से मुझे शासकीय व अन्य कार्य में परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम सीमा बोहरा SEEMA BOHARA अंकित करवाना चाहती हूँ।
3. यह कि मेरे द्वारा दी जा रही उपरोक्त जानकारी पूर्ण रूप से सत्य एवं सही है किसी प्रकार की असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम सीमा बोहरा SEEMA BOHARA अंकित करने की पुष्टि एवं समर्थन में यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन करने हेतु दे रही हूँ जो पूर्ण रूप से सही है।

शपथकर्ती

सत्यापन :- मैं उपरोक्त शपथकर्ती यह सत्यापित करती हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 4 तक में वर्णित तथ्य मेरे स्वतः की जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। अतः आज दिनांक को नगरी में अपना हस्ताक्षर कि हूँ।
दिनांक

सीमा जैन
सत्यापनकर्ती

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR

e-Procurement Tender Notice
Main Portal:http://eproc.cgstate.gov.in
First Call

NIT NO: 93/EE/M.W./2026 — **RAIPUR DATED- 07.08.2026**

Online bids are invited for the FOLLOWING works up to **31.08.2026 at 17:30 hours.**

Sr. No.	System Tender No.	Name of work / Description of work	Probable amount of contract (with GST)
1	197101	उपलब्ध चेसिस एवं टायर पर 4 नग -10 सीटर मोबाइल टॉयलेट का पूर्ण निर्माण कार्य (टर्नकी आधार पर)	Rs. 11,87,080/-

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from **07.08.2026 17:30 Hours** (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Details and other documents.

NOTE :-
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. **Help Desk at Toll Free No. 18004199140** or through Email ID **helpdesk.eproc@cgswan.gov.in**
3. **Mob: 79877-34722**

घरो से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

EXECUTIVE ENGINEER
MUNICIPAL CORPORATION
RAIPUR (C.G.)

जल संरक्षण से बदला जीवन: धमतरी के भोथापारा में आजीविका डबरी बनी आर्थिक स्वावलंबन का नया आधार

■ आजीविका डबरी का बहुउद्देशीय उपयोग

रायपुर/नवप्रदेश। जल संरक्षण, कृषि संवर्धन और सतत स्वरोजगार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। वर्षा जल संचयन और ड्रिप सिंचाई से पानी की बचत होती है, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ता है। यह चक्र किसानों और ग्रामीण युवाओं के लिए जैविक खेती, पशुपालन और लघु उद्योगों के जरिए स्थायी रोजगार के नए रास्ते खोलता है।

छत्तीसगढ़ शासन की ग्रामीण आजीविका उन्मुख योजनाएं आज प्रदेश के सुदूर अंचलों तक पहुँचकर परिवारों के जीवन में नया उजियारा ला रही हैं। जल संरक्षण, कृषि संवर्धन और सतत स्वरोजगार के समन्वित मॉडल का एक उत्कृष्ट उदाहरण धमतरी जिले के विकासखंड नगरी की ग्राम पंचायत भोथापारा में देखने को मिला है, जहाँ आजीविका डबरी ने आदिवासी परिवारों के

जीवन को आर्थिक तंगी से निकालकर आत्मनिर्भरता की नई राह दिखाई है।

'वीबी-जी राम जी' योजना से मिली नई दिशा

परिवारों की इस स्थिति में निर्णायक मोड़ तब आया, जब शासन की वीबी-जी राम जी योजना के तहत उनकी निजी भूमि पर आजीविका डबरी का निर्माण किया गया। डबरी के बनने से वर्षाजल का प्रभावी संचयन संभव हुआ, जिससे पूरे वर्ष जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो गई। ?विभागीय तकनीकी मार्गदर्शन में हितग्राहियों ने जल संचयन के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धति से मत्स्य पालन की शुरुआत की। गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज के उपयोग, संतुलित पूरक आहार और नियमित देखभाल के बल पर मछलियों की बेहतर वृद्धि हुई। प्रथम चक्र में ही मछलियों के विक्रय से परिवारों को उनकी अपेक्षा से अधिक लाभ प्राप्त हुआ।

ग्राम पंचायत भोथापारा के अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राही सावित्री-फक्कीर एवं फक्कीर-हलालखोर का जीवन कुछ वर्ष पूर्व तक अनिश्चितताओं से घिरा था। सीमित कृषि भूमि, मानसूनी वर्षा पर निर्भरता और सिंचाई साधनों के अभाव के कारण परिवार की आय का मुख्य जरिया मौसमी खेती और दिहाड़ी मजदूरी तक ही सीमित था। वर्षभर नियमित आय न होने के कारण परिवार को अक्सर रोजगार की तलाश में पलायन करना पड़ता था।

बहुउद्देशीय उपयोग: सिंचाई, मत्स्य पालन और कृषि उत्पादकता

आजीविका डबरी का लाभ केवल मछली पालन तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि इसके त्रिआयामी लाभ सामने आए। मत्स्य पालन से प्राप्त अतिरिक्त आय का उपयोग बच्चों की बेहतर शिक्षा, कृषि निवेश और घरेलू जरूरतों को पूरा करने में किया गया। संचित जल का उपयोग खेतों की सिंचाई में होने से फसलों की पैदावार बढ़ी और वर्षभर कृषि गतिविधियां जारी रखना संभव हुआ। सिंचाई की सुगम व्यवस्था से खेती की लागत घटी और आय के नए स्रोत विकसित हुए। ?सावित्री और फक्कीर बताते हैं कि यदि आजीविका डबरी का संबल न मिलता, तो आज भी उनका परिवार मजदूरी पर ही आश्रित होता। आज वे न केवल आर्थिक रूप से स्वावलंबी हैं, बल्कि अपने अनुभवों को साझा करते हुए गांव के अन्य किसानों को भी आजीविका डबरी के बहुउद्देशीय उपयोग और मत्स्य पालन के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

धमतरी जिले में संचालित आजीविका डबरी नवाचार यह सिद्ध करता है कि जल संरक्षण और वैज्ञानिक तकनीकी मार्गदर्शन का संगम ग्रामीण अंचलों में स्थायी आजीविका का ठोस आधार बन सकता है।

न्यूज गैलरी

राज्य में अब तक औसतन 606.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में इस वर्ष मानसून का प्रदर्शन काफी बेहतर बना हुआ है और प्रदेश भर में बारिश की स्थिति कुल मिलाकर संतोषजनक है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी राज्यस्तरीय आंकड़ों के अनुसार 1 जून से 7 अगस्त 2026 तक प्रदेश में औसतन 606.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की जा चुकी है, जो कि सामान्य औसत वर्षा 612.8 मिलीमीटर का लगभग 99 प्रतिशत है। इस अवधि के दौरान राज्य में आज औसतन 10.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। मानसून के इस आंकड़े के पीछे राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश की काफी असमान स्थिति भी देखने को मिल रही है।प्रदेश के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में अब तक सर्वाधिक बारिश दर्ज की गई है, जहाँ सामान्य औसत की तुलना में 187.8 प्रतिशत यानी 872.8 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। इसके ठीक विपरीत उत्तरी छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में स्थिति सबसे अधिक चिंताजनक बनी हुई है, जहाँ अब तक सामान्य औसत का महज 65.6 प्रतिशत यानी केवल 304.5 मिलीमीटर पानी ही बरसा है। क्षेत्रवार स्थिति पर नज़र डालें तो मध्य छत्तीसगढ़ एवं मैदानी इलाकों में मानसूनी बादल जमकर बरसे हैं। राजधानी रायपुर में औसत की तुलना में 126.8 प्रतिशत यानी 648.7 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है। इसी प्रकार बलौदाबाज़ार में 701.8 मिलीमीटर (122.8%), गरियाबंद में 731.8 मिलीमीटर (125.5%), महासमुंद में 771.9 मिलीमीटर (139.4%) और धमतरी में 651.4 मिलीमीटर (110.5%) बारिश के साथ जलस्तर बेहतर स्थिति में है। बिलासपुर संभाग के जिलों में भी बारिश की स्थिति काफी अच्छी बनी हुई है। जांजगीर-चांपा में अब तक 798.1 मिलीमीटर (126%), सक्ती में 668.8 मिलीमीटर (119.4%), बिलासपुर में 635.4 मिलीमीटर (108.5%) और मुंगेली में 584.8 मिलीमीटर (107.1%) बारिश दर्ज की गई है।

रायपुर में चोरी, धोखाधड़ी और सड़क हादसे में मौत के मामले दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अलग-अलग थाना क्षेत्रों में चोरी, धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, सड़क हादसे और सट्टा-जुआ के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने संबंधित मामलों में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। उरला थानाः कुम्हारी उरला स्थित अनन्या इंटरप्राइजेस के गोदाम में अज्ञात चोर ने शटर तोड़कर प्रवेश किया और करीब 48 बंडल कॉपर तार चोरी कर लिए। चोरी गए तार का वजन लगभग 250 किलोग्राम और कीमत करीब एक लाख रुपये बताई गई है। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। उरला में जमीन के नाम पर 22.50 लाख की धोखाधड़ीः बीरगांव में एक व्यक्ति ने दूसरे की जमीन को अपनी जमीन बताकर आवेदक के साथ इकरारनामा किया और कथित तौर पर 22.50 लाख रुपये प्राप्त कर धोखाधड़ी की। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। खम्हारडीह में कार के इंजन से छेड़छाड़ का आरोपः कचना ओवरब्रिज के नीचे स्थित गैरेज में डेंटिंग-पेंटिंग के लिए दी गई कार का मूल इंजन निकालकर दूसरा इंजन डालने का आरोप सामने आया है। पुलिस ने अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। कोतवाली में मोबाइल चोरीः धमतरी गेट के पास शराब भट्ठी में शराब खरीदने के दौरान एक व्यक्ति की पैंट की जेब से वीवो कंपनी का मोबाइल फोन चोरी हो गया। मोबाइल की कीमत करीब 30 हजार रुपये बताई गई है। शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। आमानाका में सड़क हादसा, युवक की मौतः नया बायपास रोड, इंडियन पेट्रोल के सामने टाटीबंध में अज्ञात मेटाडोर चालक ने तेज और लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक सवारों को टक्कर मार दी।

सेवानिवृत्त प्राध्यापकों एवं वैज्ञानिकों के पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु हर संभव प्रयास

रायपुर/नवप्रदेश। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय प्रशासन ने कहा है कि विश्वविद्यालय द्वारा सेवानिवृत्त प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मचारियों के पेंशन, ग्रेच्यूटी एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ दिलवाने के संबंध में सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सेवानिवृत्त प्रध्यापकों द्वारा उनके लंबित पेंशन एवं ग्रेच्यूटी प्रकरणों तथा महंगाई भत्ते में वृद्धि एवं एरियर्स राशि की मांग को लेकर की जा रही हड़ताल के संबंध में स्पष्ट किया है कि विगत अवधि में सेवानिवृत्त 42 प्राध्यापकों/वैज्ञानिकों में से 15 प्राध्यापकों/वैज्ञानिकों को विश्वविद्यालय द्वारा 90 प्रतिशत पेंशन स्वीकृत कर इसका भुगतान किया जा रहा है। इसी प्रकार 15 अन्य लंबित पेंशन प्रकरणों को स्थानीय निधि संपरीक्षा, संचालनालय को सत्यापन हेतु भेजा गया है जिन पर स्वीकृति प्राप्त होते ही पेंशन का भुगतान शुरू किया जाएगा। 12 अन्य पेंशन प्रकरण स्वीकृति हेतु विचाराधीन हैं जिन पर त्वरीत कार्यवाही की जा रही है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन सेवानिवृत्त प्रध्यापकों/वैज्ञानिकों को 90 प्रतिशत पेंशन राशि प्रदान की जा रही है उनके नियुक्ति आदेश में उल्लेखित सेवा शर्तों एवं उनके परिपालन में व्याप्त विसंगतियों को दृष्टिगत रखते हुए विश्वविद्यालय के लेखानियंत्रक एवं स्थानीय निधि संपरीक्षा, संचालनालय द्वारा आपत्ति दर्ज की गई है।

बिजली उपभोक्ताओं को लगेगा झटका

जुलाई का एफपीपीएएस शुल्क 18 फीसदी, दो किस्तों में होगी वसूली, अगस्त में लगेगा डबल झटका

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेशभर के 65 लाख बिजली उपभोक्ताओं को अगस्त के बिजली बिल में डबल झटका लग रहा है। एक तो जुलाई से बिजली का टैरिफ बढ़ गया है, साथ ही जुलाई के लिए जो एफपीपीएएस शुल्क तय किया गया है, वह 18 फीसदी है। हालांकि पॉवर कंपनी ने शुल्क ज्यादा होने के कारण इसको दो किस्तों में वसूल करने का फैसला किया है।

बचा हुआ और अगस्त का एफपीपीएएस शुल्क एक साथ देना होगा

ऐसे में जुलाई के बिल के साथ 10 फीसदी की वसूली हो रही है, बचे 8 फीसदी की वसूली अगले माह के बिल के साथ होगी। इसी के साथ अगस्त के शुल्क की भी वसूली होने के कारण डबल झटका लगेगा।

9.13 फीसदी शुल्क लगा

इसके बाद अप्रैल में मार्च का बिल आया तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क और कम होकर 4.24 फीसदी लगा। मई में जब अप्रैल का बिल आया था इसमें 3.98 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लगा था। जून में जब मई का बिल आया तो इसमें करीब 9.13 फीसदी शुल्क लगा। इसके बाद जुलाई में जब जून का बिल आया तोइसमें शुल्क 11.33 शुल्क में लगा।

हर माह तय होता है एफपीपीएएस शुल्क

बिजली में हर माह अब एफपीपीएएस शुल्क तय होने के कारण हर माह बिजली के दाम बदल जाते हैं। इस साल के पहले माह जनवरी में जो दिसंबर का बिल आया था। उसमें 13.64 फीसदी एफपीपीएएस शुल्क लिया गया। इसमें जहां 5.43 फीसदी पुराना शुल्क था, वहीं दिसंबर का 8.21 फीसदी शुल्क शामिल था।

दिसंबर में एफपीपीएएस शुल्क 16.42 फीसदी

दिसंबर में एफपीपीएएस शुल्क 16.42 फीसदी तय हुआ था। इसमें से आधा दिसंबर के बिल के साथ लिया गया। इसके बाद बचा आधा 8.21 फीसदी शुल्क जनवरी के बिल में लिया गया। फरवरी में जब जनवरी का बिल आया तो उसमें पुराना 8.21 फीसदी शुल्क और जनवरी का नया शुल्क 4.14 फीसदी भी लिया गया। ऐसे में इस माह भी डबल झटका लगा था। लेकिन मार्च में जब फरवरी का बिल आया तो इसमें एफपीपीएएस शुल्क 5.91 फीसदी लगा।

शुल्क बढ़ने का कारण ज्यादा बिजली खरीदी

बीते दो माह से एफपीपीएएस शुल्क के बढ़ने का कारण पॉवर कंपनी के अधिकारी यह बता रहे हैं कि गर्मी की वजह से इस बार बाहर से ज्यादा बिजली खरीदी गई है। बीते करीब दो माह से तो कोरबा के 210 मेगावाट के दो संयंत्र भी लगातार बंद रहे हैं। इस समय भी एक 210 मेगावाट का संयंत्र बंद है। ऐसे में बाहर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ रही है।

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा जीपीएम

जिला प्रशासन ने शुरू की व्यापक तैयारियां

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश में खेल संस्कृति को नई गति मिल रही है। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य सरकार लगातार प्रभावी पहल कर रही है। इसी कड़ी में गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिला 18 से 21 अगस्त तक आयोजित होने वाली 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। चार दिवसीय इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश के पांचों संभागों से 14 से 19 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 540 खिलाड़ी अपनी प्रतिभा और खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे।

राज्य सरकार खेलों को केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और स्वस्थ जीवन शैली का सशक्त आधार मानती है। शालेय स्तर पर आयोजित होने वाली ऐसी प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने के साथ-साथ बड़े मंचों तक पहुंचने का अवसर प्रदान करती हैं।

चार खेलों की स्पर्धाओं से गूंजेगा जीपीएम

प्रतियोगिता के दौरान जिम्नास्टिक (बालक एवं बालिका), क्रिकेट (बालक), ताईक्वांडो (बालक एवं बालिका) तथा कबड्डी (बालिका) की स्पर्धाएं आयोजित होंगी। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी पांचों संभागों के खिलाड़ी, प्रशिक्षक एवं अधिकारी सहभागिता करेंगे। आयोजन से खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा की भावना, टीम भावना और खेल उत्कृष्टता को नई दिशा मिलेगी।

उत्कृष्ट आयोजन के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह तैयार

प्रतियोगिता के सफल एवं गरिमामय आयोजन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक लेकर तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने दिया स्वदेशी अपनाने का संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने प्रदेशवासियों से स्वदेशी उत्पादों को अपनाने तथा हथकरघा से निर्मित वस्तुओं के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान किया। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान का उल्लेख करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहित करना केवल आर्थिक गतिविधि नहीं, बल्कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्पकला और लाखों बुनकर परिवारों के सम्मान से जुड़ा जन आंदोलन है। राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर अग्रवाल ने छत्तीसगढ़ के कुशल बुनकरों द्वारा निर्मित पारंपरिक गमछा धारण कर प्रदेश की समृद्ध हस्तकरघा परंपरा को सम्मान दिया। उन्होंने कहा कि यह गमछा केवल एक

परिधान नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान, श्रम, परंपरा और स्थानीय शिल्प कौशल का जीवंत प्रतीक है। अग्रवाल ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया कि वे अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक स्वदेशी और हथकरघा उत्पादों को अपनाएं। उन्होंने कहा कि जब हम स्थानीय बुनकरों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का उपयोग करते हैं, तब हम न केवल उनकी आजीविका को सशक्त बनाते हैं, बल्कि अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समाज की एकजुटता सामाजिक विकास की सबसे बड़ी शक्ति : राजेश अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने अंबिकापुर में आयोजित रजवार समाज की महत्वपूर्ण बैठक एवं सम्मान समारोह में शामिल होकर समाज के वरिष्ठजनों, माताओं, बहनों और युवाओं से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर समाज की ओर से उनका पुष्पमालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। समाज के प्रतिनिधियों ने विभिन्न सामाजिक एवं विकास संबंधी विषयों पर मंत्री को अवगत कराया और समाज के उत्थान के लिए आवश्यक पहल की अपेक्षा व्यक्त की। बैठक को संबोधित करते हुए पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि किसी भी समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता, शिक्षा और आपसी सहयोग में निहित होती है। उन्होंने कहा कि समाज के युवाओं

को शिक्षा, रोजगार और सामाजिक नेतृत्व की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए तथा वरिष्ठजनों के अनुभवों का लाभ लेकर नई पीढ़ी को संगठित एवं संस्कारित करना समय की आवश्यकता है।

मंत्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समाज से जुड़े जनहित के मुद्दों पर सकारात्मक पहल की जाएगी। उन्होंने सामाजिक समरसता बनाए रखने, परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण तथा शिक्षा के स्तर को लगातार बेहतर बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर श्री अग्रवाल ने कहा कि रजवार समाज की बैठक में सम्मिलित होकर समाज के सभी वरिष्ठजनों, माताओं, बहनों एवं युवाओं से आत्मीय भेंट का अवसर मिला। इस दौरान आप सभी द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान और आत्मीय आतिथ्य के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। रजवार समाज का छत्तीसगढ़ के सामाजिक विकास, सांस्कृतिक विरासत और जनसेवा में योगदान सदैव प्रेरणादायी एवं अतुलनीय रहा है। रजवार समाज के सभी सम्मानित सदस्यों का हृदय से अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ।

बैठक में समाज के वक्ताओं ने संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने, आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग, युवाओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में महिलाओं और युवाओं की उत्साहपूर्ण सहभागिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही।

बकरी पालन से शुरू कर खड़ा किया बहुआयामी आजीविका का साम्राज्य

■ बकरी पालन से मिनी राइस मिल, मखाना उत्पादन और कैंटीन संचालन तक बढ़ाया दायरा

■ हर सदस्य कमा रही 8 से 10 हजार रुपए प्रतिमाह; राष्ट्रीय मंच पर भी मिल चुका है सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। मखाना उत्पादन के साथ गाय और बकरी पालन करने से दुग्ध व्यवसाय बहुत फायदेमंद हो सकता है। मखाना की फसल कटने के बाद निकलने वाला छिलका और कचरा पशुओं के लिए बेहतरीन और पौष्टिक चारा बनता है। इससे चारे की लागत कम होती है और दूध उत्पादन का मुनाफा बढ़ जाता है। ग्रामीण अंचल की महिलाओं यदि ठान लें, तो सीमित संसाधनों के बल पर भी आत्मनिर्भरता का नया इतिहास लिख

सकती हैं। छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले के नगरी विकासखंड स्थित ग्राम छिपली की महिलाओं ने इसे सच कर दिखाया है। यहाँ की स्वावलंबी महिला स्व-सहायता समूह की दीदियों ने संघर्ष और चुनौतियों को पछाड़ते हुए न केवल अपनी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ की है, बल्कि पूरे प्रदेश में ग्रामीण आजीविका और महिला सशक्तिकरण का एक रोल मॉडल बनकर उभरी हैं। सफलता का स्वाद चखने के बाद छिपली की दीदियों ने खुद को सिर्फ बकरी पालन तक सीमित नहीं रखा। अपनी उद्यमशीलता को नया आयाम देते हुए समूह ने अपनी गतिविधियों का बहुआयामी विस्तार किया। गाँव के तालाब को मखाना उत्पादन के लिए तैयार करने के साथ-साथ गाय व बकरी पालन से दुग्ध व्यवसाय को गति दी। दलहन-तिलहन फसलों के साथ फलदार वृक्षों की वैज्ञानिक खेती अपनाई। गाँव में मिनी राइस मिल और कैंटीन संचालन शुरू कर दैनिक आय के पक्के स्रोत विकसित किए।

चुनौतियों को बनाया सीढ़ी, बकरी पालन से रखी नींव

समूह की अध्यक्ष श्रीमती दुर्गेश नंदनी साहू बताती हैं कि शुरुआत का दौर आसान नहीं था। सबसे पहली और बड़ी चुनौती थी कि गाँव की महिलाओं को एकजुट कर सामूहिक कार्य की संस्कृति का विकास करना। आपसी समन्वय और अटूट विश्वास के साथ दीदियों ने पशुपालन विभाग के मार्गदर्शन में बकरी पालन को आजीविका का मुख्य आधार बनाया।शुरुआती दिनों में बाजार के उतार-चढ़ाव और नुकसान का भी सामना करना पड़ा, लेकिन महिलाओं ने हार मानने के बजाय प्रबंधन और पशु स्वास्थ्य की बारीकियों को समझा। निरंतर प्रयासों का परिणाम यह है कि आज समूह की प्रत्येक दीदी प्रतिमाह 8 से 10 हजार रुपए की सम्मानजनक आय अर्जित कर रही हैं।

जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग का तकनीकी सहयोग दीदियों के लिए संबल बना। कलेक्टर ने कहा कि गांवों में स्व-सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक गतिविधियों से जोड़ना ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ को मजबूत करता है। छिपली की महिलाओं ने यह सिद्ध किया है कि सही अवसर और मार्गदर्शन मिले तो ग्रामीण महिलाएं आजीविका के नए शिखर छू सकती हैं। जिला प्रशासन ऐसे समूहों को बाजार, प्रशिक्षण और हर संभव विभागीय मदद देने के लिए प्रतिबद्ध है। समूह के इस अनुकरणीय मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना मिली है। पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के हाथों सम्मानित होना इन महिलाओं के अटूट संघर्ष और सामूहिक संकल्प का सबसे बड़ा प्रमाण है।

न्यूज गैलरी

सर्व सेन समाज द्वारा नवनिर्मित मंदिर का आज से तीन दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। नगर के सर्व सेन समाज द्वारा निर्मित भव्य मंदिर में मूर्तियों की स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 8 से 10 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। इस त्रि-दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में भगवान नर्मदेश्वर शिवलिंग, श्री हनुमान, श्री नारायणी देवी और संत शिरोमणि सेन जी महाराज की प्रतिमाएं प्रतिष्ठित की जाएंगी। कार्यक्रम 8 की सुबह 7 बजे से वेदी स्थापना पूजन होगा। सुबह 11 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। 9 को विभिन्न अधिवासों (पुष्प, वस्त्र, मिष्ठान व अन्नाधिवास) के साथ दोपहर 1 बजे से शिव बारात एवं सभी देवी-देवताओं की शोभा यात्रा निकाली जाएगी। शाम को पाणिग्रहण का आयोजन होगा। 10 की सुबह 8 बजे से शिव बारात स्थापना, ध्वज रोहण, हवन-आरती और वेदी विसर्जन के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। इस आयोजन के मुख्य आचार्य देवशरण शर्मा होंगे और मुख्य यजमान के रूप में मुकुट राम सेन (मुन्ना) सपरिवार उपस्थित रहेंगे। सर्व सेन समाज अहीवारा परिवार ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

विचक्षण जैन विद्यापीठ में पदग्रहण समारोह

कुम्हारी/नवप्रदेश। विचक्षण जैन विद्यापीठ, कुम्हारी में आज पद ग्रहण समारोह 2026/27 का आयोजन उत्साह, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत, प्रार्थना, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अतिथियों का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ए. पी. सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नेतृत्व केवल अधिकार नहीं, बल्कि सेवा, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने नव-निर्वाचित छात्र परिषद को शुभकामनाएँ देते हुए विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और आदर्श नेतृत्व प्रस्तुत करने का आह्वान किया। समारोह में विद्यालय के ट्रस्टीगण राजेश गिडिया, विजय मालू, सुनील गोलछा, ऋषभ जैन एवं सौरभ पारख की उपस्थिति रही। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा एवं सकारात्मक नेतृत्व के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की बात कही। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बैज अलंकरण एवं शपथ ग्रहण समारोह रहा, जिसमें नव-निर्वाचित छात्र परिषद के पदाधिकारियों को बैज पहनाकर पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के छात्र कप्तानों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय के अनुशासन, उत्कृष्टता एवं सेवा की भावना को सदैव सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।

सीईओ दुबे नोडल अधिकारी नियुक्त

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में 9 से 17 अगस्त 2026 तक 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की थीम 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत जिले के नागरिकों को अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने तथा राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' के सामूहिक एवं व्यक्तिगत गायन के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन में देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना जागृत करना है। 'हर घर तिरंगा कार्यक्रम' के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के सुचारू संचालन के लिए जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग दुबे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। हर घर तिरंगा कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित किए जाएंगे, जिसमें तिरंगा यात्रा, तिरंगा रैलियां, तिरंगा दौड और मैराथन, तिरंगा कॉन्सर्ट, तिरंगा कैनवास, तिरंगा प्रतिज्ञा, तिरंगा सेल्फी, तिरंगा सम्मान, तिरंगा मेला, हर घर तिरंगा और वंदे मातरम पर एक विशेष प्रदर्शनी, वंदे मातरम की थीम पर विशाल तिरंगा रंगोली का प्रदर्शन किया जाएगा।

नपा अध्यक्ष ने किया वार्ड का निरीक्षण

जामुल/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र में वार्ड भ्रमण अभियान के तहत नपा अध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने वार्ड 17 एवं 18 का निरीक्षण किया। वार्ड वासियों से सीधा संवाद करके मुलभुत कार्यों की जानकारी ली और तत्काल निराकरण करने का निर्देश संबंधित प्रभारियों को दिया। नपा अध्यक्ष ठाकुर ने बताया कि आम जनता के सुझाव व समस्या को ध्यान में रखते हुए वार्डवार निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही मैं जामुल क्षेत्र के सभी वार्ड वासियों से अपील करता हूं कि किसी भी प्रकार के मुलभुत कार्य में कोई शिकायत हो तो तत्काल अवगत कराये जिसे मौके पर निराकरण किया जा सके। वार्ड भ्रमण के दौरान पार्षद दुर्गा वैष्णव, तिलेश्वर देवांगन, उप अभियंता सचिन भागवत, जल कार्य प्रभारी दयालु जंघेल, विद्युत प्रभारी रवि चौहान, सफाई प्रभारी बशीर खान सहित वार्ड नोडल प्रभारी मेघनाथ सोनी उपस्थित थे।

महापौर अलका ने भाजपा पार्षद दल और अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

■ वार्डों की समस्याओं, विकास कार्यों और तिरंगा यात्रा पर हुई विस्तृत चर्चा

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम मोतीलाल वोरा सभागार में आज महापौर अलका बाघमार की अध्यक्षता में सभापति श्याम शर्मा तथा प्रभारी आयुक्त मोहेंद्र साहू की उपस्थिति में भाजपा पार्षद दल एवं निगम अधिकारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहर के विभिन्न वार्डों में चल रहे विकास कार्यों, नागरिक सुविधाओं, आगामी योजनाओं तथा शासन की प्राथमिकताओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान महापौर ने सभी पार्षदों से उनके-अपने वार्डों की समस्याओं, आवश्यकताओं एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी ली। पार्षदों ने सड़क, नाली, बी.टी. रोड, पेवर ब्लॉक, विद्युत पोल सहित अन्य आधारभूत सुविधाओं से संबंधित मांगों एवं प्रस्तावों को प्रस्तुत किया। इन प्रस्तावों पर विचार-विमर्श करते हुए महापौर ने कहा कि 15वें वित्त आयोग अंतर्गत विभिन्न वार्डों के आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव प्राथमिकता के आधार पर तैयार कर शासन को भेजे जाएं, ताकि नागरिकों को शीघ्र बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्डों में किसी भी प्रकार के विकास कार्य अथवा डस्टिंग (मुरूम/गिट्टी) डालने जैसे कार्यों से पूर्व संबंधित पार्षदों को अनिवार्य रूप से सूचना दी जाए। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय से विकास कार्यों में पारदर्शिता आएगी तथा नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित होगा।

शासन के निर्देशानुसार प्रस्तावित तिरंगा यात्रा की तैयारियों पर भी विशेष चर्चा की गई। महापौर ने सभी जनप्रतिनिधियों से राष्ट्रीय गौरव के इस अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान करते हुए कहा कि तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, शेखर चन्द्राकर, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, काशीराम कोसरे, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, शिव नायक, शशि साहू, लीनाधर पाल, हर्षिका संभव जैन तथा पार्षद कुलेश्वर साहू, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, सजान जोसफ, गुलशन साहू, रंजीता पाटिल, सरिता चन्द्राकर, लोकेश्वरी ठाकुर, ललिता ठाकुर, सावित्री दमाहे, रामचंद्र सेन, आशीष चन्द्राकर, मनीष कोठारी,शिवेंद्र परिहार, अरुण सिंह सहित कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, सहायक अभियंता गिरीश दीवान, उप अभियंता विनोद मांझी, पंकज साहू, अपर्णा मिश्रा उपस्थित थे।

महिला बाल विकास द्वारा जिला स्तरीय स्तनपान सप्ताह का आयोजन, बाल विवाह मुक्ति की दिलाई गई शपथ

दुर्ग/ नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय स्तनपान सप्ताह विवेकानंद सभागार में आयोजित किया गया। आयोजन में विधायक और उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग आयोग प्राधिकरण ललित चंद्राकर तथा महापौर अलका बाघमार के साथ निलेश अग्रवाल, देवनारायण चंद्राकर, रंजीता पाटिल अधिकारी कर्मचारी गण महिला स्व सहायता समूह की महिलाये कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में परियोजना अधिकारी उषा झा ने स्तनपान सप्ताह के बारे में कहा कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष की थीम जीवन की सतत शुरुआत के लिए स्तनपानः कारगर उपायों को सुदृढ़ बढ़ाना पर स्तनपान सप्ताह का आयोजन जिला परियोजना तथा सभी आंगनबाड़ी केंद्र में किया जाएगा। परियोजना अधिकारी दुर्ग शहरी अनीता सिंह ने बताया कि मां का दूध वह पहला वैक्सीन है जो शिशु के मस्तिष्क को मजबूत बनाता है और उसे मानसिक व बौद्धिक रूप से विकसित करने के साथ संपूर्ण पोषण देता है।

विधायक चंद्राकर ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्तनपान बच्चे के लिए बहुत उपयोगी व रोग प्रतिरोधक तो होता ही है साथ ही धात्री माता के लिए बहुत फायदेमंद होता है। यह स्तन कैंसर जैसी बीमारी से रक्षा करता है। महापौर दुर्ग श्रीमती बाघमार ने कहा कि स्तनपान रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि करता है और जिस मानसिक स्थिति में स्तनपान कराया जाता है वो बच्चे को भी प्रभावित करता है।

आईसीपीएस की टीम से चंद्रप्रकाश पटेल लोकमनी साहू सीता कन्नौजे की उपस्थिति रही। इन्होंने दत्तक ग्रहण योजना स्पॉन्सरशिप योजना बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ पॉक्सो एक्ट आदि के बारे में जानकारी प्रदान की। रक्षा टीम से दीपक साहू द्वारा अभिव्यक्ति ऐप तथा साइबर सुरक्षा नंबर 1930 की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग से सीपीएम संजीव दुबे ने गर्भवती माताओं के शीघ्र पंजीयन पर जोर दिया।

विजय अंततः सत्य की ही होती है : राष्ट्रसंत डॉ. मणिभद्र

दुर्ग/नवप्रदेश। वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ द्वारा आयोजित चातुर्मासिक श्रृंखला की धर्मसभा में राष्ट्रसंत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ. मणिभद्र मुनि महाराज ने सत्य के महत्व पर प्रेरणादायी प्रवचन देते हुए कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पर कभी पराजित नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि साधु किसी भी परिस्थिति में असत्य भाषा का प्रयोग नहीं कर सकता, जबकि श्रावक (गृहस्थ) को व्यवहारिक जीवन में कभी-कभी परिस्थितियों के अनुरूप निर्णय लेना पड़ सकता है।

यदि किसी सत्य के बोलने से किसी निर्दोष के प्राण संकट में पड़ते हों, तो ऐसी स्थिति में श्रावक को मौन रहना अथवा हितकारी व्यवहार अपनाना उचित है। सत्य जितना कठिन दिखाई देता है, उससे कहीं अधिक कठिन झूठ का मार्ग होता है। हमारा जीवन सत्य के आधार पर सहज रूप से चल सकता है, लेकिन झूठ के सहारे एक दिन भी शांति से नहीं जिया जा सकता। सत्य आत्मा का स्वभाव है, जबकि झूठ विभाव है। उन्होंने कहा कि एक झूठ हजारों झूठों को जन्म देता है और उसे छिपाने के लिए बार-बार असत्य का सहारा लेना पड़ता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को सत्य के मार्ग पर दृढ़ता से चलना चाहिए। यह मार्ग भले ही कठिन प्रतीत हो, लेकिन जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सच्ची सफलता और आत्मिक शांति का आधार यही है।

आत्मानंद स्कूल में अव्यवस्थाओं पर छात्रों का फूटा गुस्सा, प्राचार्य पर लगाया आरोप

नंदिनी अहिवारा/नवप्रदेश। शासन की महत्वाकांक्षी योजना के तहत संचालित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, अहिवारा में भारी अव्यवस्थाओं को लेकर छात्र-छात्राओं का धैर्य जवाब दे गया। विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं के अभाव और प्रबंधन की तानाशाही से आक्रोशित विद्यार्थियों ने अचानक मोर्चा खोलते हुए जमकर हंगामा किया। छात्रों ने पेयजल, बिजली और सुरक्षा जैसे मुद्दों पर कलेक्टर एवं शिक्षा विभाग से जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

प्रदर्शनकारी छात्रों का आरोप है कि विद्यालय का बोर (जल स्रोत) लंबे समय से खराब पड़ा है, जिससे पीने के पानी का भारी संकट खड़ा हो गया है। भीषण गर्मी में बच्चों को प्यास बुझाने के लिए स्कूल परिसर से बाहर जाना पड़ता है। इसके अलावा विद्यालय के शौचालय अत्यंत जर्जर और गंदगी से भरे हुए हैं। कंप्यूटर लैब में रखे उपकरण शो-पीस बनकर रह गए हैं और कक्षाओं में बिजली के बोर्ड खुले होने से कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।

विद्यार्थियों ने सीधे तौर पर प्राचार्य पन्नालाल साहू पर आरोप लगाया है कि जब भी वे समस्याओं की शिकायत लेकर जाते हैं, तो उन्हें अपमानित कर कक्ष से बाहर निकाल दिया जाता है।

छात्रों का दावा है कि शिकायत करने पर उन्हें स्थानांतरण प्रमाण पत्र देकर स्कूल से निकालने की धमकी दी जाती है। वहीं, पालकों ने निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूले जाने की शिकायत की है। एक अन्य शिकायत शिक्षिका मीनाक्षी साहू के विरुद्ध है, जिन पर केवल एक ही कालखंड (पीरियड) लेने और शेष समय अनुपस्थित रहने का आरोप है, जिससे पढ़ाई का भारी नुकसान हो रहा है।

भिलाई में उत्साह से मनाया गया 'जैवलिन डे'

■ बीएसपी एथलेटिक्स क्लब की जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में लगभग 200 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

भिलाई/नवप्रदेश। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफइंडिया (एएफआई) के निर्देशानुसार ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा की ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में 07 अगस्त 2026 को देशभर में 'जैवलिन डे' मनाया गया। इसी क्रम में भिलाई इस्पात संयंत्र एथलेटिक्स क्लब द्वारा बीएसपी-भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 मैदान में जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया।

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग तथा सेल एथलेटिक्स अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन अंडर-14 बालक, अंडर-14 बालिका, पुरुष ओपन तथा महिला ओपन वर्गों में किया गया। प्रत्येक वर्ग में प्रथम से दसवें स्थान तक के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

प्रतियोगिता में भिलाई एवं आसपास के क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों के साथ-साथ एचबीएस अकादमी, भिलाई, पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, भिलाई, भिलाई इस्पात संयंत्र एथलेटिक्स क्लब तथा अन्य संस्थानों के लगभग 200 खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि वर्किंग प्रेसिडेंट, बीएसपी एथलेटिक्स क्लब परविंदर सिंह थे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जैवलिन जैसे ओलंपिक खेलों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को खेलों से जोड़ने के लिए ऐसे आयोजन अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

समापन एवं पुरस्कार वितरण में मुख्य अतिथि उप महाप्रबंधक एवं पूर्व ओलंपियन राजेन्द्र प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि प्राचार्य विजय सिंह पवार उपस्थित रहे।

आम्बेडकर शिक्षा मित्र सोसायटी का शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग का मिशन जारी

■ अन्वी गणवीर को उच्च शिक्षा के लिए 20 हजार की सहयोग राशि प्रदान की

भिलाई/नवप्रदेश। डा. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के प्रेरक संदेश पे बेक टू दि सोसायटी को चरितार्थ करते हुए डॉ. अम्बेडकर शिक्षा मित्र सोसाइटी के द्वारा जरूरतमंद छात्र छात्राओ को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किये जाने का व शैक्षणिक उत्थान का मिशन निरंतर जारी है। इसी कड़ी मे देवी अहिल्या विवि इंदौर मे अध्ययनरत जरुरतमन्द छात्रा अन्वी गणवीर को उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे अग्रसर होने के लिए 20 हजार का आर्थिक सहयोग प्रदान किया गया। इस अवसर पर डा. आम्बेडकर शिक्षा मित्र सोसायटी के अध्यक्ष अजय गणवीर ने कहा कि डा. बाबासाहेब भीमराव आम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षा शेरनी का वो दूध है जिसे पीने के बाद एक अज्ञानी भी दहाड़ने लगता है, इसी क्रांतिकारी भाव को जीवंत व सामाजिक परिवेश मे अमल मे लाये जाने हेतु शिक्षा मित्र सोसायटी द्वारा समाज के आर्थिक रूप से सक्षम व समर्थवान सदस्यो का समूह बनाकर समाज के ही गरीब निर्धन व जरूरतमंद विद्यार्थियो की आर्थिक मदद की जाती है, सोसायटी सभी दानदाता सदस्यो का आभार व्यक्त करते हुए शिक्षा के क्षेत्र मे क्रांतिकारी परिवर्तन लाने हेतु सदैव कृतसंकल्पित रहेगी। सहयोग राशि का चेक सौंपने के दौरान सुभाष बंसोडकर, किरण सुखदेवे, संजय मेश्राम सहित डा.आम्बेडकर शिक्षा मित्र सोसायटी के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

शिकायत पर महापौर अलका ने किया निरीक्षण, सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

दुर्ग/नवप्रदेश। निगम महापौर अलका बाघमार को वार्ड 40 केलाबाड़ी कॉम्प्लेक्स क्षेत्र में सार्वजनिक मार्ग पर अवैध अतिक्रमण की शिकायत प्राप्त होने पर उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल निगम के अधिकारियों एवं अमले के साथ मौके पर पहुंचकर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जलाराम मिष्ठान के पीछे स्थित आवागमन मार्ग पर एक व्यक्ति द्वारा सड़क को घेरकर लोहे की जाली लगाते हुए अवैध रूप से पार्किंग का निर्माण किए जाने का मामला सामने आया। महापौर ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, सरिता चन्द्राकर, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, विनोद चन्द्राकर उपस्थित रहे।

आयोजन आज से: स्वदेशी उत्पादों के लगेंगे स्टॉल, 30 हजार तक के कैश प्राइज और प्रतिदिन लकी ड्रॉ

महिला उद्यमिता को मिलेगा नया मंच, सजेगा 'मेरे सपनों का आंगन'

दुर्ग/नवप्रदेश। महिलाओं को आत्मनिर्भरता, स्वरोजगार और स्वदेशी उत्पादों से जोड़ने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, दुर्ग की महिला चेंबर द्वारा दो दिवसीय विशेष आयोजन 'मेरे सपनों का आंगन' का आयोजन 8 एवं 9 अगस्त को महेश कॉलोनी, पुलगांव चौक, दुर्ग में किया गया है। आयोजन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक चलेगा।

शुक्रवार को मीडिया से चर्चा करते हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, दुर्ग जिला महिला चेंबर की अध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी ने बताया कि आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों, गृह उद्योगों एवं हस्तशिल्प से जुड़ी महिलाओं को अपने उत्पादों के प्रदर्शन एवं बिक्री के लिए एक सशक्त मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से महिलाओं को अपने हुनर और व्यवसाय को व्यापक स्तर पर पहचान दिलाने का अवसर मिलेगा।

'मेरे सपनों का आंगन' में महिलाओं द्वारा तैयार किए गए हस्तनिर्मित उत्पाद, फूड एवं बेकरी आइटम, गिफ्ट आर्टिकल, होम डेकोर, आकर्षक ज्वेलरी, लाइफस्टाइल उत्पाद तथा बच्चों एवं परिवार से जुड़ी उपयोगी वस्तुओं सहित विभिन्न उत्पादों के स्टॉल लगाए जाएंगे। आयोजन में स्थानीय महिला उद्यमियों और स्वदेशी उत्पादों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। आयोजन को आम लोगों और परिवारों के लिए आकर्षक बनाने के लिए हाई-टी टिकट, प्रतिदिन 10 लकी ड्रॉ, 30 हजार रुपये तक के कैश प्राइज तथा 10 प्रतिशत डिस्काउंट कूपन जैसी विशेष सुविधाएं भी रखी गई हैं। आयोजकों को उम्मीद है कि बड़ी संख्या में शहरवासी और परिवार आयोजन में पहुंचकर महिला उद्यमियों का उत्साहवर्धन करेंगे। डॉ. मानसी गुलाटी ने बताया कि 'मेरे सपनों का आंगन' के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। विशिष्ट अतिथियों में कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव, सरोज पाण्डेय विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अलका बाघमार तथा भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थोरानी एवं महिला चेंबर की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इला गुप्ता करेंगी।

संयोजक छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, दुर्ग के जिलाध्यक्ष अनूप गटागट एवं महिला चेंबर की जिलाध्यक्ष डॉ. मानसी गुलाटी हैं। आयोजकों ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित 'मेरे सपनों का आंगन' में पहुंचकर उत्साहवर्धन करें।

मीडिया से चर्चा के दौरान छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के दुर्ग जिला अध्यक्ष अनूप गटागट, प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी, चेंबर पदाधिकारी संजय खंडेलवाल, मनोज अग्रवाल, सतीश समर्थ, किशोर जैन तथा चेंबर महिला पदाधिकारी नीतू श्रीवास्तव, प्रियंका जैन, प्रीती खरे, रूपलता साहू, अंजू पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।

भारत का राष्ट्रगान 'जन-गण-मन' गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की अमर रचना : नीलांजना

भिलाई/नवप्रदेश। नोबेल पुरस्कार सन 1913 में साहित्य के क्षेत्र में मिला। खासकर माध्यमों से विश्वख्याति, नोबेल पुरस्कार से सम्मानित महान साहित्यकार एवं शिक्षाविद गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान से मनाई गई। कार्यक्रम में गुरुदेव के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम की नीलांजना जैन ने गुरुदेव के बहुआयामी व्यक्तित्व एवं तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि रवीन्द्रनाथ टैगोर केवल महान कवि ही नहीं बल्कि दार्शनिक, संगीतज्ञ, शिक्षाविद और मानवतावादी विचारक भी थे। उन्होंने 2000 गीतों की रचना की एवं शिक्षा को प्रति के सानिध्य से जोड़ते हुए ऐसे शिक्षण की कल्पना की जिसमें विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो। प्रति से जुड़ी उनकी रचनाओं में स्पष्ट सरलता है। उनकी कविताओं और गीतों में वृक्ष नदियों, ऋतुओं, पक्षी और प्रा तिक सौन्दर्य का सजीव वर्णन मिलता है, जो मनुष्य और प्रति के बीच भारतीय संबंध स्थापित करता है। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर को साहित्य जगत में नोबेल पुरस्कार और उनकी कात्यकृति गीतांजलि के लिए पुष्प अर्पण किया गया। राष्ट्रगान भारत की एकता, अखंडता विविधता और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। विद्यार्थियों से गुरूदेव के आदर्शो मानवता प्रकृति प्रेम, ज्ञानार्जन सृनशीलता एवं राष्ट्रप्रेम को अपने जीवन में अपनाने का माव्हान किया। संस्था शिक्षिका तृप्ति भारती ने वृत्तों की सुरक्षा हेतु 10,000 देने की घोषणा की कार्यक्रम में शशिकला वर्मा, अमृता यादव, उषाकिरण कौशिक, ज्योति वर्मा] अनिता ठाकूर, दीप्तिरानी, रेखा साई, मेटेश्वरी साई, आकाश बंजारे, धनेश यादव, लखोट बरेठ आदि उपस्थित थे।

नव प्रदेश **राजरंग...53**

सोनी के कहने से कटा था नरोत्तम का टिकट

दतिया सीट की हार को मध्य प्रदेश की बीजेपी पचा नहीं पा रही है। नरोत्तम मिश्र तो खैर मायूस हैं ही। उनकी मायूसी की वजह यह नहीं है कि बीजेपी यहां से हार गई। मायूसी की वजह यह है कि अंदरखाने में हार की वजह उन्हें ही ठहराया जा रहा है। अपने नजदीकी लोगों से बातचीत में वे स्वीकार कर रहे हैं कि उनके राजनीतिक करियर को कोई संयोग ही उबार सकता है। इन्हीं चर्चाओं में से यह बात सामने निकल कर आई है कि बीजेपी के आलाकमान ने उन्हें ही टिकट देने की तैयारी की थी, लेकिन मध्य प्रदेश की राजनीति में दिलचस्पी लेने वाले संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी ने अड़ंगा डाल दिया। बता दें कि सुरेश सोनी पहले बीजेपी और संघ के बीच तालमेल बैठाने की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। सामान्य भाषा में कह सकते हैं कि एक तरह से संघ की ओर से बीजेपी पर नियंत्रण रखने की जिम्मेदारी सोनी के पास रही है। लेकिन सवाल यह है कि सोनी ने नरोत्तम का टिकट क्यों कटवाया? इसका जवाब अभी नहीं मिल पाया है। देर-सवेर इस सवाल का भी जवाब मिल ही जाएगा। तब तक मोहन यादव राहत की सांस ले सकते हैं। अब मध्य प्रदेश में उनके लिए कोई चुनौती जो नहीं दिख रही।

नितिन नवीन और राहुल नवीन के बीच रिश्तेदारी की खोज

शेक्सपियर ने एक बार मशहूर बात कही थी, नाम में क्या रखा है? लेकिन उन्हें कभी भारतीय राजनीति की मसालेदार और उच्च स्तरीय कानाफूसी की दुनिया से नहीं पाला नहीं पड़ा। लुटियंस दिल्ली के आलीशान ड्राइंग रूमों और हरे-भरे गलियारों में, कोई सरनेम किसी खानदान के रुतबे का प्रतीक हो सकता है तो कई अटकलों का कारण बन सकता है, या शाम की चाय पर चर्चा का केंद्र हो सकता है। सत्ता के गलियारों में आजकल दो लोगों के नाम को लेकर ज़बरदस्त चर्चा है, जिनका सरनेम एक हैः बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी के प्रमुख राहुल नवीन। दरअसल ईडी प्रमुख के कार्यकाल की समीक्षा की घड़ी नजदीक है। चर्चा है कि उनके कार्यकाल का विस्तार हो सकता है । इसे लेकर सियासी जासूसों और ड्राइंगरूम के रणनीतिकारों ने अपनी-अपनी तरह से छानबीन शुरू कर दी है। क्या वे दोनों रिश्तेदार हैं? एक चर्चा यह भी है कि वे चचेरे भाई हैं। हालांकि कुछ का मानना है कि यह बस इत्तेफ़ाक है। वैसे आम सर्च इंजन पर इन दोनों के बीच किसी पारिवारिक रिश्ते का कोई ठोस सबूत नहीं है। लेकिन सत्ता के गलियारों के रसूखदार लोगों के बीच चर्चा थमी नहीं है। थम गई तो फिर लुटियंस की किसी ज़ेदार कहानी का आसान अंत हो जाएगा। इस चर्चा के अंत के लिए हमें राहुल नवीन के सेवा विस्तार पर आने वाले आखिरी फैसले तक इंतजार करना होगा।

शीर्ष पर अदावत की अटकलें

बड़े राज्य के बड़े मंत्री हैं..लिहाजा उनका दिल्ली आना-जाना कोई नई बात नहीं..लेकिन राष्ट्रीय राजधानी की वे कुछ ज्यादा ही परिक्रमा करते रहते हैं। भले ही उनकी पार्टी के राष्ट्रीय नेता पत्रकारों से कम मिलते हों..लेकिन वे खूब मिलते हैं.अभी हाल ही में उन्होंने अपने नजदीकी पत्रकारों से पूछ लिया..कि क्या मोदी जी और शाह जी में कोई अदावत चल रही है। अब पुराने जमाने की सरकार तो रही नहीं कि पत्रकारों को पता हो कि सचमुच शीर्ष स्तर पर ऐसा कुछ चल रहा है या नहीं। इसलिए पत्रकारों के पास इस सवाल का कोई जवाब तो था नहीं..अलबत्ता उनके सवाल के बाद राजधानी के सत्ता के गलियारों में पत्रकारों के जरिए से यह बात जरूर पहुंच गई कि देश के दोनों शीर्ष नेताओं के बीच सबकुछ ठीक नहीं चल रहा। इससे कानाफूसी को बल मिल रहा है। बल मिलने की वजह है काकरोच जनता पार्टी से निबटने का तरीका। किसान आंदोलन के बाद बीजेपी पहली बार किसी आंदोलन के सामने झुकती नजर आ रही है। माना जा रहा है कि पहले गृहमंत्री के नाते अमित शाह इसे संभाल रहे थे, लेकिन जब मामला हाथ से निकलता दिखा तो प्रधानमंत्री मोदी ने खुद अपने हाथों में कमान थाम ली। इसके बाद से वे लगातार जेन जी से संपर्क और संवाद का सिलसिला बनाए रखे हुए हैं। इसके लिए उनकी सोशल मीडिया पर चाहे जितनी भी ट्रोलिंग की जा रही हो, लेकिन वे लगातार कोशिश में जुटे हुए हैं। जबकि अमित शाह इन दिनों शांत दिख रहे हैं।

नितिन नवीन पर हार का ठीकरा फोड़ने की कोशिश

बिहार की बांकीपुर सीट से बीजेपी उम्मीदवार की हार पार्टी के नए अध्यक्ष नितिन नबीन के लिए बड़ा झटका है। यह सीट बीजेपी का गढ़ रही है और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का अपना निर्वाचन क्षेत्र भी। यहां से प्रशांत किशोर की जीत और बीजेपी उम्मीदवार अभिषेक की हार को लेकर पटना के राजनीतिक गलियारों में कहा जाने लगा है कि उनका ध्यान अपनी सीट पर कम और सरकारी कामकाज में दखल पर ज्यादा हो गया था। वे बिहार की राजनीति में दखल भी देने लगे थे और सरकार के कामकाज में भी। वे मंत्रियों से मुलाकात करके उन्हें दिशानिर्देश देने लगे थे। वैसे यह खबर उड़ाने में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के खेमे के हाथ माना जा रहा है। वैसे भी पार्टी अध्यक्ष होने के नाते उनका अपने मंत्रियों को निर्देश देना या उनसे मुलाकात करना कोई नई बात और अनहोनी बात नहीं है। जाहिर है कि इस हार के लिए सम्राट चौधरी के खेमे की ओर से नितिन नबीन को निशाना बनाने का मकसद है, अपनी जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाना और अपनी कमजोरी को छुपाना है। वैसे तो हर जीत और हार की जिम्मेदारी पार्टी अध्यक्ष के नाते नितिन नबीन की ही है, इसलिए उन्हें सिर्फबांकीपुर के ही लिए क्यों घेरा जाए।

कड़ी कार्रवाई या दिखावे की कोशिश

सीजेपी के आंदोलन से हुए नुकसान की भरपाई की कोशिश के तहत सरकार ने एक तरह से जानी-पहचानी पीआर चाल चली है। असल में यह फैसला बेहद सतही है, लेकिन सरकार ने इसे ऐसे प्रस्तुत किया है, जैसे वह बहुत ही गंभीर फैसला हो। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी यानी एनटीए की परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों को लेकर जनता के गुस्से को शांत करने के लिए, सरकार ने परीक्षा सुधार पर एक उच्च स्तरीय टास्क फोर्स बनाई है। इसमें अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के पूर्व चेयरमैन एस. सोमनाथ, खुफिया ब्यूरो के पूर्व निदेशक तपन डेका और आईआईटी मद्रास के निदेशक प्रो. वी. कामकोटी को शामिल किया गया है।इस कदम से तुरंत कुछ सवाल उठते हैं कि शिक्षा में बड़े बदलाव के लिए गठित समिति में रॉकेट विज्ञानी, पूर्व इंटेलिजेंस चीफ़और कंप्यूटर इंजीनियर का क्या काम हो सकता है और वे किस तरह तालमेल बना सकते हैं। भले ही कामकोटी को उनके तकनीकी पृष्ठभूमि के चलते शामिल किया गया हो, लेकिन यह सवाल उठता है कि क्या इससे काम में दोहराव नहीं होगा। वजह यह है कि इस पैनल की अगुवाई पहले से ही टेक दिग्गज नंदन नीलेकणि कर रहे हैं? कुल मिलाकर, शिक्षा के मूल्यांकन के मुख्य क्षेत्र से बाहर के हाई-प्रोफाइल लोगों से भरे इस पैनल को देखकर ऐसा लगता है कि यह किसी ठोस प्रशासनिक समाधान की बजाय, विरोध कर रहे छात्रों को शांत करने और कड़ा एक्शन लेने का दिखावा करने की एक कोशिश ज़्यादा है।

राजदार

अपराध: पुलिस को पेट्रोल बम से उड़ाने की धमकी, पालिका सभापति समेत करीब 15 आरोपी गिरफ्तार

अपराधी को छुड़ाने पुलिस से भिड़े परिजन और गुर्गे!

- स्कॉर्पियो और बाइक से पुलिस वाहन का किया पीछा, नगर में निकाला गया जुलूस

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। रासुका की कार्रवाई के तहत जेल भेजे जा रहे आदतन अपराधी टुम्मन उर्फ लल्ला सोनवानी को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ाने का आरोप है। इस दौरान पुलिस और आरोपी के परिजनों व समर्थकों के बीच तनाव की स्थिति पैदा हो गई। आरोपी के परिजनों और उसके साथियों ने पुलिस टीम के साथ गाली-गलौज, झूमाझटकी, मारपीट, रास्ता रोकने और शासकीय कार्य में बाधा डालने का प्रयास किया। मामले में पुलिस ने करीब 15 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

जेल से छूटने के अगले ही दिन रासुका की कार्रवाई: पुलिस के अनुसार, 5 अगस्त 2026 को आबकारी एक्ट के प्रकरण में जेल से छूटने के बाद लल्ला सोनवानी अपने घर पहुंचा था। पुलिस को जानकारी मिली कि उसके विरुद्ध जिला दंडाधिकारी रायपुर द्वारा राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका) के तहत कार्रवाई की जानी है। 6 अगस्त को थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम उसे पकड़ने के लिए सदर रोड स्थित उसके घर की ओर रवाना हुई। पुलिस के अनुसार, रास्ते में लल्ला सोनवानी स्कॉर्पियो से आता दिखाई दिया और पुलिस वाहन को देखकर वाहन पीछे कर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने पीछा कर उसे पकड़ लिया।

चार किमी तक किया पुलिस वाहन का पीछा

पुलिस के अनुसार मुलाहिजे के बाद पुलिस टीम लल्ला सोनवानी को रायपुर जेल दाखिल कराने के लिए रवाना हुई। इसके कुछ समय बाद लल्ला सोनवानी के साथी यश सोना, सागर कुर्रे, गौकरण, दौलत आडिल और खुलेश कुमार रात्रे समेत अन्य लोग स्कॉर्पियो और करीब चार मोटरसाइकिलों से पुलिस वाहन का पीछा करने लगे। आरोप है कि पीछा करने के दौरान फ़िल्मी स्टाइल में पुलिस वाहन के अगल-बगल से बाइक चलाकर उसे डंडों से मारकर रोकने का प्रयास किया गया।

अस्पताल में हंगामा

इसके बाद पुलिस ने लल्ला सोनवानी को पुलिस अभिरक्षा में मुलाहिजे के लिए सीएचसी गोबरा नवापारा ले जाया गया। इसी दौरान उसकी मां, दोनों पत्नियां और कुछ अन्य लोग अस्पताल पहुंच गए। आरोप है कि वहां लल्ला सोनवानी को छुड़ाने के लिए पुलिसकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की का प्रयास किया गया और अश्लील गाली-गलौज की गई।

थाना परिसर में फिर जुटी भीड़

घटना के बाद पुलिस ने तत्काल सख्त कार्रवाई करते हुए नगर पालिका सभापति केकती सोनवानी सहित महिलाओं और युवकों को गिरफ्तार कर लिया।

पेट्रोल बम से जिंदा जलाने और थाना उड़ाने की धमकी का आरोप

प्रधान आरक्षक के शिकायत के अनुसार, आरोपी लल्ला सोनवानी कथित तौर पर मोहल्ले के करीब 100 लोगों को थाने में बुलाकर घेराव कराने, पुलिसकर्मियों को उसकी पत्नी के माध्यम से हरिजन एक्ट और बलात्कार के मामले में फंसाने की धमकी दी। इसके अलावा पुलिस वाहन पर पेट्रोल बम फेंककर पुलिसकर्मियों को जिंदा जलाने, थाना और कलेक्टर-एसपी के बंगले को बम से उड़ाने जैसी धमकियां देने का भी आरोप लगाया गया है।

पुलिसकर्मियों से झूमाझटकी

बताया गया के ग्राम पिपरौद के पहले मुख्य मार्ग पर पुलिस वाहन को रोक लिया गया। इसके बाद लल्ला सोनवानी और उसके साथियों ने कथित तौर पर पुलिसकर्मियों को गालियां देते हुए धमकी दी और झूमाझटकी कर मारपीट की। आरोप है कि बदमाशों ने पुलिस वाहन के दोनों दरवाजे खोलकर पुलिस अभिरक्षा में मौजूद लल्ला सोनवानी को जबरन बाहर निकालकर छुड़ाने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ती देख प्रधान आरक्षक राधेश्याम सिंह ने सीएसपी को मोबाइल से घटना की जानकारी दी। सीएसपी के निर्देश पर पुलिस वाहन को वापस थाना परिसर लाया गया।

नगर में निकाला गया जुलूस

गिरफ्तार आरोपियों का पुलिस ने नगर में जुलूस भी निकाला। इस दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। कार्रवाई के दौरान सीएसपी तुलसी लेकाम, एसडीएम रवि सिंह, अभनपुर थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम, गोबरा नवापारा थाना प्रभारी जितेंद्र दुबे, तहसीलदार चंद्रशेखर मंडाई सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस ने आरोपी यश सोना, सागर कुर्रे, गौकरण, दौलत आडिल, खुलेश कुमार रात्रे, लल्ला सोनवानी और उसकी मां व दो पत्नी एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 126(2), 132, 221, 296, 351(2) और 61 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

कार्रवाई को लेकर नगर में चर्चा, पुलिस की सराहना

नगर में हुई इस कार्रवाई को लेकर दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। बड़ी संख्या में नगरवासियों ने पुलिस की कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने और शासकीय कार्य में बाधा डालने वालों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस की सख्ती जरूरी है। गुरुवार को हुई यह कार्रवाई नगर में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में नगरवासी की भीड़ जुट गई है, जिससे पूरे घटनाक्रम को लेकर लोगों में खासा कौतूहल बना रहा। पुलिस का स्पष्ट कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करने और कानून-व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालों के खिलाफकठोर वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

आधी रात दुकान ध्वस्त करने का मामला
कोर्ट के आदेश की अवहेलना का आरोप

बालोद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय राजमार्ग-930 स्थित गंजपारा, बालोद में वर्षों पुरानी एक दुकान को आधी रात जेसीबी से ध्वस्त किए जाने का मामला अब कानूनी और प्रशासनिक स्तर पर गंभीर चर्चा का विषय बन गया है। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों की अनदेखी करते हुए विधिसम्मत प्रक्रिया अपनाए बिना दुकान को तोड़ दिया गया। साथ ही मामले में अब तक अपेक्षित गति से कार्रवाई नहीं होने पर निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है।

न्यायालय के आदेश का हवाला: पीड़ित पक्ष के अनुसार, माननीय व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ श्रेणी, बालोद द्वारा सिविल वाद क्रमांक ⸝/32/2017 में पारित निर्णय में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि विवादित भूमि का कब्जा केवल विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के तहत ही लिया जा सकता है। निर्णय में यह भी उल्लेख किया गया था कि कब्जा लेने से पहले वर्तमान बाजार मूल्य के अनुरूप उचित क्षतिपूर्ति प्रदान की जाए, क्योंकि न्यायालय ने प्रतिवादी के कब्जे को अवैध नहीं माना था।

तहसीलदार के आदेश का भी दिया हवाला

प्रेस विज्ञप्ति में दावा किया गया है कि तहसीलदार, बालोद के आदेश में भी न्यायालय के निर्देशों के पूर्ण पालन का अभाव दर्ज है तथा विधिसम्मत प्रक्रिया पूरी किए बिना किसी भी प्रकार की कार्रवाई को उचित नहीं माना गया है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उपलब्ध अभिलेख प्रथम दृष्टया यही संकेत देते हैं कि कानूनी प्रक्रिया पूरी किए बिना बलपूर्वक कब्जा लेने का अधिकार किसी को नहीं था।

आधी रात जेसीबी से दुकान तोड़ने का आरोप

पीड़ित परिवार का आरोप है कि 9 जुलाई 2026 की रात करीब 2 से 2:30 बजे के बीच गंजपारा स्थित उनकी दुकान को जेसीबी और अन्य साधनों की मदद से ध्वस्त कर दिया गया। परिवार के अनुसार, यह दुकान वर्ष 1985 से उनकी आजीविका का प्रमुख साधन रही है और इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक एवं मानसिक क्षति हुई है।

वित्तीय साक्षरता लैब में विद्यार्थियों ने सीखे बचत, बैंकिंग और डिजिटल भुगतान के गुर

कांकेर/नवप्रदेश। विद्यार्थियों में वित्तीय जागरूकता बढ़ाने और उन्हें बैंकिंग, बचत, निवेश, बीमा तथा डिजिटल भुगतान की व्यवहारिक जानकारी देने के उद्देश्य से शुक्रवार को जिला वित्तीय साक्षरता लैब, कांकेर में हायर सेकेंडरी विद्यालयों के विद्यार्थियों का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने आधुनिक बैंकिंग प्रणाली और सुरक्षित डिजिटल लेन-देन की बारीकियों को करीब से समझा तथा विशेषज्ञों से अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया। जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर तथा जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में, जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एवं डीएमसी नवनीत पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में हायर सेकेंडरी स्कूल आतुरगांव, सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल पटौद और शहीद रामकुमार यादव कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, कांकेर के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

बस्तर में शहीदों के नाम पर होगा 500 से अधिक स्कूलों, चौराहों और भवनों का नामकरण

‘हर घर तिरंगा’ और ‘तिरंगा यात्रा’ अभियान राष्ट्र निर्माताओं के योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का भव्य माध्यम बनेगा : अरुण साव

- 10 अगस्त को राजधानी के मरीन ड्राइव से तिरंगा यात्रा का होगा शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी का ‘हर घर तिरंगा’ और ‘तिरंगा यात्रा’ अभियान देशभक्ति की लहर जगाने, सामाजिक समरसता को मजबूत करने और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व राष्ट्र निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक भव्य और ऐतिहासिक माध्यम बनेगा। बस्तर के नक्सल प्रभावित दुर्गम क्षेत्रों जहां अब तक राष्ट्रीय ध्वज नहीं फहराया जा सका था, वहां भी इस वर्ष 15 अगस्त को तिरंगा लहराएगा। यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है।

श्री साव ने शुक्रवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत महती पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए प्रदेशभर में आयोजित होने वाले ‘हर घर तिरंगा’ अभियान और ‘तिरंगा यात्रा’ की रूपरेखा साझा की। श्री साव ने कहा कि वर्ष 2022 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ‘हर घर तिरंगा’ अभियान चलाया जा रहा है। इसका मूल उद्देश्य देश की युवा पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति से जोड़ना, संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना, सामाजिक समरसता तथा ‘एक भारत श्रेष्ठ भारत’ की भावना को सुदृढ़ करना है।

इस दौरान प्रदेश की सभी 450 से अधिक भाजपा मण्डल इकाइयों, बड़े गाँवों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों और विकासखण्ड मुख्यालयों में जन-जागरण हेतु तिरंगा यात्राएँ निकाली जाएंगीं। श्री साव ने बताया कि अभियान को सफल बनाने के लिए नगरीय निकायों, जिला पंचायतों और पार्टी पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक संपन्न हो चुकी है, साथ ही रायपुर शहर एवं ग्रामीण जिलों की बैठकें भी आयोजित की जा चुकी हैं। आगामी 10 अगस्त को राजधानी के मरीन ड्राइव से तिरंगा यात्रा का ऐतिहासिक शुभारम्भ सुबह 10 बजे होगा। इस यात्रा में मुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायक, स्कूल-कॉलेज के विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स, पूर्व सैनिक, खिलाड़ी, स्वयंसेवी संस्थाएँ, धर्माचार्य और विभिन्न समाजों के विशिष्ट जन शामिल होंगे। यात्रा को यादगार बनाने के लिए लोग पारंपरिक वेशभूषा, वाद्य यंत्रों, घोड़ों और सवारियों के साथ शामिल होंगे।

नागरिकों से घर, दुकान, संस्थान पर तिरंगा लहराने की अपील

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री साव ने सोशल मीडिया पर ‘डिजिटल तिरंगा’ अभियान की जानकारी देते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे हर घर, दुकान, संस्थान और कार्यालय पर तिरंगा लहराएँ तथा अपनी फोटो व वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड करें। इससे पूरी दुनिया में यह संदेश जाएगा कि भारत अपनी आजादी का पर्व कितने गौरव और उल्लास के साथ मना रहा है! श्री साव ने कहा कि एक लम्बे संघर्ष, त्याग और बलिदान के बाद हमें आजादी मिली है। राष्ट्र निर्माताओं के योगदान के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का इससे बड़ा कोई माध्यम नहीं हो सकता। श्री साव ने प्रदेश के सभी वर्गों, संस्थाओं और नागरिकों से आग्रह किया कि वे ‘हर घर तिरंगा’ अभियान और ‘तिरंगा यात्रा’ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और राष्ट्र व संविधान के प्रति अपना सम्मान प्रकट करें।

बस्तर के ‘कुख्यात’ स्थल अब बनेंगे ‘विख्यात’ : विजय शर्मा

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री विजय शर्मा ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए 15 अगस्त के अवसर पर समूचे बस्तर सम्भाग में आयोजित होने वाली ऐतिहासिक ‘तिरंगा रैली’ और संगठन की कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी दी। श्री शर्मा ने कहा कि देश में राष्ट्रीय पर्वों के आगमन के साथ ही हर नागरिक के मन में देशभक्ति का भाव जागृत होता है और इसी राष्ट्रीयता के भाव को जन-जन तक पहुँचाने के लिए इस बार सम्पूर्ण बस्तर में एक अभूतपूर्व अभियान चलाया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि वर्तमान सरकार के गठन के बाद से सन 2024 से 2026 तक स्वाधीनता दिवस व गणतंत्र दिवस के पाँच आयोजनों में बस्तर के उन दूरस्थ गाँवों में तिरंगा लहराया गया, जहाँ आजादी के बाद से कभी राष्ट्रध्वज नहीं लहराया था। इस वर्ष बीजापुर जिला के 33 गाँवों, सुकमा जिला के 50 गाँवों और नारायणपुर के 9 गाँवों में पहली बार तिरंगा लहराएगा। श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि बस्तर के जो क्षेत्र पूर्व में नक्सली हिंसा और बड़ी घटनाओं के कारण ‘कुख्यात’ हो गए थे, अब उन्हें विकास और राष्ट्रीय धारा से जोड़कर ‘विख्यात’ बनाने का प्रयास किया जा रहा है। पूवर्ती, सिलगेर, दरभा जैसे संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों को इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से आपस में जोड़ा जाएगा। इस अभियान में बाइक रैली और युवाओं की भागीदारी की चर्चा करते हुए श्री शर्मा ने कहा कि भाजपा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ता, आम नागरिक और स्थानीय युवा मिलकर पूरे बस्तर में भव्य बाइक रैली निकालेंगे। इसमें स्थानीय निवासियों के साथ-साथ बस्तर के गौरव और स्वाभिमान से जुड़ने वाले सभी वर्ग के लोग भाग लेंगे।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने भाजयुमो द्वारा शहीदों के परिजनों को सम्मान और तिरंगा भेंट करने के कार्यक्रम की चर्चा करते हुए कहा कि 31 मार्च, 2026 तक बस्तर में चले नक्सल उन्मूलन अभियान व शांति स्थापना के इस पूरे उपक्रम में जिन वीर जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है, उनके घरों पर जाकर युवा मोर्चा व पार्टी कार्यकर्ता तिरंगा भेंट कर रहे हैं और शहीद परिवारों से आत्मीय मुलाकात कर उनका आभार व्यक्त कर रहे हैं। नक्सली हिंसा से प्रभावित परिवारों के घरों तक भी पहुँचने का हमारा कार्यक्रम तय है। श्री शर्मा ने जानकारी दी कि इस 15 अगस्त के अवसर पर बस्तर संभाग में 500 से अधिक स्थानों, जिनमें स्कूल, प्रमुख चौराहे और सामुदायिक भवन शामिल हैं, का नामकरण देश व प्रदेश के अमर शहीदों के नाम पर किया जाएगा। पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश महामंत्री तिरंगा अभियान के प्रदेश प्रभारी यशवंत जैन, प्रदेश महामंत्री डॉ. नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश मंत्री अमित साहू, प्रदेश मीडिया संयोजक हेमंत पाणिग्रही, जिला महामंत्री अमित मैशेरी, प्रदेश मीडिया सह संयोजक गोविन्दा गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी रोहित द्विवेदी मौजूद थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com